आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु रामदास नवमी
* तिलका मांझी जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 27 | उज्जैन, बुधवार 11 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 9 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओके के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी।

### बाबरी ढांचा कयामत के दिन तक नहीं बनेगा : योगी

**बाराबंकी।** कयामत की रात कभी नहीं आएगी, इसलिए बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी संभव नहीं है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वे ऐसे ही सड़-गल जाएंगे। ऐसे लोगों से कहना चाहेंगे कि कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, क्योंकि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। जो कानून तोड़ेगा, वो सीधे जहन्नुम में जाएगा। यह बात सीएम योगी ने मंगलवार को बाराबंकी में कही। उन्होंने कहा- ये डबल इंजन की सरकार है। हम लोगों ने कहा था ना, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। बन गया न मंदिर। कोई संदेह है। जो राम को भूल जाते हैं, इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं। अब उनकी नैया कभी पार नहीं होगी।

### पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की रिलीज डेट का ऐलान



सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी और आमिर खान एक साथ आएंगे नजर

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस ने अपनी अपकमिंग पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म इंडिपेंडेंस डे वीक के दौरान 13 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लाहौर 1947 में पहली बार सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी और प्रोड्यूसर आमिर खान एक साथ नजर आएंगे। आमिर खान ने कहा, यह धरमजी की सबसे पसंदीदा स्क्रिप्ट्स में से एक थी और मुझे बेहद खुशी होती अगर वह यह फिल्म देख पाते। बता दें, लाहौर 1947 में सनी देओल, शबाना आजमी, प्रीति जिंटा और करण देओल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सनी देओल के बेटे करण देओल भी इस फिल्म में एक अहम किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है और गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। निर्देशक राजकुमार संतोषी और सनी देओल की जोड़ी पहले भी घायल, घातक और दामिनी जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है। अब कई सालों के बाद यह जोड़ी फिर से साथ लौट रही है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। 1947 के दौर को जीवंत करने वाली यह फिल्म देशभक्ति और वीरता की एक नई मिसाल पेश कर सकती है। आखिरी बार सनी देओल बॉर्डर 2 में नजर आए थे। वर्ल्डवाइड 440 करोड़ का कलेक्शन कर यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। बॉर्डर के बाद रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब तक 37 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।

### अरुणाचल प्रदेश भूकंप के झटकों से थर्राया

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले में आधी रात धरती अचानक हिल उठी। मंगलवार को 12 बजकर 58 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता 3.1 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक झटके हल्के थे। इस भूकंप से अभी तक नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले में मंगलवार सुबह 12.58 बजे रिक्टर स्केल पर 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि मंगलवार रात आया भूकंप 27.45 लैटिट्यूड और 92.11 लॉंगिट्यूड पर दर्ज किया गया। इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

### जेल में अब्दुल-अरुण में राम मंदिर पर बहस हुई, सोते समय मुंह दबाया

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद की नीमका जेल में अयोध्या राम मंदिर पर हमले की साजिश रचने के आरोपी अब्दुल रहमान की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जेल सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर को लेकर हुई बहस के चलते अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट ने सिर में नुकीला पत्थर मारकर उसकी हत्या की थी। जिस समय हत्या को अंजाम दिया गया, उस समय अब्दुल गहरी नींद में था। नुकीला पत्थर लगने पर वह चिल्लाया तो सिक्योरिटी बैरक में बंद तीसरे कैदी शोएब रियाज की भी आंख खुल गई। तब अरुण, अब्दुल रहमान पर लगातार वार पर वार किए जा रहा था। उसके सिर से खून की धारा फूट रही थी। डर के मारे रियाज ने शोर मचा दिया। इसके बाद घायल रहमान को जेल के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखा रहे 37 नेता हिरासत में, कांग्रेस बोली- यह आवाज दबाने की कोशिश

# शहडोल कलेक्टर ने कांग्रेसियों पर भांजीं लाठियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शहडोल

शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री के काफिले को काले झंडे दिखाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठियां भांज दीं। इस दौरान यूथ कांग्रेस जयसिंहनगर विधानसभा अध्यक्ष शेख साजिद समेत कई नेताओं को चोट आई।

ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह बघेल ने बताया कि कलेक्टर स्वयं अपने वाहन से नीचे उतरे और विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठी चलाना शुरू कर दिया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह आवाज दबाने की कोशिश है और कांग्रेस इस कृत्य के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। सुबह से ही प्रशासन सीएम के दौरे को लेकर अलर्ट पर था। कांग्रेस ने विरोध की कोशिश की थी, तब पुलिस ने नेताओं को सांकेतिक रूप से गिरफ्तार कर थाने में बैठा लिया। लोकार्पण के बाद प्रदर्शन उग्र हो गया। बुढार पुलिस ने कुल 37 कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया; इनमें से अधिकांश को जमानत मिल गई, लेकिन शेख साजिद समेत तीन नेता अब भी पुलिस की गिरफ्त में हैं।



### सीएम ने 142 विकास कार्यों का लोकार्पण किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार दोपहर को शहडोल के धनपुरी नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद द्वारा निर्मित 20 करोड़ रुपए लागत के अत्याधुनिक वाटर पार्क का लोकार्पण किया। पार्क में क्लब हाउस, मिनी ओलंपिक मानक के स्विमिंग पूल और बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन की सुविधाएं शामिल हैं। सीएम ने 767 करोड़ रुपए की लागत के 142 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें नगर पंचायत जैतपुर, मेडिकल कॉलेज में पीजी कक्षाओं की शुरूआत, शहडोल और जैतपुर में कॉलेज भवन, 2300 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना से 122 गांवों को लाभ, बुढार में गीता भवन निर्माण और सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

- **सीएम ने समाज और धर्म से जुड़े संदेश दिए-** इससे पहले कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने माता शबरी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने तपस्या की और उनका फल उन्हें मिला, जब स्वयं भगवान राम उनके पास आए। सीएम ने कहा कि यह समाज में जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ बड़ा संदेश है। उन्होंने किसानों के हित में प्रधानमंत्री के निर्णय का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका से व्यापार संबंधी निर्णय में देरी हुई, लेकिन इससे भारत का सम्मान और आर्थिक ताकत बढ़ी।
- **माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण-** कार्यक्रम में भाजपा विधायक जयसिंह मरावी ने अपनी मांगें रखीं, जबकि शहडोल सांसद हिमाद्रि सिंह ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सीएम उनके क्षेत्र की मांगों को पूरा करेंगे। इसके अलावा, जयसिंहनगर जनपद क्षेत्र के गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

## मथुरा में परिवार के 5 लोगों की लाश मिली

### पति-पत्नी, 3 बच्चे, किचन की दीवार समेत 3 जगह सुसाइड नोट मिले

एजेंसी ▸▸ मथुरा

मथुरा में एक ही कमरे से एक परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला।

इस मामले में पुलिस की 2 थ्योरी सामने आई हैं। पहली- पति-पत्नी और बच्चों ने दूध में जहर मिलाकर पी लिया। दूसरी- पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि घटना का पता उस समय चला, जब सुबह बच्चे दिखाई नहीं दिए। इस पर पड़ोस में रहने वाले मनीष के भाई जयकिशन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से जयकिशन मेन गेट फांदकर अंदर गए। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर सभी मृत पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।





- पुलिस को 2 सुसाइड नोट और एक वीडियो मिला है। पहला रसोई की दीवार पर लिखा था। इसमें कहा गया- मैं मनीष और सीमा अपनी मर्जी से मरे हैं। पुलिस किसी को परेशान न करे। दूसरा नोट कागज पर मिला, उसमें भी यही बातें लिखी हैं। वहीं, सुसाइड से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें मनीष ने दुखों से परेशान होकर जान देने की बात कही है।
- पुलिस तंत्र-मंत्र के एंगल पर भी जांच कर रही है। उस मंदिर के पुजारी को हिरासत में लिया गया है, जहां मनीष अक्सर पूजा करने जाते थे। मनीष खेती करते थे। हाल ही में उन्होंने 19 लाख रुपए का प्लॉट बेचा था। इसमें से 12 लाख रुपए खाते में आ चुके थे। घटना महावन थाना क्षेत्र के खप्परपुर गांव की है।

## कर्ज से परेशान पूर्व पार्षद ने की खुदकुशी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

खंडवा में बीजेपी नेता और ठेकेदार जितेंद्र चौधरी उर्फ जीतू ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृत्यु पूर्व दिए बयान में जीतू ने बताया कि वह आर्थिक दबाव और सूदखोरी के कारण तनाव में थे। उन्होंने कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद गणेश सकरगाये पर सूदखोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जीतू चौधरी साल 2009 में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 48 से कांग्रेस की टिकट पर पार्षद चुने गए थे। कमलनाथ सरकार के तख्तापलट के दौरान वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे।

## लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

### ओम बिराल का संसद में ना जाने का फैसला, 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा होगी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। इस पर न्यूज एजेंसी के मुताबिक ओम बिरला ने फैसला लिया है कि वे प्रस्ताव के गिरने तक संसद तक नहीं जाएंगे।

एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च तक सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी। वहीं, बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद का कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरूआत की। इससे पहले लोकसभा के बाहर बुक कॉन्ट्रोवर्सी पर राहुल गांधी ने कहा कि या तो पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर पेंगुइन। राहुल ने कहा, मुझे विश्वास है कि नरवणे झूठ नहीं बोलेंगे।

## अंडरवियर में छिपाकर लाया 45 लाख का सोना

### दुबई से अहमदाबाद पहुंचे पैसेंजर के पास से 96 लाख रुपए का गोल्ड जब्त

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

कस्टम विभाग ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दुबई के एक शख्स को 96 लाख रुपए के सोने के साथ पकड़ा है। इस शख्स ने अपने अंडरवियर में 45 लाख का सोना छिपा रखा था। जांच के दौरान व्यक्ति के पास से 24 कैरेट शुद्धता की दो पूरी सोने की छड़ें और एक कटी हुई छड़ भी मिली। ये छड़े उनकी अपनी जेब में रखे पर्स में छिपा रखी थीं।

जब्त किए गए 325 ग्राम सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 52 लाख रुपए आंकी गई है। शख्स की संदिग्ध हरकतों के आधार पर कस्टम विभाग ने इस अनोखे तरीके का पदार्फाश किया।



अधिकारियों ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह पता लगाने के लिए आगे की जांच शुरू कर दी गई है कि यह सोना किसे पहुंचाना था और क्या इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। मुंह में 109 ग्राम सोना छिपाकर लाया था पैसेंजर करीब 8 दिन पहले अहमदाबाद एयरपोर्ट से एक पैसेंजर को 108.07 ग्राम सोने के साथ पकड़ा गया था। बैंकॉक से अहमदाबाद पहुंचे इस पैसेंजर ने अपने मुंह में काले टेप में लिपटे चार कैप्सूल आकार में सोने के बिस्किट छिपा रखे थे।

मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद, जिले में कर्फ्यू लागू

## उपद्रवियों ने 25 घर, चार सरकारी क्वार्टर फूंके

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी।

हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11.30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं।



हिंसा की शुरूआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

### लितान में आगजनी के बाद कर्फ्यू

उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं। इलाके में दहशत फैलने के बाद कर्फ्यू लागू किया गया। स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण है, लेकिन भारी सुरक्षा तैनाती के चलते काफी हद तक कंट्रोल में है। तनाव बढ़ने की आशंका के बीच लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के अपने स्तर पर ही घर छोड़ना शुरू कर दिया है।

पूर्व सेना प्रमुख ने पब्लिकेशन की पोस्ट शेयर की, राहुल बोले- कंपनी झूठ बोल रही या नरवणे

## पेंगुइन का दावा-नरवणे की किताब पब्लिश नहीं हुई


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया।

कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है।

इसके जवाब में राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा- या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन कंपनी। वहीं कंपनी के बयान को पूर्व आर्मी चीफ ने एक्स पर रीपोस्ट किया। उन्होंने लिखा- यह है बुक पर स्थिति। दरअसल, कंपनी की सफाई इसलिए आई क्योंकि किताब की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सकुर्लेशन का दावा सामने आया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।

यह कार्रवाई अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज फोरम पर मिली जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें दावा किया गया था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सर्कुलेट हो रही है।




### राहुल ने कहा - मैंने आर्मी चीफ पर विश्वास करना चुना

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के बाहर कहा- एमएम नरवणे ने एक्स पर पोस्ट किया है, हेलो दोस्तों, मेरी किताब अब अवेलेबल है। लिंक फॉलो करें। हैप्पी रीडिंग। या तो एमएम नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन झूठ बोल रहा है। मैंने आर्मी चीफ पर विश्वास करना चुना। उन्होंने आगे कहा कि क्या आप एमएम नरवणे के बजाय पेंगुइन पर विश्वास करेंगे? किताब में कुछ ऐसी बातें हैं जो सरकार के लिए असुविधाजनक हैं।

### कंपनी ने दवाब में पोस्ट डिलीट किया

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि पेंगुइन इंडिया ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है, जाहिर है वे भारी दबाव में हैं। पेंगुइन ने जो उचित समझा वो किया, लेकिन चीफ अभी भी सच्चाई के साथ खड़े हैं। यह किताब 2024 में प्रकाशित हुई थी और अमेजन पर बिक्री के लिए उपलब्ध थी। पवन खेड़ा ने आर्मी चीफ नरवणे का एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिसमें नरवणे ने पेंगुइन इंडिया की पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था- मेरी किताब अब अवेलेबल है। लिंक फॉलो करें।

### बुक की टाइपसेट पीडीएफ कॉपी वायरल

पुलिस के मुताबिक इस किताब के पब्लिकेशन के लिए अभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिली है। पुलिस जांच में सामने आया कि इसी टाइटल वाली किताब की पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध थी। आशंका जताई गई है कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जो कॉपी तैयार की थी, यह वही हो सकती है। इसके अलावा, कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स पर किताब के कवर को इस तरह दिखाया गया, जैसे वह खरीद के लिए उपलब्ध हो।



## महाकाल श्रृंगार



शिव नवरात्रि के 5वें दिनमहाकालेश्वर का मंगलवार को छबीना स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## बेटी को बाजार के दूध से अपच हुआ तो पिता ने देशी नस्ल गिर एवं पूंगनूर की गौशाला बना डाली, साफ्टवेयर कंसलटेंट ने गौशाला को नई सोच के साथ विकसित किया जिसमें कुल 125 देशी गौवंश हैं

# सनावदिया गांव में देशी गिर गाय एवं पूंगनूर नस्ल की अनोखी गौ शाला







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमेरिका में साफ्टवेयर कंसलटेंसी दे रहे इंदौर के इंजीनियर निक्की सुरेका की बेटी को बाजार के दूध से अपच की समस्या हुई और पंच गव्य चिकित्सकों ने उन्हें देशी गाय का दूध उपयोग की सलाह दी तो उन्होंने गिर के साथ पूनूंर नस्ल की गायों की गौशाला ही बना डाली। अब उनकी इस गौशाला का लाभ इंदौर के कई लोग ले रहे हैं। इस गौशाला में कुल 125 देशी गौवंश हैं। इनमें एक नंदी सहित 6 पूनूर नस्ल का गौवंश है।

आंध्रप्रदेश की इस स्वदेशी गौ नस्ल की विशेषताओं से प्रभावित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुंगूनूर को चारा खिलाते व प्यार करने वाली तस्वीर खूब वायरल हुई और काफी लोग इस गाय को अपने घर मे रखने लगे व कार मे घुमाते दिखने लगे हैं। स्वदेशी गाय के प्रति बढते प्रेम से एक संकेत तो मिल ही रहे हैं कि गौमाता को लोग कार मे बैठाकर सम्मान देने से नहीं चूक रहे हैं। इंदौर निवासी साफ्टवेयर कंसलटेंट निक्की सुरेका भी अपनी कारों में इन गायों को घुमाते देखे जा सकते हैं और उनके घर में भी इन गायों का आना-जाना और रहना आम है।

### पूंगनूर की भी तीन किस्म

गौ की जो देशी नस्ल कुछ वर्षों पहले तक विलुप्त होने की कगार पर थीं उनके संरक्षण ने सुखद परिणाम दिए और ये गाय अपनी छोटी कदकाठी के द्वारा बहुत लोकप्रिय हुई। आंध्रप्रदेश के चित्तूर की देशी नस्ल पुंगूनूर नस्ल प्रदेश की औघोगिक राजधानी इंदौर में भी खूब पूछ परख में हैं। इंदौर के देव गुराडिया के पास सनावदिया गांव में ये गौशाला में खूब मजे में रह रही हैं। ये गौशाला ट्रेंचिंग ग्राउंड से मात्र 4 किलोमीटर दूर हैं। श्री सुरेका बताते हैं कि पुंगूनूर गाय पूर्ण वयस्क होने पर भी मात्र ढाई से चार फुट ऊंची ही रहती हैं। इनमें भी तीन नस्ल होती है। इनमें एक नस्ल मात्र पौने तीन झतीन फीट की ही रहती है। दुसरी नस्ल 27-28 इंच की होती है। तीसरी नस्ल 23-24 इंच की होती है। । गाय के बच्चे का औसत वजन 30 से 35 किलोग्राम ही रहता है। व्यस्क गायों का वजन 50-60 किलो से 140 किलो तक होता है। कम वजन व कम ऊंचाई के कारण पुंगूनूर गाय की मांग पूरे देश मे बनी हुई है। 1997 मे जहां इनकी संख्या मात्र 230 थी वह वर्ष 2023 की गणना मे लगभग 13 हजार हो गई। इसके मूल में आंध्रप्रदेश सरकार और स्थानीय किसानों के प्रयास रहे हैं। गाय के संरक्षण पर राज्य शासन ने विशेष ध्यान दिया और परिणाम उत्साहजनक रहे।

### गिर के साथ 5पूंगनूर एवं एक नंदी

वैसे तो इस गौशाला की शुरूआत वर्ष 2016 से ही की जा चुकी है और गिर नस्ल का गौवंश यहां है। तीन माह पूर्व श्री सुरेका ने यहां गौशाला को विकसित किया और अब यहां गिर नस्ल की गायों के साथ पुंगनूर नस्ल का 6 गौ वंश रह रहा है। इनमें एक नंदी हैं। ये गाय प्रतिदिन दोनों समय 1-डेढ लीटर दूध देती हैं। एक कारण यह भी रहा कि इंदौर स्मार्ट सिटी होने से गौवंश बहुत दूर चला गया। शहर में गौवंश देखने में नहीं आता है ऐसे में गायों को रखना भी परेशानी बन रहा है इसके चलते पूंगनूर गायों के प्रति उनका रूझान तेजी से बढा और वे इन्हें इंदौर शहर में अपने निवास तक भी कार से ले जाते हैं।

### दूध में स्वर्ण तत्व का अंश अधिक

पुंगूनूर गाय की प्रकृति बेहद सीधी और दोस्ती वाली है इस कारण ये जल्दी ही अपने मालिक व घर के बच्चों से घुलमिल जाती हैं।इसी विशेषता के कारण पुंगूनूर गाय को लोग अपने घर के अंदर पाल रहे हैं और कार की सीट पर बैठाकर घूमा रहे हैं। आयुर्वेद के जानकारों के अनुसार पूंगनूर गायों के दूध की विशेषताओं के कारण इनकी अपनी विशिष्ट पहचान है। गौ विशेषज्ञों और पशु वैज्ञानिकों के अनुसार इन गायों के दूध मे फेट ( वसा) की मात्रा अच्छी पाई गयी है। पुंगूनूर के दूध मे स्वर्ण के अंश भी होते हैं जो स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।

### गिर गायों का दूध पी रहा पूंगनूर का बछडा

श्री सुरेका बताते हैं कि वे कुछ समय पूर्व ही इन्हें आंध्रप्रदेश से क्रय करके लाए हैं और बहुत कम समय में ही इन गायों ने सभी का दिल जीत लिया। पुंगूनूर गाय बहुत प्रेमी स्वभाव की होती हैं और अपने पालक को बहुत प्यार करती हैं। इनकी कीमत 2 लाख से लेकर 18लाख तक होती है।उन्होंने बताया कि गौशाला में पूंगनूर गाय का सबसे प्यारा बच्चा छोटा नंदी है। ये गौवंश में हिल मिल गया है और गीर गाय का दूध रोज पी रहा है। गीर गाय के थन को चूसता पुंगूनूर बछडा देख सभी आनंदित होते हैं। पूंगनूर गायों के दोस्ताना व्यवहार के कारण शहर के कई परिवारों एवं ग्रामीण क्षेत्र के बहुत से बच्चे व युवा इनके साथ खेलने फार्म पर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस फार्म हाउस गौशाला को निजी आधार पर ही चलाया जा रहा है।

## कंचन के लिए वीरता पुरस्कार की मांग

खुसूर फुसूर

संभाग के नीमच जिला अंतर्गत पिछले सप्ताह अपना जीवन दान कर 20 से अधिक आंगनवाडी के बच्चों को जीवनदान देने वाली कंचन बाई के बलिदान को शासन प्रशासन ने सम्मान देते हुए उनके परिजनों को 4 लाख की सहायता राशि दी थी। इसके साथ ही उनके बच्चों के शिक्षा का दायित्व भी सरकार ने लिया है। उनके अदम्य साहस को देखते हुए समाज में उन्हें वीरता पुरस्कार की मांग उठने लगी है। जावद तहसील के ग्राम रानापुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 'जय माता दी स्व-सहायता समूह' की अध्यक्ष कंचन मेघवाल ने अपने प्राणों की आहुति देकर मानवता की एक बेमिसाल इबारत लिखी है। आंगनवाड़ी के मासूम बच्चों को मधुमक्खियों के जानलेवा हमले से बचाने के लिए उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को न्योछावर कर दिया।

हजारों डंक सहे, पर बच्चों को आंच नहीं आने दी। सामाजिक रूप से उठ रही मांग में कहा जा रहा है कि यह कृत्य केवल कर्तव्य का पालन नहीं, बल्कि अदम्य साहस और शहादत है। उन्होंने अपनी जान देकर 20 घरों के चिरागों को बुझने से बचाया है। वे नन्हें बच्चों की जान बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। शासन झप्रशासन से कंचन बाई को मरणोपरांत 'शहीद' का दर्जा दिया जाने और वीरता के लिए अर्जुन पुरस्कार अथवा समकक्ष राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से नवाजे जाने की मांग बराबर सामने आ रही है। खुसूर-फुसूर है कि महिला के अदम्य साहस से ही 20 घरों के चिराग रौशन हैं ऐसे में शासन, प्रशासन को उनकी पारिवारिक स्थितियों का ध्यान रखते हुए और समाज में मानवीय संवेदनशीलता को बढावा देने के लिए उन्हें 'शहीद' के दर्जा के साथ वीरता पुरूस्कार दिया जाना समाजहित और भविष्य में बढावा देने वाला ही साबित होगा।

# विदाई किसी विश्राम की नहीं बल्कि नई सफल यात्रा की शुरूआत है: शहजाद खान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय प्राथमिक विद्यालय चकरावदा में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में वर्ष भर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चकरावदा में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.आर.सी. सुभाष सुनिया, विशेष अतिथि बी.एस.सी. अमृत केलकर, जनशिक्षक खुशबू पंवार, दिनेश शास्त्री, सचिन बैरागी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी शहजाद खान ने की।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण में शहजाद खान ने कहा कि विदा हो रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विदाई किसी विश्राम की नहीं, बल्कि नई सफल यात्रा की शुरूआत है। मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष सुनिया ने कहा कि घट्टिया जनपद शिक्षा केंद्र से 5वीं, 8वीं में जो भी छात्र प्रथम आएगा, उस छात्र से ध्वजारोहण कराया जावेगा। विशेष अतिथि अमृत केलकर, दिनेश शास्त्री, खुशबू पंवार, सचिन बैरागी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

अतिथियों ने वर्ष भर गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य योगेश शर्मा, उषा शर्मा, अंजय शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पालक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उषा शर्मा ने किया। आभार अजय शर्मा ने माना।

### पुरातत्व धरोहर पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर

# अवैध निर्माण की कोशिश, रहवासियों ने जनसुनवाई में की शिकायत

### मनोहर गहलोत और पार्षद भूरू गहलोत के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, निर्माण सामग्री जप्त करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। गढ़कालिका वन क्षेत्र स्थित शिप्रा तट के निकट सिद्ध क्षेत्र पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर अवैध निर्माण की सुगबुगाहट तेज हो गई है। यह स्थल पुरातत्व विभाग का संरक्षित स्मारक है, इसके बावजूद यहां अवैध रूप से निर्माण सामग्री डाली जा रही है। मंगलवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर गहलोत और क्षेत्रीय पार्षद हेमंत (भूरू) गहलोत के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई।

ज्ञापन में बताया गया कि समाधि स्थल पर पहले से टीन शेड लगा हुआ है, लेकिन अब कुछ लोगों द्वारा वहां भवन निर्माण सामग्री और नए टीन शेड डाल दिए गए हैं। आशंका है कि बिना किसी सक्षम अनुमति के यहां मनमाने ढंग से पक्का निर्माण किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक धरोहर के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ होगी और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी।

### तुरंत काम रोकने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि संरक्षित स्मारक क्षेत्र में हो रहे इस अवैध निर्माण को समय रहते रोका जाए और मौके से सामग्री हटवाई जाए। आवेदन देने वालों में प्रमुख रूप से किशोर कुमार भारती, सुमित बिरथरे, सुमित कालिया, मनोहर, गोपाल, लक्की सिसौदिया और प्रेम शामिल थे।

## 20 दिन में दूसरी बार महाकाल के दरबार पहुंचे सुनील शेट्टी



**उज्जैन।** अभिनेता सुनील शेट्टी ने आज उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने अपने बेटे अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता के लिए बाबा महाकाल का आभार व्यक्त किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी और उप प्रशासक सिम्मी यादव ने अभिनेता का स्वागत एवं सम्मान किया। सुनील शेट्टी इससे पहले 21 जनवरी को अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर आए थे। उस समय उन्होंने परिवार की खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की थी। उन्होंने यह भी बताया था कि अहान की फिल्म ह्यबॉर्डर-2ह्ण देश के जवानों को समर्पित है और इसकी सफलता के लिए उन्होंने बाबा महाकाल से आशीर्वाद मांगा था। फिल्म को मिल रही सफलता के बाद सुनील शेट्टी दोबारा महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वे 20 दिनों के भीतर दोबारा यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि सभी के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है और 'बॉर्डर' फिल्म की अच्छी सफलता के लिए भी आभार व्यक्त करने आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा बाबा के चरणों में माथा टेकने आते रहेंगे और सही काम करते रहें, यही उनकी कामना है।

## उज्जैन में 12 परीक्षा केंद्रों पर जैमर,देवास के 19 केंद्रों पर कलेक्टर की सीधी नजर

**उज्जैन।** उज्जैन। माध्यमिक शिक्षा मंडल की मंगलवार से शुरू हुई हायर सेकेंडरी की परीक्षा के पहले प्रश्न-पत्र अंग्रेजी में संभाग के सात जिलों में एक भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। उज्जैन के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील 12 केंद्रों पर मंडल ने इलेक्ट्रानिक गजेट्स को ब्लाक करने के लिए जैमर का उपयोग किया है। संभाग के देवास जिले के 19 केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरा से कलेक्टर एवं बोर्ड की नजर बनी हुई रही है। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एस के रैनीवाल के अनुसार बोर्ड के निर्णय के अनुसार प्रत्येक जिले में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। इसी के तहत उज्जैन जिले के भी कुल 77 केंद्रों में से 12 पर जैमर लगाकर इलेक्ट्रानिक गजेट्स के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। देवास जिले के 19 केंद्रों पर सीसी टीवी से सीधे कलेक्टर एवं बोर्ड मुख्यालय की नजर बनी हुई है। परीक्षा के प्रारंभिक दिन अंग्रेजी के प्रश्न-पत्र में एक भी प्रकरण संभाग में नहीं बना है।

### महाकाल दर्शन के लिए बाहर से आने वाले...

# श्रद्धालुओं की हो रही रेलवे स्टेशन के बाहर फजीहत

### रेलवे स्टेशन के बाहर सुलभ काम्प्लेक्स पर यात्रियों से पेशाब करने के पैसे वसूले जा रहे





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के बाहर बने सुलभ कंपलेक्स पर यात्रियों से पेशाब करने के 10 रूपए वसूले जा रहे हैं इसकी शिकायत लगातार यात्रियों द्वारा की जा रही है। बाहर के यात्री इस तरह की वसूली से काफी परेशान है।

महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन उज्जैन आने के बाद श्रद्धालुओं को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के बाहर जो सुलभ कंपलेक्स बनाए गए हैं। उन पर यात्रियों से पेशाब करने के भी पैसे लिए जा रहे हैं। जब भी कोई यात्री ट्रेन से उतरने के बाद रेलवे स्टेशन के बाहर आता है और सुलभ कंपलेक्स में पेशाब करने जाता है तो उससे सुलभ कंपलेक्स पर मौजूद लोगों द्वारा पेशाब करने के यात्रियों से 10 रूपए वसूले जा रहे हैं इस तरह की शिकायत लगातार बाहर के यात्रियों द्वारा की जा रही है।

### रसीद भी नहीं दे रहे

सुलभ कांप्लेक्स के बाहर लिखी दरों में पेशाब करने की दर व नाम का भी कोई उल्लेख नहीं है। सिर्फ शौचालय के 10 रुपए व स्नान करने के 20 रूपए लिखे हैं। यात्री अगर सुलभ कांप्लेक्स में पेशाब करने जाता है तो उससे 10 रूपए लेने के बाद उसे कोई रसीद भी नहीं दी जा रही है ।

### निशुल्क मूत्रालय की हालत खस्ता

सुलभ कांप्लेक्स के नजदीक ही पुराना निशुल्क पेशाब घर बना हुआ है। लेकिन उसकी हालत बहुत खराब हो रही है। पेशाब घर के बाहर व अंदर इतनी गंदगी है कि यात्री उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन के बाहर का निरीक्षण कर पूरे मामले की जानकारी निकलवाता हूं। यदि इस तरह की स्थिति सामने आती है तो तत्काल एक्शन लिया जाएगा। साथ ही निशुल्क पेशाब घर की सफाई करवाई जाएगी ताकि यात्री उसका उपयोग कर सके।

### पुणे के यात्री ने ये कहा..



महाराष्ट्र के पुणे से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आए श्रद्धालु राकेश कोहली ने बताया कि वह उज्जैन महाकाल दर्शन करने आए थे। जब वापस घर जाने के लिए उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे इस दौरान वह रेलवे स्टेशन के बाहर बने सुलभ कांप्लेक्स में पेशाब करने पहुंचे जहां उनसे सुलभ कांप्लेक्स पर पेशाब करने के लिए 10 रूपए की मांग की। राकेश ने कहा कि इसके तो कहीं भी पैसे नहीं लगते फिर उनसे पैसे क्यों लिए जा रहे हैं? इस पर सुलभ कांप्लेक्स वाले ने गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ दिया। राकेश का कहना था कि पेशाब करने के पैसे किसी भी सुलभ कांप्लेक्स पर नहीं लगते हैं। लेकिन सुलभ कांप्लेक्स पर बैठे व्यक्ति ने इसका कोई जवाब नहीं दिया।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




## न्यूज ब्रीफ

### डेढ करोड से ज्यादा लागत से सांवेर में विकास कार्यों की सौगात मिली

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा की 110 ग्राम पंचायतों में एक हजार करोड से भी ज्यादा राशि के विकास कार्य हो गए हैं, सांवेर में विकास के पंख लगे है, जिससे सभी वर्गो को लाभ हो रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांवेर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा डेढ करोड की लागत के 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन और आजीविका भवन निर्माण की स्वीकृतियां दी है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

### जनसुनवाई में दिखी संवेदनशील शासन व्यवस्था की मिसाल

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील एवं लोककल्याणकारी शासन व्यवस्था को साकार करने के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोजित जनसुनवाई में आज एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब जनसुनवाई से लाभान्वित एक बालक अपनी दोनों किडनी के सफल इलाज के बाद आभार व्यक्त करने कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। बालक अपने पिता के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हुआ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जनहितकारी व्यवस्थाओं तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की संवेदनशीलता के प्रति आभार व्यक्त किया। बालक के पिता रफीक शाह ने बताया कि उनके पुत्र तैयब की दोनों किडनी खराब हो गई थीं। इलाज के लिए समुचित चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अस्पताल में उसकी बीमारी की जांच, इलाज से लेकर खान-पान तक हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई। महंगे से महंगे इंजेक्शन भी लगवाए गए। इलाज से संबंधित यह पूरा खर्च रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से वहन किया गया। बालक तैयब ने अपनी बचत राशि से कलेक्टर शिवम वर्मा के लिए बिस्कुट का पैकेट खरीदा और आज जनसुनवाई में उन्हें भेंट कर आभार व्यक्त किया।

### 626 करोड़ से अधिक राशि का अवार्ड पारित

**इंदौर।** इंदौर- उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों के कुल 20 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसके बदले प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।मुआवजा राशि निर्धारण में किसानो को उचित मुआवजा देने हेतु बिक्री छाँट की प्रक्रिया अपनाई गई ताकि किसानो को अधिकतम मुआवजा प्रदान किया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले कुल 626 करोड़ 49 लाख 76 हजार 436 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। वहीं इस परियोजना से जुड़े कुल 662 प्रभावित खातेदार/परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। निर्धारित मुआवजा के वितरण का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है । परियोजना के तहत हातोद और सांवेर तहसील के 20 गांव शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोडिया, जंबूड़ी सरवर, जिन्दाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबी खेड़ी, पिपलिया कायस्थ, हरियाखेड़ी, खतेडिया, रंगकराडिया, कछालिया, बलघारा, पोटलोद, टुमनी, मगरखेड़ी, चित्तौड़ा, बालरिया और रालामंडल गांव शामिल है। भूमि अधिग्रहण के बदले दी जा रही मुआवजा राशि से प्रभावित किसानों और परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। साथ ही यह परियोजना क्षेत्र के विकास, परिवहन सुविधा और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह सड़क धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने विशेषकर सिंहस्थ के लिए भी मददगार होगी।

### एयर गन दिखाकर लूटा था 52 हजार से भरा बैग

# कई दिनों तक की थी रैकी, 5 दिन बाद पकड़ाये बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

फाइनेंस एजेंट के साथ हुई लूट की वारदात में शामिल तीन बदमाशों के साथ साजिश करता पुलिस की हिरासत में आ गया है। लूट की वारदात से पहले कई माह तक रैकी की गई थी। कैमरो के फुटेज देख पुलिस बदनावर तक पहुंची थी।



4 फरवरी की सुबह 11 बजे खाचरोद थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया खेमा और बाछाखेड़ी मार्ग पर निजी फाइनेंस कंपनी के एजेंट राहुल मेवाड़ा को बाइक सवार तीन बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका था और पिस्टल जैसा हथियार दिखाकर मारपीट करते हुए बैग छीन लिया था। जिसमें 52 हजार रुपये नगद और लैपटॉप रखा हुआ था। लूट की वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बदमाशों का सुराग तलाशने के लिए एसआई, अमित डामर, सुधीर शर्मा, प्रधान आरक्षक सोमसिंह, यशपाल सिंह सिसोदिया, आरक्षक कृष्णा बैरागी योगेन्द्र चौहान, जितेन्द्र सिंह सेंगर, सुरेश डांगी, मुकेश गोयल, संजय सिंह राणावत, चालक गुलाब सिंह डामोर की टीम गठित की ओर सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने के साथ बदमाशों के भागने का रूट ट्रेस किया।

### बदमाश बाइक से भागते दिखाई दिए थे

बदमाश बाइक से भागते दिखाई दिए थे और बदनावर की ओर गए थे। इसी आधार पर पांच दिनों की तलाश के बाद सोमवार को पुलिस ने लूट में शामिल तीन बदमाश मोईन पिता इमरान 19 साल निवासी अर्जुन कालोनी माण्डु नाका हाल मुकाम ग्राम सामर थाना सादलपुर जिला धार, साहिल पिता शहजाद 19 साल सादलपुर और अतुल पिला सुर्यामणी याद?व 22 साल निवासी धानुवाद तालाब नाला सुपारा ईस्ट पाल घर मुंबई हाल मुकाम निवासी ग्राम सामर थाना सादलपुर जिला धार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में तीनों ने अपने चौथा साथी अरमान पिता रोशन खान 21 साल निवासी ग्राम खामरिया थाना खाचरोद को सोमवार रात हिरासत में लिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया गया। चारों बदमाशों की निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, धमकाने के लिए उपयोग की गई एयर गन, लैपटॉप और 25 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।

लूट के बाद 52 हजार की राशि चारों ने आपस में बांट ली थी, जिसमें से 27 हजार रुपए उन्होंने मौज मस्ती में खर्च कर दिए। जिसकी बारामदगी के प्रयास किया जा रहे हैं।

### अरमान के चाचा ने लिया था लोन

पुलिस खुलासे में सामने आया कि लूट की साजिश अरमान ने रची थी, उसके चाचा ने फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था, प्रति मंगलवार कंपनी का एजेंट गांव में राशि का कलेक्शन करने आता था, अरमान को पूरी जानकारी थी कि गांव से कितना कलेक्शन होता है, जिसके चलते उसने अपने रिश्तेदारों और दोस्त के साथ मिलकर पहले कई दिनों तक रैकी और वारदात वाले दिन पूरी नजर रखकर अपने साथियों को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। अरमान खुद वारदात में शामिल नहीं हुआ था उसने अपने साथियों को एजेंट के आने-जाने का रास्ता बताया था।

**चारों का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला-** खाचरोद थाना पुलिस के अनुसार लूट में शामिल चारों बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड होना सामने नहीं आया है, वारदात में शामिल अतुल दूध से बना मावा बेचने का काम करता है, वही मोईन, अरमान और साहिल खेतों में मजदूरी करते हैं। वारदात को सूने स्थान पर अंजाम दिया गया था, लेकिन भागते समय उनके चेहरे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गए थे, पुलिस ने उनका सुराग तलाशने के लिए करीब 100 से अधिक स्थानों पर लगे कैमरे देखे थे।

### 57 कांसे (ब्रॉन्ज) और 42 बनेंगी स्टोन से

# महाकाल महालोक में बदलेंगी 99 प्रतिमाएं

### सिंहस्थ से पहले 57 करोड़ में होगा मूर्तियों का निर्माण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन श्री महाकाल महालोक में सिंहस्थ से पहले नई प्रतिमाएं लगने जा रही हैं। इसका जिम्मा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को मिला है। अब यहां कांसे (ब्रॉन्ज) और पत्थर (स्टोन) की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी, जिसके लिए विभाग ने मूर्तिकारों की खोज शुरू कर दी है। नई प्रतिमाओं के निर्माण के बाद इन पर स्थायी कोटिंग लगाई जाएगी, जिससे कि ये हमेशा सुरक्षित रहेंगी और इन्हें कोई नुकसान भी नहीं होगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में बाबा महाकाल के प्रांगण में श्री महाकाल महालोक का लोकार्पण किया था। इसके बाद 2023 में आंधी-तूफान में सप्तऋषि की कई मूर्तियां टूट गई थीं। इससे सबक लेकर अब श्री महाकाल महालोक की 99 मूर्तियों को बदला जा रहा है। लगभग 57 करोड़ के टेंडर हुए हैं। सिंहस्थ से पहले ये काम पूरा कर लिया जाएगा। नई मूर्तियों का निर्माण कांसे और पत्थर से होगा, जिससे ये इतनी मजबूत हो जाएंगी कि इन्हें हजारों साल तक आंधी-तूफान और पानी से सुरक्षित रखा जा सकेगा। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों के मुताबिक 99 मूर्तियों में से 57 कांसे की और 42 मूर्तियां पत्थर से तैयार की जाएंगी। 20 फीट से छोटी सभी मूर्तियां पत्थर से बनेंगी और 20 फीट से बड़ी मूर्तियों का निर्माण कांसे से होगा। स्थायी कोटिंग से मूर्तियों के अंदर की धातु हमेशा सुरक्षित रहेगी

### भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, त्रिपुण्ड से श्रृंगार

श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार तड़के चार बजे भस्म आरती के लिए मंदिर के कपाट खोले गए। सबसे पहले भगवान महाकाल का हरिओम जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से विधिवत पूजन किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल और त्रिपुंड के साथ ड्रायफ्रूट से राजा स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया।

### कलेक्टर और नगर निगम

# आयुक्त ने पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह,नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट द्वारा सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आवेदन भरकर बीमा योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत सभी हितग्राहियों से उक्त योजनाओं का आवेदन भरकर लाभ लेने की अपील की।प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाप्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा समर्थित एक सस्ती जीवन बीमा योजना है, जो 18-50 वर्ष के बैंक खाताधारकों को किसी भी कारण से मृत्यु होने पर ?2 लाख का कवर प्रदान करती है। ?436 का वार्षिक प्रीमियम (जून-मई चक्र) स्वतः बैंक खाते से कट जाता है। यह एक शुद्ध टर्म इंश्योरेंस है, जिसके लिए किसी मेडिकल जांच की आवश्यकता नहीं होती।प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की मुख्य विशेषताएं बीमा कवरः किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2,00,000 ।पात्रताः 18 से 50 वर्ष की आयु के बैंक/डाकघर खाताधारक। प्रीमियमः 436 प्रति वर्ष (31 मई तक नवीनीकरण)। पॉलिसी अवधिः 1 जून से 31 मई (एक वर्ष के लिए रिन्यूएबल)।

# बिजली कंपनियों पर 49 हजार करोड़ कर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने भले ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में पहली बार मुनाफा कमाया हो, लेकिन मध्य प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियां अब भी भारी कर्ज के बोझ तले दबी हुई हैं। केंद्र सरकार के अनुसार मध्य प्रदेश की डिस्कॉम पर 31 मार्च 2025 तक 49,239 करोड़ रुपए का कर्ज है, जबकि राज्य में 71,394 करोड़ रुपए का संचयी घाटा दर्ज किया गया है। यह जानकारी बिजली राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। केंद्र सरकार ने बताया कि जिन छह राज्यों की डिस्कॉम देनदारी को नियामक द्वारा अस्थिर माना गया है, उनमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। छह राज्यों (उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु) पर देश के कुल डिस्कॉम कर्ज का 66 प्रतिशत हिस्सा है। इन राज्यों की कुल अस्थिर देनदारी करीब 2.74 ट्रिलियन रुप, बताई गई है। राष्ट्रीय स्तर पर डिस्कॉम ने वर्ष 2025 में 2,701 करोड़ रुपए का कर पश्चात मुनाफा दर्ज किया है, लेकिन मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में पुराने घाटे और कर्ज की भरपाई अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। केंद्र सरकार ने बताया कि डिस्कॉम की वित्तीय हालत सुधारने के लिए संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (फ्लर) लागू की गई है, जिसमें फंडिंग को राज्यों के प्रदर्शन से जोड़ा गया है। साथ ही राज्यों को ऋउद्ध के 0.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त उधारी की अनुमति भी दी गई है, बशर्ते बिजली क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार किए जाएं। सरकार का कहना है कि तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी आई है, लेकिन मध्य प्रदेश में बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय सेहत सुधारने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

# सोयाबीन के भाव 200 रुपए गिरे, प्लांट ने खरीदी ऑफर में कमी की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोयाबीन के भाव में सोमवार को सीधी 200 रुपए की गिरावट आ गई। प्लांट ने 5750 वाले ऑफर सोमवार को दोपहर में 5400 से 5425 में बदल दिए। देखा जाए तो उज्जैन मंडी का नीलाम 11 बजे शुरू हुआ तो मंडी 100 रुपए घटकर बिकी। प्लांट ने भाव 12 बजे बाद खोले। ऐसे में खरीदार को 100 का अतिरिक्त नुकसान भी लग गया। सोमवार को दिनभर सोयाबीन व्यापारियों में भाव को लेकर मंथन चलता रहा। इसे पशु आहार के आयात को जोड़कर भी देखा गया। सोया खली का निर्यात जीरो होने पर भी घबराहट में भाव का स्तर नीचे आ गया।



मंडी नीलाम में 5600 से 6060 रुपए के भाव रहे। डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का सोयाबीन किसानों ने नीलाम में बेचा। इसके खरीदार 100% प्लांट वाले ही रहे। मोटर बिल्टी का व्यापार करने वाले तो लंबे समय से अपने भाव पर सोयाबीन नहीं खरीद पा रहे है।

इधर स्टॉक वाले करीब 60% महंगे भाव पर सोयाबीन बेचकर 700 रुपए क्विंटल से अधिक का लाभ पहले ही ले चुके हैं। 40% तो 6000 और 7000 रुपए की संभावना में होल्ड कर गए। अब जो भाव चल रहे हैं वह नुकसान वाले ही बने रहे। सोयाबीन कारोबारी के अनुसार 200 से 250 रुपए की गिरावट आई तो अब 50 रुपए का सुधार भी आ सकता है। कम भाव का व्यापार करने वाले तो भाव 5000 से भी कम बताने लगे है। इधर सोयाबीन भावांतर में बेचने वालों को कोई नुकसान भी नहीं हो रहा। होल्ड करने वाले ही तादाद कम रहने से किसानों में हाहाकार की स्थिति नहीं है।

# दो मामलों ने बढ़ाई चिंता, पुलिस की कार्रवाई

### कोचिंग टीचर और पुजारी पर एफआईआर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में महिलाओं और नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र का है, जहां कोचिंग टीचर पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप है, जबकि दूसरा मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र में पूजा के बहाने महिला से आपत्तिजनक हरकत करने का है। अन्नपूर्णा पुलिस ने डेली कॉलेज में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा की शिकायत पर केटेलाईजर कोचिंग संस्थान के टीचर आदेश जोशी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह कोचिंग गई थी। कुछ कागजात न होने के कारण उसने बैग कोचिंग में रखकर नीचे चली गई। इसी दौरान टीचर आदेश जोशी ने इशारे से बुलाकर पास बैठने को कहा। बाद में वह पैसेज एरिया में चले गए और वहां बुलाकर छात्रा से किस करने की बात कही। आरोप है कि उन्होंने छात्रा का हाथ पकड़कर उसे केबिन में ले जाकर जबरन अपनी ओर खींचने की कोशिश की।

**पूजा के बहाने महिला से छेड़छाड़-** दूसरा मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके परिचित पुजारी सुनील केसरे, निवासी देवास, के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि उसने नए मकान में पूजा कराने के लिए सुनील को बुलाया था। पूजा के दौरान पीछे के कमरे में वह अपनी बेटी के साथ बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान सुनील ने महिला के सीने और गाल पर गलत तरीके से हाथ लगाना शुरू कर दिया।

# रोजगार और स्वादः नानाखेड़ा में तैयार नैवेद्य लोक

### उज्जैन को जल्द मिलेगा इंदौर के छप्पन जैसा फूड हब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहरवासियों और देशभर से आने वाले पर्यटकों को जल्द ही एक नई सौगात मिलने जा रही है। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 मॉल के समीप बड़े फूड जोन ह्यनैवेद्य लोकह्न का निर्माण अंतिम चरण में है। यह फूड जोन इंदौर के प्रसिद्ध ह्यछप्पन दुकानह्न की तर्ज पर विकसित किया गया है, जहां कुल 34 दुकानें होंगी।




फिलहाल प्रोजेक्ट में लाइटिंग सहित अन्य छोटे-मोटे कार्यों को अंतिम फिनिशिंग टच दिया जा रहा है, ताकि जल्द इसका उद्घाटन किया जा सके। करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया यह उज्जैन का पहला संगठित फूड जोन होगा। इसके शुरू होते ही शहरवासियों के साथ-साथ भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और शुद्ध व्यंजन उपलब्ध हो सकेंगे। नैवेद्य लोक को नो-व्हीकल जोन के रूप में विकसित किया गया है, जहां वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आसपास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बच्चों और महिलाओं के बैठने के लिए विशेष स्थान के साथ ओपन स्पेस भी विकसित किया गया है। यहां रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### विविध प्रकार के खान-पान की सुविधा मिलेगी

सुरक्षा के लिहाज से पूरे फूड जोन में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और स्पीकर सिस्टम भी स्थापित किया गया है। दुकानों के नंबर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखे गए हैं, ताकि सभी को आसानी हो। यहां मिलने वाले शुद्ध और सात्विक व्यंजन उज्जैन की धार्मिक और सांस्कृतिक छवि को और मजबूत करेंगे। नानाखेड़ा क्षेत्र अब पूरी तरह व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो चुका है और फूड जोन के निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को एक ही जगह विविध प्रकार के खान-पान की सुविधा मिलेगी।

यूडीए के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट कार्यपालन यंत्री कुलदीप रघुवंशी और सब इंजीनियर सुनील नागर की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां बनी दुकानों को पांच अलग-अलग कैटेगरी में डिजाइन किया गया है। कुछ दुकानें 8.14 फीट, कुछ 7.7 फीट, जबकि दो दुकानें बड़ी हैं। जल्द ही नैवेद्य लोक को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

# 1 अप्रैल से शुरू होंगी पीजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर कोर्सेज के लिए परीक्षा की तैयारी कर ली है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमकॉम, एमएससी और एमबीए सहित डेढ़ दर्जन से ज्यादा कोर्सेज का टाइम टेबल जारी कर दिया है। चौथे सेमेस्टर की ये परीक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू होंगी और महज 20 दिनों के भीतर संपन्न करा ली जाएंगी।

उच्च शिक्षा विभाग के एकेडमिक कैलेंडर को पटरी पर लाने के लिए विश्वविद्यालय ने इस बार रिजल्ट की डेडलाइन भी तय कर दी है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी के मुताबिक, पेपर खत्म होते ही कॉपियों की जांच शुरू कर दी जाएगी। अप्रैल के तीसरे हफ्ते से मूल्यांकन कार्य शुरू होगा, जिसे 45 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है। कोशिश यही है कि मई के अंत तक चौथे सेमेस्टर के नतीजे घोषित कर दिए जाएं, ताकि 30 जून तक सभी कोर्सेज का सत्र पूरा हो सके। विश्वविद्यालय इस बार एमबीए (दूसरे और चौथे सेमेस्टर) के मूल्यांकन में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब शिक्षकों को कॉपियां मैन्युअली नहीं बल्कि ऑनलाइन जांचनी होंगी। छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर सॉफ्टवेयर के जरिए मूल्यांकनकताओं को भेजा जाएगा। मूल्यांकन के साथ ही अंक पोर्टल पर अपलोड हो जाएंगे, जिससे रिजल्ट बनाने में देरी नहीं होगी। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो इसे अन्य पारंपरिक कोर्सेज में भी लागू किया जा सकता है।

### 10 मार्च तक तय होंगे सेंटर, नियुक्त होंगे आब्जर्वर

इस परीक्षा में करीब 27 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण 10 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रखने के लिए आब्जर्वर भी नियुक्त किए जाएंगे ताकि नकल पर पूरी तरह लगाम कसी जा सके।

न्यूज-कॉलम



## शासकीय महाविद्यालय जोबट में लर्नर लाइसेंस शिविर का किया आयोजन

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन तथा आरटीओ श्रीमती कृतिका मोहटा के मार्गदर्शन में आज संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जोबट परिसर में लर्नर लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। संकल्प से समाधान अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करना है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर में संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिसके अंतर्गत कुल 85 विद्यार्थियों के लर्नर लाइसेंस सफलतापूर्वक बनाए गए। परिवहन विभाग की टीम द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन पूर्ण कराए गए। इस अवसर पर संस्था का स्टाफ एवं परिवहन विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## सेजावाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों के आवंटन हेतु आमंत्रित किए ईओआई

**आलीराजपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आलीराजपुर द्वारा जानकारी दी गई कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आलीराजपुर जिले के चन्द्रशेखर आजाद नगर तहसील स्थित सेजावाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रिक्त औद्योगिक भूखंड क्रमांक 6, 10, 11 एवं 12 के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।ईओआई प्रक्रिया 1 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 15 फरवरी 2026 को अपराह्न 5 बजे तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन संपादित की जाएगी। प्रत्येक भूखंड के लिए पांच हजार आवेदन शुल्क एवं प्रचलित प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन एमपी एमएसएमई औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन नियम 2025 के तहत किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत दरियापुर में दुकान नीलामी में भ्रष्टाचार के आरोप

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले की ग्राम पंचायत दरियापुर में दुकान नीलामी में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां पंचायत ने दुकानों की नीलामी तो की, लेकिन आज दिनांक तक बोली लगाने वाले ने पंचायत में राशि जमा नहीं करवाई। ग्राम के युवक चंद्रकांत पानपाटील ने जन सुनवाई में कलेक्टर से मामले की शिकायत की है। चंद्रकांत पानपाटील ने अपनी शिकायत में कहा है कि दिनांक 15.10.2025 को ग्राम पंचायत द्वारा कुल 6 दुकानों की नीलामी हुई थी। जिसकी राशि जमा करने के लिए समय सीमा 15 दिवस की राखी गई थी। परंतु आज 3 महीने बाद भी दुकान नीलामी की राशि जमा नहीं हुए है। पंचायत की शर्तों के अनुसार अगर 15 दिन के भीतर पूरी राशि जमा नहीं कि तो 2 या 3 नंबर वाले बोलिकर्ता को अवसर दिया जाएगा परंतु 3 महीने बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। चंद्रकांत पानपाटील ने आरोप लगाया है कि सरपंच सचिव की मिलीभगत होने की संभावनाएं है। कुल जमा राशि एक करोड़ 6 लाख 23 हजार रुपए है लेकिन जमा हुई राशि 72 लाख 31 हजार रुपये है और पासबुक में जमा राति 47 लाख 3 हजार 621 मात्र है।

## संगठन की दृष्टि से अंबाराम कराडा बने खंडवा जिला संगठन प्रभारी

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बाराम कराड़ा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संगठनात्मक निमाड़ संभाग अंतर्गत खण्डवा जिले का संगठन प्रभारी नियुक्त किया हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले के संगठन को और ज्यादा मजबूती मिले इस हेतु जहां पार्टी संगठन ने निमाड़ संभाग घोषित कर सुरेंद्र शर्मा को संभाग प्रभारी नियुक्त किया, वही खंडवा जिले के संगठन प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शाजापुर के पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद स्वर्गीय नंदू भैया के चुनाव के प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कोठारी के कार्यकाल में प्रभारी रहे अम्बाराम कराडा जी को संगठन की दृष्टि से जिला संगठन प्रभारी नियुक्त किया है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संगठन के आपके अनुभव, समर्पण और संगठन कौशल से खण्डवा जिले में पार्टी और अधिक सुदृढ़ होगी। हर्ष का विषय है कि खंडवा के पूर्व महापौर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कोठारी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने धार जिले का संगठन प्रभारी नियुक्त किया है।

## नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन कराये जाने हेतु पोर्टल प्रारंभ

**बड़वानी ।** एमपी टॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति, जनजाति पोष्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति महाविद्यालय एवं आवास सहायता योजनान्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन कराये जाने हेतु पोर्टल प्रारंभ है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति ( महाविद्यालयीन) एवं आवास सहायता योजनान्तर्गत शैक्षणिक एमपीटास पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करें।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**बड़वानी।** राजपुर विधानसभा क्षेत्र के ठीकरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत पटेल उपस्थित रहे। सम्मेलन में अनेक पात्र जोड़ों का विवाह सामाजिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। शासन की ओर से नवविवाहित जोड़ों को निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की गई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत पटेल ने नवदम्पतियों को सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए एक सशक्त, संवेदनशील एवं सराहनीय पहल है, जिससे बेटियों के विवाह को सामाजिक सम्मान एवं आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**कृषि भूमि पर बांसरोपण हेतु अनुदान योजना**

**बड़वानी ।** राष्ट्रीय बांस मिशन (2025) कृषि भूमि पर बांस के वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए है।इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति पौधा 150 का अनुदान दिया जाएगा।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

## 33 आवेदकों की समस्याएं सुनी गई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जन समस्याओं की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की भांति आज भी कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज की जनसुनवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री तपीस पांडे द्वारा की गई। जनसुनवाई में कुल 33 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। जनसुनवाई कर रहे एसडीएम ने सभी आवेदकों की समस्याएं को एक-एक कर ध्यानपूर्वक सुना तथा संबधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री प्रेम ब्रजवासी पिता गोविंद ब्रजवासी निवासी वार्ड क्रमांक 03, पंचेश्वर मार्ग, आलीराजपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से वे वाहन सीट कुशन की दुकान संचालित कर रहे थे, जिसे नगर पालिका द्वारा सात माह पूर्व अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान हटा दिया गया। दुकान हटने के बाद से वे बेरोजगार हैं और परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे किराये के मकान में रह रहे हैं तथा दुकान न होने के कारण किराया भी चुकाने में असमर्थ हैं। आवेदक ने आम मंडी के बाहर दुकान लगाने की अनुमति देने का अनुरोध किया, साथ ही उनके पास प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। इस प्रकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार एक अन्य आवेदक रविना पति रेमसिंह जाति भीलाला निवासी ग्राम कुहा, तहसील कट्ठीवाड़ा ने आवेदन देकर बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त 11 सितंबर 2023, दूसरी किस्त 11 दिसंबर 2023 तथा तीसरी किस्त 10 जनवरी 2024 को प्राप्त हुई थी, लेकिन इसके पश्चात अब तक कोई राशि नहीं मिली है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में भवन पर अवैध कब्जा, बैंक ऋण, भूमि विवाद, अतिक्रमण, बंटवारा, सीमांकन, जर्जर मकान हटवाने सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचकोशी पदयात्रा परिक्रमावासियों का नगर में स्वागत किया

**मंडलेश्वर।**मां आशापुरी पार्वती माता (जामगेट) की पावन प्रेरणा से आयोजित पंचकोशी पदयात्रा का आयोजन इस वर्ष लगातार द्वितीय वर्ष सफलतापूर्वक किया गया। यह पंचकोशी पदयात्रा दिनांक 6 फरवरी से 10 फरवरी तक भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। पंचकोशी पदयात्रा का शुभारंभ प्रथम दिवस विधिविधान से मां आशापुरी माताजी के पूजन, ध्वज पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुजन च्चजय माता दीज्ञ के जयघोष के साथ पदयात्रा पर निकले।यह पावन पदयात्रा ग्राम आशापुर से प्रारंभ होकर समसपुर, बडवेल, बबलई, चोली होते हुए मंडलेश्वर पहुंची। संपूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जगह-जगह ग्रामवासियों द्वारा यात्रियों का पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया।मंडलेश्वर पहुंचने पर पंचकोशी परिक्रमावासियों के लिए तंवर समाज धर्मशाला में भव्य भोजन भंडारा एवं प्रसादी सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में राजेश चौहान, प्रवीण वर्मा, तेजस चौहान, रोहित चौहान, जय चौहान, यश सिटोले एवं उनके साथियों का विशेष योगदान रहा। सभी श्रद्धालुओं ने सेवा भाव की खुले मन से सराहना की।पंचकोशी पदयात्रा के दौरान एकता और भक्तिभाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना, समाज में आपसी सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देना है।

# भाजपा महिला मोर्चा द्वारा केंद्रीय बजट एवं जीबी जी राम जी योजना पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा भाजपा महिला मोर्चा के सहयोग से स्वर्गीय परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में बजट पर चर्चा एवं वीबी-जी-राम-जी विषय पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए सुयश माहेश्वरी एवं अधिवक्ता प्रकाश लाड़ (कर सलाहकार) ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बजट में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की नीव रखी गयी है। वही सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को केंद्र में रखते हुए कई नई घोषणाएँ की हैं। हर जिले में १ गर्ल्स हॉस्टल बनाने के लिए विशेष निधि आवंटित की गई है, जिससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शे-सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर मार्ट योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को देशभर के बड़े बाजारों तक पहुँचाने का ढांचा तैयार किया जाएगा। महिला उद्यमिता फंड और एसएचजी को सस्ते ऋण देने की स्कीमों में बढ़ोतरी भी इस बजट की महत्वपूर्ण घोषणा रही।

भाजपा जिला महामंत्री ईश्वर चौहान ने केन्द्रिय बजट पर विस्तार पुर्वक जानकारी देते हुए इसे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करने वाला करार दिया। उन्होंने वीबी-जी-राम-जी बिल को लेकर बताया कि इस बिल के क्रियान्वयन होने से अब ग्रामीण भारत को मजबुती तो मिलेगी ही ,साथ ही ग्रामीण जनजीवन पर इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

## आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के द्वारा सर्व निधन सभी प्रकार की बीमारियों की जांच हेतु शिविर लगाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टाण्डा



मंगलवार को जनजाति विकास मंच के माध्यम से नरवाली रोड स्थित उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के द्वारा सर्व निधन सभी प्रकार की बीमारियों की जांच हेतु शिविर लगाया गया। नरवाली क्षेत्र के आसपास 10-15 गांव से लगभग 140 मरीजों की जांच की गई एवं कुछ मरीजों को बड़ी समस्या या बड़ी बीमारी होने पर मेडिकल कॉलेज की टीम के द्वारा उनको साथ ले जाकर डॉक्टर कैलाश शर्मा व उनकी टीम के द्वारा निशुल्क सेवा भाव से जांच तथा इलाज किया गया। शिविर में योग निंब के गुरुजी हनुमान दास जी उज्जैन तथा प्रतिभा दीदी का सहज आगमन हुआ। जिनका भी शिविर में पधारे रोगियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु सन्देश प्राप्त हुआ। शिविर में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री गुरुजी ने कहा कि आरडी गार्डी कॉलेज व जनजाति विकास मंच ऐसे शिविरों का आयोजन कर समाज के क्षेत्र में बहुत उन्नत कार्य कर रहे है।उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।कार्यक्रम में जनजाति विकास मंच के धार जिलाध्यक्ष अरविंद डावर,सुंदर चौहान नरवाली सरपंच सोहन ,काकडवा सी एच ओ किरण भाटिया , बबलू आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे। डॉक्टर कैलाश शर्मा ने बताया कि इस तरह के शिविरों का आयोजन आगे भी इसी तरह किया जाएगा।

## बड़वानी जिले में कक्षा 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न; 8083 छात्र हुए शामिल

**बड़वानी ।** जिला बड़वानी में मंगलवार से प्रारंभ हुई बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 12वीं (हायर सेकेंडरी) का अंग्रेजी विषय का पेपर जिले के 45 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार, परीक्षा के लिए कुल 8,408 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 8,083 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 325 छात्र अनुपस्थित पाए गए। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहे तथा तलाशी (चेकिंग) की व्यवस्था लागू की गई। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधे घंटे पूर्व तक प्रवेश की अनुमति दी गई। बड़वानी जिले में परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और अनुशासित रही, जिसके चलते सामूहिक या व्यक्तिगत नकल का एक भी प्रकरण (निरंक) दर्ज नहीं किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे आगामी दिनों में समय का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं से भयमुक्त शिक्षा की ओर एक सशक्त कदम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, आशापुर द्वारा विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति भय को समाप्त करने एवं आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से एक सराहनीय नवाचार किया गया। इसी क्रम में विद्यालय को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के अंतर्गत पंजीकृत किया गया।

इस नवाचार के तहत ओलिंपियाड परीक्षा के प्रथम स्तर की परीक्षा ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, आशापुर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जबकि *द्वितीय स्तर की परीक्षा दिनांक ८ फरवरी 2026 को मैक्रो विजन अकादमी, बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) में संपन्न हुई।

गौरव की बात यह रही कि ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने लेवल-2 परीक्षा में सहभागिता की, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं अभिभावकों के सहयोग का सशक्त प्रमाण है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं तथा यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में भी विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को उनमें सहभागिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

इसके अतिरिक्त उल्लेखनीय है कि लेवल-2 में चयनित सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्ण जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्वयं प्रबंधक एवं प्राचार्य श्री प्रेयांश भंडारी के मार्गदर्शन में बुरहानपुर ले जाया गया।* उन्होंने एक कुशल एवं संवेदनशील प्रबंधक के रूप में बच्चों को मानसिक रूप से भयमुक्त करने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने एवं परीक्षा के दौरान उनका मनोबल सुदृढ़ करने हेतु स्वयं उपस्थित रहकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर श्री विकास जॉर्ज एवं कुं आरती केवट मैडम भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा गया कि आप इसी प्रकार विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करें, विभिन्न स्तरों पर सहभागिता कर आपसी सामंजस्य की भावना विकसित करें तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से स्वयं को तैयार करें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक की समीक्षा संपन्न

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा एवं अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचना चाहिए।

**प्रमुख निर्देश और समीक्षा के बिंदु**

1.निर्वाचक नामावली एसआईआर 2026 मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के तहत नो मैपिंग और तार्किक विसंगतियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने फॉर्म 6, 7 और 8 के निराकरण हेतु बीएलओ को फील्ड वेरिफिकेशन के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए।

२.सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में कम प्रगति वाले विभागों, विशेषकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास (जनपद पाटी, सेंधवा, राजपुर) और स्वास्थ्य विभाग को कड़ी चेतावनी देकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिकायतें एल1 स्तर पर ही संतुष्टिपूर्वक बंद हों और एल3 और एल4 पर लंबित प्रकरणों के मूल कारणों की पहचान कर उनका क्वालिटी डिस्पोजल सुनिश्चित किया जाए।

3.जिले में संचालित सिकल सेल सुरक्षा अभियान की प्रगति की सराहना करते हुए इसे और गति देने को कहा गया। साथ ही, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग को मिशन मोड में नए सैंपल लेने और प्रभावित क्षेत्रों में सघन कार्य करने के निर्देश दिए।

कल से प्रारंभ हो रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर ने केंद्रों पर पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं के पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजस्व एवं विकास कार्य फार्मर आईडी की प्रगति और राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए एसएलआर को प्रतिदिन फॉलो-अप लेने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, क्रियाशील पंचायत एवं शालाओं के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा की गई।

## जल सुनवाई शिविर का आयोजन

**बड़वानी।** स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत बड़वानी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 में मंगलवार को नगर पालिका परिषद बडवानी द्वारा जल सुनवाई शिविर आयोजित किया गया । शिविर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य अमृत मित्र महिलाओ द्वारा किया गया। साथ ही जल प्रदाय से संबंधित शिकायतो को भी दर्ज कर निराकृत किया गया । शिविर में २४ घरों के जल नमूनो की जॉच फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से की गई । साथ ही 3 जल प्रदाय के अंतर्गत लीकेज की समस्या का आवेदन भी प्राप्त हुआ । इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, सहायक यंत्री श्री पुष्पराज अजनारे, उपयंत्री श्री मुन्नालाल चौहान, वार्ड 5 के पार्षद श्री गजेन्द्र सोनाने सहित नगर पालिका की टीम उपस्थित रहे ।

## सदभावना मंच ने खंडवा जंक्शन की मांगों के लिए रेलमंत्री, प्रधानमंत्री को किए ईमैल और ट्वीट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

खंडवा। मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय से मंच सदस्यों ने खंडवा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर ६ पर व्याप्त गंदगी, खंडवा जंक्शन का रीमॉडलिंग निर्माण, प्रीपेड बूथ आदि विभिन्न समस्याओं के हल करने एवं निमार्णाधीन पूल को शीघ्र पूरा किए जाने की मांगों रेलमंत्री, प्रधानमंत्री को ईमैल और ट्वीट कर की गई है। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि ईमैल एवं टवीट करते हुए मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि मंच जिला मुख्यालय खंडवा के रेलवे जंक्शन एवं स्टेशन से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए हर संभव प्रयास करते रहा हैं जिसमें काफी सफलता जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मिली है। वर्तमान में महत्वपूर्ण रूप से मंच की मांग है कि वर्षों से निमार्णाधीन ब्रिज को शीघ्र ही पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जावे वही ब्रिज तीन पुलिया के पास अत्यधिक उतार के कारण भविष्य में प्रतिदिन दुर्घटनाओं को आमंत्रित करेगा इस बात का ध्यान रखते हुए पुल का निर्माण किया जावे। प्लेटफार्म नंबर ६ पर व्याप्त गंदगी का शीघ्र निपटान एवं खंडवा स्टेशन का रिमॉडलिंग निर्माण शीघ्र प्रारंभ किये जाने, यात्रियों की सुविधा हेतु शीघ्र ही प्रीपेड बूथ प्रारंभ किए जाने जैसी आदि की मांगे रेलमंत्री एवं प्रधानमंत्री को भेजी है। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, गणेश भावसार, नारायण फरकले, तिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, अनुप शर्मा, जीडी सराफ, अशोक पारवानी, सतीश मुदीराज, संतोष सोनी, कैलाश शर्मा, काव्यांश जोशी, अर्चना जोशी, आकांशा सिसोदिया, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)**

छत्रपति शिवाजी भवन कोयला फाटक उज्जैन फोन- 0723-2535229
Website:http://nagarnigmujjain.org/E-mail:nn.ujjain@mpurban.gov.in

**निविदा विज्ञप्ति**

क्रमांक-उ.वि./147 — उज्जैन दिनांक 10.02.2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र.शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

सिरियल कं सिरियल कं 01, 02 व 03 आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 23.02.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम 23.02.2026 समय 17:30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र | निविदा विज्ञप्ति क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल | अर्नेस्टमनी रू. | टेण्डर फॉर्म का मुल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| 1 | E-Tendering No. 2025_UAD_467907_3 | वार्ड क्रं 53 अंतर्गत हरिओम विहार स्थित (केशव उद्यान) का सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य | 7,22,242/- | UADD SOR & NON SOR | 7,250/- | 2000/- | 60 दिन |
| 2 | E-Tendering No. 2025_UAD_468965_2 | वार्ड क्रं 02 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कुर्सी एवं गमले लगाए जाने बाबत्। | 397500/- | UADD NON SOR | 4000/- | 2000/- | 30 दिन |
| 3 | E-Tendering No. 2024_UAD_378184_10 | वार्ड 30 अंतर्गत अब्दुल हमीद उद्यान में रिपेयरिंग व सौन्दर्यीकरण कार्य। | 508470/- | UADD Sor & Non Sor | 10,200/- | 2000/- | 60 दिन |

कार्यपालन यंत्री (उद्यान)
नगर पालिक निगम, उज्जैन

## खास न्यूज

### गिरफ्त में चाकू की नोंक पर युवती से छेडछाड करने वाला

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को अकेला पाकर क्षेत्र का रहने वाला बदमाश धर्मेन्द्र पिता मोहनलाल जाट 7 फरवरी की शाम घर में घुस गया और बुरी नियत से पकडकर छेडछाड करने लगा। युवती ने विरोध किया तो बदमाश ने चाकू निकाल लिया और युवती को अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। वह युवती को हाथ पकडकर घर के बाहर तक ले आया, तभी शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो बदमाश भाग निकला। युवती ने भाई के साथ पहुंचक मामले की शिकायत इंगोरिया थाना पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ धारा 74, 115 (2), 351 (3), 333 का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि बदमाश की तलाश के लिये एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्रसिंह, सरदारसिंह खरते, आरक्षक दिलीपसिंह राणा की टीम बनाई। बदमाश गांव छोडकर भाग निकला था, इसी बीच मंगलवार सुबह खबर मिली कि बदमाश अपने घर की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की और गिफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश धर्मेन्द्र के खिलाफ पूर्व में पांच अपराधिक मामले दर्ज है। युवती के साथ हुई छेडछाड मामले में बदमाश से चाकू बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### पवन चक्की सिक्युरिटी इंचार्ज से रंगदारी कर मांगे 50 लाख

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कनासिया में पवन चक्की सिक्युरिटी इंचार्ज नितीश पिता सुभाषसिंह तोमर निवासी सिद्धार्थ नगर शाजापुर के साथ जीवन गुर्जर निवासी बगोदा और इंदर गुर्जर निवासी ग्राम छापरी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 4 फरवरी की रात रंगदारी करते हुए 50 लाख की मांग की। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिक्युरिटी इंचार्ज से मारपीट की और उनकी अनुमति बिना सिक्युरिटी का ठेका लेने पर धमकाया। सुभाषसिंह तोमर ने मामले की शिकयत आवेदन के माध्यम से तराना पुलिस को की। पुलिस ने जांच के पांच दिन बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 119 (1), 296 बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया के अनुसार दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज है। सिक्युरिटी इंचार्ज से रंगदारी करने के मामले में दोनों की तलाश की जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी होने पर उसके साथियों के नाम सामने आ पायेगें।

### पताशी के पैसे मांगे पर हुआ दुकानदार और दंपति में विवाद

**उज्जैन।** ग्राम कनासिया तराना में ब्रजेन्द्र पिता रामरतन चौधरी निवासी ग्राम करमरा माधवगढ जालोन हाल मुकाम कनासिया पानी पतशी का ठेला लगाता है। शाम को उसकी दुकान पर तेजूलाल बागरी और उसकी पत्नी गीताबाई बागरी पुत्र राहुल के साथ पताशी खाने पहुंचे थे। तीनों ने पताशी खाई और बिना पैसे दिये जाने लगे। ब्रजेन्द्र ने पैसे मांगे तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ब्रजेन्द्र ने भी अपने पैसे लेने के लिये उनके साथ गाली-गलौच करते हुए जाति सूचक शब्द कहे। मामला तराना थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### शराब के नशे में विवाद होने पर युवक को मारे चाकू



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद की दुकान लगाने वाला दीपक पिता सुरेश माली निवासी अखंड महाकाल कालोनी अजय पिता तेजकरण माली निवासी भैरूनाला इमलीपुरा और आकाश पिता करणसिंह माली निवासी जयसिंहपुरा के साथ गरोठ मार्ग अंग्रेजी शराब दुकान पर सोमवार रात पहुंचा था। तीनों ने शराब खरीदी और ब्रिज के नीचे बैठकर पीने लगे। जहां फूल प्रसाद की दुकान लगाने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। दीपक ने अजय और आकाश के साथ मारपीट कर दी। वहीं अजय और आकाश ने चाकू निकालकर दीपक पर हमला कर दिया। सिर में चाकू लगने पर दीपक घायल हो गया। शराब दुकान के पास चाकूबाजी की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस पहुंची और घायल दीपक को अस्पताल पहुंचाया। मामले में घायल की शिकायत पर अजय और आकाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया, वहीं अजय की शिकायत पर दीपक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 479-0 | 244-0 |
| मेन बाजार | 134-8 | 389-0 |
| कल्याण नाइट | 699-4 | 467-7 |
| मिलन डे | 249-5 | 148-3 |
| मिलन नाइट | 250-7 | 480 -2 |
| मधुर डे | 344-1 | 290 -1 |
| मधुर नाइट | 128-1 | 356-4 |
| शुभांक | 3 8 | 0 |

बाथरूम में शव पटक मक्सी भाग निकला था पिता ...

# पुत्र ने थप्पड मारा तो गला दबाकर कर दी हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शराबी पिता से विवाद होने पर पुत्र ने थप्पड मार दिया। रात में पिता ने कमरे में आकर पुत्र का गला दबा दिया और हत्या कर दी। लाश को बाथरूम में छुपाकर सुबह पिता भाग निकला। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर चंद घंटो में मक्सी के पास से हिरासत में ले लिया।

मामला पंवासा थाना क्षेत्र के रघुनंदन मैरिज गार्डन के पीछा का सामने आया है। यहां रहने वाला रायसिंह सोलंकी मिस्त्री का काम करता है और शराब पीने का आदी है। उसका पुत्र विशाल भी मिस्त्रीगिरी करता था। रायसिंह आये दिन शराब के नशे में घर लौटकर पत्नी सावित्री से विवाद करता था। सोमवार रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। पुत्र विशाल ने हस्तक्षेप किया और पिता को थप्पड मार दिया। विवाद के चलते पत्नी घर से निकल गई और समीप रहने वाले रिश्तेदार के यहां चली गई। बडा पुत्र सागर



भी अपने कमरे में जाकर सो गया। विवाद के बाद विशाल भी कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह सागर नींद से जगा। सावित्री भी घर लौट आई, लेकिन विशाल दिखाई नहीं दिया। भाई सागर ने कमरे में देखा, वहां भी नजर नहीं आया। उसने पिता रायसिंह से पूछा विशाल कहा है। रायसिंह ने बाथरूम का दरवाजा खोलकर दिखाया। जहां विशाल अचेत अवस्था में पडा था। सागर ने पिता पर मारने का आरोप लगाया तो रायसिंह घर से भाग निकला। विशाल के सिर में चोंट लगी थी और गले पर दबाने के साथ नाखून के निशान थे। मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा। जहां शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करना सामने आया। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर घर से भाग पिता की तलाश शुरू की और कुछ घंटो बाद उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि पुत्र की हत्या करने वाले शराबी पिता ने पूछताछ में गला दबाना कबूल कर लिया है। हत्या के मामले में आरोपी पिता को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

#### कमरे में जाकर दबाया था गला

बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ में पुत्र की हत्या करने वाले पिता ने कबूल किया कि विवाद होने पर पुत्र ने मारा था। जब पत्नी घर से चली गई और बडा पुत्र सागर अपने कमरे में चला गया तो मामला शांत हो गया था। विशाल भी अपने कमरे में सोने चला गया था, रात में वह उठकर विशाल के कमरे में गया और गला दबा दिया। उसकी आवाज नहीं निकल पाई और मर गया। उसके बाद शव को बाथरूम में पटक कर अपने कमरे में आ गया।

#### पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर पकडा

विशाल की लाश बाथरूम में मिलने पर मां और बडे भाई ने पिता पर हत्या की आशंका जताई और पुलिस को बुलाने की बात कहीं तो रायसिंह ने बरगलाने का प्रयास किया और हार्ट अटैक से मौत होने की बात कहीं। भाई सागर ने पुलिस को सूचना दी तो पिता रायसिंह घर से भाग निकला। पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस की तो मक्सी के पास झोंकर की होना सामने आई। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# लोन दिलाने के नाम पर हडपे थे रूपये और मोबाइल

**10 हजार का था इनाम ढाई माह बाद पकडाया**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लोन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक और मोबाइल हडपने वाले 10 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि 19 नवम्बर 2025 को हीरामिल की चाल में रहने वाले पूनमचंद टटावत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे राहुल पिता पुरूषोत्तम रामी निवासी वेदनगर ने 10 लाख का लोन दिलाने के नाम पर 25 हजार रूपये नगद और आवश्यक दस्तावेज लिये थे। राहुल द्वारा मोबाइल से लोन एप के माध्यम से 2.20 लाख का लोन दिलवाया। लोन की किश्त काफी अधिक



आने पर उसे पूरा लोन जमा करने के लिये 1.40 लाख ऑनलाइन और 80 हजार रूपये नगद दिये। उसने लोन जमा नहीं किया और ब?ा लोन दिलाने का झांसा देते हुए 1.24 लाख कीमत का सेमसंग एस 24 अल्ट्रा मोबाइल भी रख लिया। उसने धोखाधडी की है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया और गिरफ्तारी के प्रयास किये। लेकिन आरोपी राहुल रामी लगातार फरार होना सामने आया। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक की ओर से 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। सोमवार को पता चला कि इनामी आरोपी देवासगेट बस स्टैंड से इंदौर-कोटा बस द्वारा झालावाड (राजस्थान) जाने की तैयारी में है। तत्काल टीम को अलर्ट किया गया और आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि वह वर्तमान में पाटन जिला झालावाड राजस्थान में रह रहा था। उसका अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि पूर्व में भी माधवनगर थाने में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज है। थाना प्रभारी के अनुसार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई राधेश्याम आवलिया, एएसआई रामेश्वर धानुक, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र, आरक्षक विनोद, सतीश का सहयोग रहा। मंगलवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया। प्रकरण में विवेचना जारी है, अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### ड्रायवर की दुर्घटना में मौत, मोबाइल से हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** इंदौररोड पर सोमवार-मंगलवार रात 2 बजे सडक दुर्घटना में ड्रायवर की मौत हो गई। उसकी पहचान मोबाइल से हुई। मृतक खंडवा से सवारी लेकर उज्जैन आया था। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद उज्जैन में अंतिम संस्कार किया है।

नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि रात में इंदौररोड पर बने रहे भक्त निवास गेट के सामने अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल से शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया। उसके पास से मोबाइल मिला, जिसके आधार पर पहचान के प्रयास शुरू किये। मंगलवार सुबह पता चला कि मृतक अमित पिता राजू रायकवार 35 साल निवासी किशनपुरा हरसूद खंडवा का रहने वाला है। परिजनों को सूचना दी गई। दोपहर में भाई और रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे। उन्होने बताया कि अमित का ससुराल इंदौर में है, वह ड्रायवरी का काम करता था। एक बेटी है, वहीं पत्नी वर्तमान में गर्भवती है। अमित खडवा से सवारी लेकर एम्पीरियल होटल में आयोजित शादी में सवारी लेकर आया था। एसआई बडोदिया ने अनुसार घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि रात में सडक पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। वाहन का पता लगाने के लिये मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने शव खंडवा ले जाने के बजाय उज्जैन में ही अंतिम संस्कार की इच्छा जताई। शाम को चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार किया गया।

### सीहोर रेलवे स्टेशन पर 21 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव




**उज्जैन।** महाशिवरात्रि मेला के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए वहाँ से गुजरने वाली 21 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा। पूरे 10 दिनों तक इन ट्रेनों का ठहराव इस दौरान यहां पर यात्रियों के लिए रहेगा। इससे उज्जैन आकर सिहोर जाने वाले श्रद्धालु भी लाभावित होंगे।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार यह ठहराव 13 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी 2026 तक दिया जाएगा। ठहराव दिये गये ट्रेनों डॉ. अम्बेडकर नगर नागपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,डॉ. अम्बेडकर नगर यशवंतपुर एक्सप्रेस, इंदौर हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस, इंदौर वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस,डॉ. अम्बेडकर नगर प्रयागराज एक्सप्रेस, इंदौर पटना एक्सप्रेस, डॉ. अम्बेडकर नगर कामाख्या एक्सप्रेस, इंदौर तिरूवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस, इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,जयपुर हैदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हिसार हैदराबाद एक्सप्रेस, वलसाड पुरी एक्सप्रेस, जोधपुर पुरी एक्सप्रेस, अहमदाबाद दरभंगा, अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस, भुज शालिमार एक्सप्रेस, जोधपुर - मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस, गांधीनगर कैपिटल वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

अभी विवाहों का शोर 14 दिन के लिए 24 से थमेंगा

## शोर के दौर से परीक्षार्थियों को होलाष्टक सहित 14 दिन की राहत

**उज्जैन।** अभी विवाहों के बैंड-बाजा और डीजे के शोर का दौर चल रहा है। इसी दरमियान माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं का दौर भी शुरू हो गया है। मंगलवार को हायर सेकेंडरी का अंग्रेजी का प्रश्न पत्र के एक दिन पहले जमकर शादियों की धूम रही और खूब शोर का दौर रहा। फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में इस शोर से परीक्षार्थियों को धर्मागत रूप से होलाष्टक राहत देने वाला है। पूरे आठ दिन बैंड-बाजा और डीजे पर स्वतः ही रोक लग जाएगी। यही नहीं विवाहों के मुहूर्त न होने से कुल 14 दिन परीक्षार्थियों को राहत मिलने वाली है।

धर्म की मान्यता अनुसार होलिका दहन से आठ दिन पहले लगने वाला होलाष्टक 24 फरवरी से 3 मार्च तक रहेगा। इन आठ दिनों में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, वाहन व मकान की खरीद-बिक्री जैसे सभी शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे हैं। होलाष्टक फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से प्रारम्भ होकर पूर्णिमा तक चलता है। हालांकि यह समय देवी-देवताओं की आराधना, जप, तप और दान-पुण्य के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। ऐसे में होलाष्टक के आठ दिन बैंड-बाजा और डीजे का उपयोग भी नहीं होना है। जानकारों के अनुसार विवाहों के मुहुर्त 21 फरवरी के बाद सीधे 6 मार्च को सामने आ रहे हैं। ऐसे में परीक्षार्थियों को होलाष्टक के साथ ही अन्य 6 दिन भी शोर के दौर से राहत मिलेगी।

**21 फरवरी के बाद 6 मार्च से मुहुर्त**-पंडित प्रणयन पाठक बताते हैं कि फरवरी में विवाह के मुहुर्त 21 फरवरी तक हैं । इसके बाद मुहुर्त सीधे 6 मार्च को हैं। होलाष्टक 24 फरवरी से 3 मार्च तक रहेगा। होलाष्टक अवधि में सभी प्रकार के शुभ कार्य निषेध माने गए हैं। होलाष्टक के दौरान किए गए शुभ कार्य फलदायी नहीं माने जाते, इसलिए इन्हें टालना ही श्रेयस्कर कहा गया है। इन पाबंदियों के उलट होलाष्टक का समय आध्यात्मिक उन्नति के लिए विशेष माना गया है। इस अवधि में भगवान शिव, विष्णु और हनुमानजी की पूजा, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भगवत भजन और कीर्तन के साथ दान-पुण्य और सेवा कार्य करना श्रेष्ठ है।

#### होलाष्टक की मान्यता

होलाष्टक का समय ग्रहों की ऊर्जा को अस्थिर और उग्र मानता है। इस समय ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जिससे किसी भी शुभ कार्य में विघ्न उत्पन्न हो सकते हैं। इससे कार्य की सफलता में विघ्न और रुकावटें आ सकती हैं। यही कारण है कि इस दौरान शुभ कार्यों को टालने की सलाह दी जाती है।

### विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**उज्जैन।** भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार , 10 फरवरी, 2026 को सेफ़र इंटरनेट डे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, दशहरा मैदान में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम । उक्त दिवस के अवसर विद्यार्थियों को सुरक्षित और ज़िम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के सम्बन्ध में जागरूक किए जाने के लिए एनआईसी द्वारा जागरूकता व्याख्यान दिया जाएगा।

# सुसाइड नोट लिख 72 साल के वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

## भाई से साथ करते थे निवास,बीमारी से थे परेशान

**उज्जैन।** बडे भाई के साथ रहने वाले 72 साल के वृद्ध ने सोमवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। मंगलवार सुबह कमरे में उनकी बॉडी मिली। पुलिस ने तीन-चार कागज के टुकडों में लिखा सुसाइड नोट बरामद किया है। मृतक वृद्ध बीमारियों के चलते परेशान थे।

सागर के रहने वाले राजेन्द्र पिता विपिनचंद सूद 72 साल अविवाहित थे और लम्बे समय बी 3/20 महानंदानगर में रहने वाले भाई विजेन्द्र कुमार के साथ रहते थे। मंगलवार सुबह उनका शव कमरे में मिला। उन्होने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया था। मामले की खबर मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। कमरे से तीन-चार कागज के टुकडो में लिखा सुसाइड नोट मिला। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि नोट में बीमारी से परेशान होने का उल्लेख करने के साथ पुलिस किसी को परेशान ना करे। अपनी गलती का मैं ही दोषी हूं। मानसिक रूप से परेशान हो चुका है। मैं देह त्याग कर रहा हूं, देहदान कर दी जाये। सागर में रहने वाली बहन का बताया दिया जाये। दोस्तों को अवगत कराने के लिये लिखा और बोला की आने की जरूरत नहीं है, दुखी ना हो। परिजनों ने बताया कि वृद्धावस्था की कई बीमारियों से परेशान थे। संभवत इसी के चलते ऐसा कदम उठाया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रारंभिक जांच में बीमारी से परेशान होकर ही जहरीला पदार्थ खाना सामने आया है, बावजदू परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

#### फिनाइल पीने वाले वृद्ध की मौत

वृद्ध द्वारा सुसाइड करने का एक मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र की श्रीराम कालोनी कालोनी से सामने आया। एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि तीन दिन पहले 75 साल के हरजीत पिता कल्याणसिंह ने फिनाइल पी लिया था। परिजनों ने उपचार के लिये आारडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया था। जहां उपचार के दौरान मंगलवार तडके मौत हो गई। सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। संभवत वृद्धावस्था की बीमारी से तंग आकर उन्होने आत्मघाती कदम उठाया था। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### बाल भिक्षावृत्ति की शिकायत चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर करें

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उज्जैन जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति अभियान के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई उज्जैन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख सिग्नल चौराहों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान टीम को परिजनों द्वारा बताया गया कि वह राजस्थान से आए है और उनके द्वारा खिलौने बेचने एवं सफाई वाईपर बेचने का कार्य किया जाता है। टीम द्वारा परिजनों को समझाईश दी गई कि वह सिग्नल चौराहे पर खिलौने बेचने एवं सफाई वाईपर बेचने कार्य नहीं करें और बालक / बालिकाओं को सिग्नल चौराहे पर अपने साथ लेकर नहीं घूमने की समझाईश दी गई। टीम द्वारा उन्हें यह बताया गया कि यदि वे बालक / बालिकाओं से भिक्षावृत्ति करवाते पाए जाते है तो किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा - 76 के तहत जो कोई भीख मांगने के प्रयोजन के लिए बालक/बालिका को नियोजित करता है ।

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक प्रशासनिक संकुल भवन में आयोजित

**उज्जैन ।** अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक बजे प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की । जिला जनगणना समन्वय समिति की अध्यक्षता प्रमुख जनगणना अधिकारी करेंगे। समिति के संयोजक जिला जनगणना अधिकारी रहे।

# समय पर मत टालिए



जब हम समय का प्रयोग किसी गुण, सदाचार अथवा अवस्था की उपलब्धि के साधन के रूप में करते हैं, तो हम जो हैं, उसको टाल रहे होते हैं या उसकी उपेक्षा कर रहे होते हैं। अभी एक प्रश्न मुझसे पूछा गया है कि क्या आमूल परिवर्तन में समय लगता है? हममें से ज्यादातर लोग यह सोचने के आदी हैं कि अंदरूनी तब्दीली के लिए वक्त जरूरी है। मैं कुछ हूं और जो मुझे होना चाहिए, उसमें परिवर्तन के लिए समय की आवश्यकता है। मैं लोभी हूं और उस लोभ के परिणामस्वरूप भ्रांति, विरोधाभास, द्वंद्व और क्लेश से घिरा हुआ हूं। ऐसे में, परिवर्तन अर्थात लोभरहित होने के लिए हम सोचते हैं कि समय जरूरी है। इसका अर्थ यह हुआ कि समय को साधन के रूप में आवश्यक समझा जाता है। वास्तव में, समस्या यह है कि एक व्यक्ति हिंसक, लोभी, ईर्ष्यालु, क्रोधी, दुष्ट या आवेगपूर्ण है; तो वह जो है, उसमें परिवर्तन के लिए क्या समय जरूरी है? सबसे पहला प्रश्न तो यह है कि हम जो हैं, उसे बदलना क्यों चाहते हैं? क्योंकि हम जो हैं, उससे हमें असंतोष होता है। वह द्वंद्व और अशांति पैदा करता है और उस अवस्था को न पसंद करके हम कुछ बेहतर, कुछ महान, और अधिक आदर्शवादी होना चाहते हैं। चूंकि हममें पीड़ा, बेचैनी और द्वंद्व हैं, इसीलिए हम चाहते हैं कि हममें बुनियादी बदलाव आए। क्या समय द्वंद्व पर विजय प्राप्त कर पाता है? यदि आप कहते हैं कि समय के माध्यम से द्वंद्व का इलाज हो जाएगा, तो आप अब भी द्वंद्व में ही हैं। आप कह सकते हैं कि जो आप हैं, उसके परिवर्तन में, यानी द्वंद्व से पीछा छुड़ाने में बीस दिन या बीस वर्ष लग जाएंगे, पर इस दौरान भी आप द्वंद्व में ही रहते हैं, इसलिए समय द्वारा परिवर्तन नहीं आ सकता। जब हम समय का प्रयोग किसी गुण, सदाचार अथवा अवस्था की उपलब्धि के साधन के रूप में करते हैं, तो हम जो हैं, उसको टाल रहे होते हैं या उसकी उपेक्षा कर रहे होते हैं और मेरे विचार से इस तथ्य को समझ लेना महत्वपूर्ण है। हिंसा और लोभ हमारे परस्पर संबंध के इस संसार में जो कि समाज है, पीड़ा व बेचैनी का कारण बनते हैं; और इस बेचैनी की हालत से, जिसे हम लोभ या हिंसा का नाम देते हैं, परिचित होने की वजह से हम स्वयं से कहते हैं, मैं समय रहते इससे मुक्त हो जाऊंगा। मैं अहिंसा, ईर्ष्यारहित होने, शांति का अभ्यास करूंगा। तो आप अहिंसा का अभ्यास करना चाहते हैं, क्योंकि हिंसा बेचैनी की, द्वंद्व की अवस्था है और आप सोचते हैं कि समय द्वारा आप अहिंसा को पा लेंगे, द्वंद्व को जीत लेंगे। परंतु वास्तव में हो क्या रहा है? द्वंद्व की दशा में होने के कारण आप एक ऐसी अवस्था प्राप्त कर लेना चाहते हैं, जहां कोई द्वंद्व न हो। अतः हिंसा पर विजय प्राप्त करने के साधन के रूप में समय पर निर्भर रहने की प्रक्रिया के असत्य को समझना और उससे मुक्त होना जरूरी है।

सम्पादकीय

## संसद में तल्खी

भारतीय संसद में सियासी दलों के बीच बढ़ती तल्खी दुखद और चिंताजनक है। पक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती खींचतान के चलते बजट सत्र का समय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सदन ठीक से न चल पाने के लिए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। संसद में हंगामा या गतिरोध 2 फरवरी से ही जारी है। तब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरण से उद्धरण देने का प्रयास किया था। सरकार की ओर से यह आपत्ति जताई गई कि एक अप्रकाशित पुस्तक का हवाला देना संसदीय नियमों का उल्लंघन है। चूंकि राहुल गांधी को चीन या राष्ट्रीय सुरक्षा पर बोलने नहीं दिया गया, तो लोकसभा में प्रधानमंत्री भी धन्यवाद भाषण पेश नहीं कर पाए। विपक्ष ने साफ कह दिया कि अगर नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाएगा, तो प्रधानमंत्री को भी बोलने नहीं दिया जाएगा। अब विपक्ष भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर चर्चा चाहता है, तो क्या सरकार इसके लिए तैयार होगी? ध्यान देने की बात है कि अभी इस समझौते पर बहुत स्पष्टता नहीं है, इसलिए भी विपक्षी दलों को विरोध का मौका मिल रहा है।

सत्ता पक्ष का आरोप है कि विपक्षी दल सदन की कार्यवाही में बेवजह बाधा डाल रहे हैं, तो कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को एनडीए सरकार और लोकसभा अध्यक्ष पर सदन चलाने में रुचि न होने का आरोप लगाया है। थरूर ही नहीं, अनेक सांसद बजट पर बोलना चाहते हैं, पर दुर्भाग्य से हंगामे की वजह से ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। निस्संदेह, आज देश में व्यापार संबंधी नीतियों, फैसलों को सुलझाने और आगे बढ़ने का समय है, इसके लिए बजट पर चर्चा अनिवार्य है। आर्थिक विषयों पर अगर यथोचित चर्चा नहीं होगी, तो जाहिर है, इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तनाव व अविश्वास बढ़ता ही जाएगा। यह कहना ही चाहिए कि देश की तेज तरक्की के लिए आर्थिक मसलों पर सियासी एकजुटता होनी चाहिए। जब किसी देश की पूरी सियासत मिलकर संपन्नता को लक्ष्य बनाती है, तब अमेरिका और चीन जैसी कामयाबी हासिल होती है। विकसित देशों की सियासत को समझना और सीखना हमारे लिए जरूरी है। वैसे, नई बात नहीं, भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौते सियासी मोर्चे पर अक्सर विवादित रहे हैं, अब इस परिपाटी से उबरना होगा।

### एक मां, बीस जिंदगियां और अमर बलिदान

# खुद बुझकर बीस दीप जलाने वाली मां

रानापुर गांव की साधारण-सी मिट्टी पर उस दिन असाधारण इतिहास अंकित हुआ, जब एक सामान्य महिला ने अद्वितीय साहस दिखाकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। मध्य प्रदेश के नीमच जिले की कंचनबाई मेघवाल ने मधुमक्खियों के उग्र झुंड के सामने अडिग दीवार बनकर बीस मासूम बच्चों की रक्षा की। वह न कोई सैनिक थीं, न अधिकारी, न योद्धा—फिर भी उस क्षण वे साहस, ममता और त्याग की जीवंत प्रतिमा बन गईं। हजारों डंक सहते हुए भी उन्होंने बच्चों को अपनी बाहों में समेटा, सुरक्षित कमरों तक पहुंचाया और स्वयं पीड़ा के अथाह सागर में डूबती चली गईं। उनका यह बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि नारी शक्ति की अमर गाथा है, जो सदियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देती रहेगी। कंचनबाई का जीवन संघर्षों की कठोर कसौटी पर गढ़ा गया था। पति गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे, घर की सारी जिम्मेदारियां पूरी तरह उनके कंधों पर थीं। एक बेटा और दो बेटियों का भविष्य संवारना उनका प्रतिदिन का संकल्प था। आर्थिक तंगी, सामाजिक चुनौतियां और पारिवारिक दायित्व—सब कुछ उन्होंने मुस्कान के साथ निभाया। आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन बनाना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह और सेवा का माध्यम था। वे हर बच्चे को अपने ही परिवार का हिस्सा मानती थीं। उनकी दिनचर्या में थकान थी, पर शिकायत नहीं; पीड़ा थी, पर निराशा नहीं। यही गुण एक साधारण स्त्री को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

जब मधुमक्खियों का झुंड बच्चों पर टूट पड़ा, तब कंचनबाई पास ही कपड़े धो रही थीं। उन्होंने एक पल भी नहीं सोचा, न अपनी जान की परवाह की, न परिणामों का अनुमान लगाया। बिना किसी शोर, बिना किसी सहायता की प्रतीक्षा किए, वे दौड़ पड़ीं। बच्चों को दरी और तिरपाल में लपेटा, उन्हें ढाल बनाकर भीतर पहुंचाया और स्वयं खतरे के बीच अडिग खड़ी रहीं। यह क्षण महिलाओं की निर्णय क्षमता और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक बन गया। संकट की घड़ी में उन्होंने सिद्ध कर दिया कि नारी कभी कमजोर नहीं होती, वह परिस्थिति आने पर सबसे मजबूत और विश्वसनीय कड़ी बन जाती है। मातृत्व की भावना कंचनबाई के व्यक्तित्व की आत्मा थी। वे केवल अपने बच्चों की ही नहीं, बल्कि पूरे गांव के बच्चों की सजीव मां थीं। आंगनवाड़ी के वे मासूम चेहरे उनके लिए अपने ही परिवार का विस्तार थे। जब खतरा आया, तो उनका हृदय किसी अडिग कवच की तरह बच्चों के सामने खड़ा हो गया। उन्होंने अपने जीवन को तुच्छ समझकर बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखा। यही मातृत्व का वास्तविक स्वरूप है—जहां स्त्री स्वयं को विस्मृत कर दूसरों का जीवन संवारती है। कंचनबाई ने मातृत्व को केवल जन्म तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे करुणा और संरक्षण का व्यापक, दिव्य रूप दिया।

समर्पण कंचनबाई के जीवन का मूल मंत्र था। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर लगी रहती थीं। वे दूसरों के दुख को अपना दुख समझती थीं और सहायता को अपना पवित्र कर्तव्य। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए भोजन बनाना उनके लिए सेवा और समर्पण का माध्यम था। उन्होंने कभी अपनी परेशानियों को सामने नहीं रखा, बल्कि हर परिस्थिति में दूसरों को प्राथमिकता दी। मधुमक्खियों के हमले के समय भी उनका समर्पण चरम पर था—अपने जीवन की आहुति देकर उन्होंने समाज को बचाया। यही त्याग नारी को सभ्यता की सशक्त रीढ़ बनाता है।

करुणा और संवेदनशीलता कंचनबाई की आत्मा में गहराई से रची-बसी थी। वे हर पीड़ा को महसूस करती थीं, हर आंसू का मौन अर्थ समझती थीं। बच्चों की चीखें उनके हृदय को चीर गईं और उन्होंने बिना विलंब अपने प्राणों की बाजी लगा दी। हजारों डंक उनके शरीर को घायल करते रहे, लेकिन उनकी चेतना बच्चों की सुरक्षा में अडिग लगी रही। यह करुणा महिलाओं का वह अमूल्य गुण है जो संसार को मानवीय बनाता है। जब समाज कठोर होता है, तब नारी की संवेदना उसे संतुलन और संवेदना प्रदान करती है। कंचनबाई ने यह सिद्ध किया कि करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है।

सहनशीलता कंचनबाई की पहचान थी। जीवन की कठिनाइयों—आर्थिक संकट, पति की बीमारी, पारिवारिक जिम्मेदारियां—को उन्होंने मौन साहस के साथ सहा। कभी हार नहीं मानी, कभी पीछे नहीं हटीं। मधुमक्खियों के डंक उनकी त्वचा को जलाते रहे, लेकिन उनका संकल्प अडिग और अचल रहा। यह सहनशीलता महिलाओं को टूटने नहीं देती, बल्कि उन्हें भीतर से और अधिक मजबूत बनाती है। वे दर्द को हृदय में समेटकर भी दूसरों को मुस्कान देती हैं। कंचनबाई की कहानी हमें सिखाती है कि सहनशीलता से ही सच्चा साहस और आत्मबल जन्म लेता है।

कंचनबाई की वीरता आज पूरे क्षेत्र के लिए जीवंत प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने दिखाया कि नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि निःस्वार्थ कर्म से पैदा होता है। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे पहले ही नेतृत्व कर रही थीं, लेकिन उस दिन उन्होंने जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर सच्चा नेतृत्व दिखाया। गांव के लोग अब जागरूक हो रहे हैं, सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी महसूस कर रहे हैं। उनकी शहादत ने समाज को गहराई से सोचने पर मजबूर किया है कि वास्तविक नायक वास्तव में कौन होते हैं।

आज आवश्यकता है कि समाज और सरकार कंचनबाई जैसे बलिदानों को केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें सम्मान और स्थायी सुरक्षा में बदलें। उनके परिवार को आर्थिक सहायता, पेंशन, बच्चों की शिक्षा और रोजगार की ठोस व्यवस्था मिलनी चाहिए। यह सहायता दया नहीं, बल्कि एक वीरांगना को दिया गया सच्चा सम्मान होगी। जब हम ऐसी महिलाओं को उचित मान्यता देंगे, तभी समाज में साहस और सेवा की भावना सशक्त होगी। कंचनबाई की शहादत हमें यह सिखाती है कि नारी के गुण—साहस, करुणा, समर्पण, मातृत्व और सहनशीलता—ही सभ्यता की वास्तविक पूंजी हैं। उनकी स्मृति में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ऐसी बेटियों, माताओं और बहनों के सम्मान की रक्षा करेंगे और उनके त्याग को कभी विस्मृत नहीं होने देंगे।

## पितृ-दोष बनाम प्रो-मैक्स-दोष

शिवपालगंज के इतिहास में ऐसा खलबली का दौर कभी नहीं आया था, जब स्थानीय जेनजी पंडितों ने 'डिजिटल पितृदोष' की खोज की। मुद्दा यह नहीं था कि गंज के युवा बेरोजगार हैं, बल्कि मुद्दा यह था कि उन्होंने सामूहिक रूप से यह मान लिया कि उनके पूर्वजों की आत्माएं स्वर्ग में केवल इसलिए दुखी हैं क्योंकि उनके पोते-पोतियों ने उनकी पुरानी तस्वीरों को 'इंस्टाग्राम फिल्टर' लगाकर काला-गोरा कर दिया है। वैद्य जी ने चश्मा नाक पर टिकाते हुए कहा, ₹बेटा, यह पितृ पक्ष नहीं, यह तो 'प्रोमैक्स पक्ष' चल रहा है।₹ गंज का युवा अब श्राद्ध में कौवों को खीर नहीं खिला रहा था, बल्कि कौवों के साथ 'सेल्फी' लेकर उसे 'नेचर वाइब्स' के कैप्शन के साथ पोस्ट कर रहा था।

शहर से लौटे एक स्वयंभू दार्शनिक ने यह अफवाह फैला दी कि अगर आपके दादाजी की आत्मा को शांति चाहिए, तो आपको उनकी पसंदीदा चीज का 'डिजिटल त्याग' करना होगा। अब गंज की गलियों में एक अजीब सा सन्नाटा पसर गया। बद्री पहलवान का बेटा, जो दिन भर रील देखता था, अब हाथ में स्मार्टफोन लिए ऐसे कांप रहा था जैसे उसने कोई बम पकड़ लिया हो। समस्या यह थी कि उसे अपने दादाजी की आत्मा के लिए 'नेटफ्लिक्स' का पासवर्ड छोड़ना था। व्यंग्य की धार देखिए, जिस पीढ़ी ने अपने माता-पिता की बात कभी नहीं मानी, वह अब एक अदृश्य रूह के नाम पर अपना 'डेटा पैक' कुर्बान करने को तैयार बैठी थी। गंज के नुक्कड़ पर बहस छिड़ गई कि क्या पूर्वजों को 'क्लाउड स्टोरेज' में जगह मिलती है? खन्ना मास्टर ने तर्क दिया कि अगर आत्मा अजर-अमर है, तो उसे 5जी की गति से मोक्ष मिलना चाहिए। इसी बीच, एक नौजवान ने घोषणा कर दी कि उसे सपने में उसके परदादा आए थे और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी फोटो पर एक लाख लाइक्स नहीं आएंगे, वे वैकुंठ के वाई-फाई का एक्सेस नहीं पाएंगे। इस 'आध्यात्मिक स्कैम' ने गंज को दो गुटों में बांट दिया—एक वो जो पूजा-पाठ में विश्वास रखते थे, और दूसरे वो जो 'एल्गोरिदम' को ही नया देवता मान चुके थे।

जेनजी की इस नई भक्ति ने गंज के मंदिरों का स्वरूप ही बदल दिया। अब वहां घंटी बजने के बजाय 'नोटिफिकेशन टोन' सुनाई देती थी। लड़के अपनी मन्नतें दीवार पर लिखने के बजाय मंदिर के चेक-इन पर 'फीलिंग ब्लेस्ड विथ 69 अदर्स' टैग कर रहे थे। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि धर्म का ऐसा 'अपडेटेड वर्जन' आएगा जहाँ पापों का प्रायश्चित 'अनफॉलो' करके किया जाएगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 फरवरी 2026 बुधवार
सूर्योदय - 07:06 सूर्यास्त 18:17
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - नवमी 09:59 उपरांत दसमी
नक्षत्र - अनुराधा 10:53 उपरांत ज्येष्ठा
योग - व्याघ्र 02:30 उपरांत हर्षण
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 22 तारिख

**मेष-** मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे।

**वृषभ-** विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है।

**मिथुन-** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा।

**कर्क-** नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

**सिंह-** रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**कन्या-** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**तुला-** प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृश्चिक-** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु-** प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

**मकर-** व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएं। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

**कुंभ-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे।

**मीन-** व्यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## रंग-बेरंग, भदरंग, नौरंग, कल-आज का रंग..?

हम दोनों ने आठवीं क्लास एक साथ ही पास की तब हम दोनों तेरह साल के थे।आज कई साल बाद वह तो नहीं पर उसके हसबेंड की एड्रेस मिली तो वह चौबीस साल की है और मैं चालीस का आज बैंक गया पैसे निकालने वहाँ लिखा था, हिंदी भाषा का कामकाज में अधिक से अधिक उपयोग करे।मैंने चेक में डेट की जगह फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत 2082 लिख दिया,अब बैंक वाले चेक नहीं ले रहे हिसाब कभी रखा ही नहीं मैंने कितना पाया और कितना गंवाया।चाहत ये है की बस दुःख वहाँ से न मिले जहां मैंने सकून लुटाया है। तेरी खुशी के खातिर ही बात करना छोड़ दिया है, तुम ये न समझना की हमे कोई और मिल गया है।अकेलापन महसूस न करे,पूरा ब्रह्मांड आपके साथ है।ब्रेकिंग न्यूज लव फ्लू फैलने लगा है आजकल,सभी अपने अपने मुर्गा,मुलगे, मुर्गियाँ,मुलगियाँ संभाल कर रखे अपनों को आजमा कर देखो, दुश्मनों से मुहब्बत न हो जाये तो कहना? इतिहास गवाह है बारात से बिछड़ी हुई गाड़ी सीधे ठेके पर जाती है। महिलाओं से छेड़छाड़ की पहली शिकायत मीनाकुमारी ने की थी



दिनेश गंगराड़े (दैनिक अवन्तिका)

इन्ही लोगो ने ले लीना दुपट्टा मेरा,वो तीन गवाह भी साथ लाई थी हमरी न मानो बज्जवा से पूछो ,हमरी न मानो रंगरेजवा से पूछो ,हमरी न मानो सिपहिया से पूछो,यदि उसी समय कठोर कार्यवाही की होती तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग जाता।

सात साधु सात चटाई पर आश्रम में बैठे थे ,तभी एक आदमी आया और बड़े साधु से बोला,बाबा , पत्नी कंट्रोल नहीं होती,क्या करूँ ,तो बड़े साधु ने छोटे को बोला,एक चटाई और लगा दे , भाई के लिये।चाहे कितने सुविचार भेज लो, पर मनुष्य लो बैटरी के अलावा और कोई बात तो, सीरियसली लेता ही नहीं।जवानी में नौकरी पहली नजर के प्यार जैसी पर पेंशन जीवन भर के हनीमून जैसी। लोग आईना कभी न देखते अगर आईने में चित्र की जगह,चरित्र दिखाई देता। क्या फायदा ऐसी टेक्नोलॉजी का जब ये ही पता न चले कि वो किसके साथ ऑनलाइन है। दुआ है कि जिसने मुझे जो भी दिया,उसे उसका दोगुना मिले।मोहब्बत और भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होते-केवल बाबू बदल जाते है।लोग सब कुछ बटोरने में लगे है,खाली हाथ जाने के लिये? जैसे सेल्फी का हिंदी नाम मिल गया था खुदखेंचू वैसे ही बड़ी खोजबीन के बाद अब कहीं जाकर ग्रुपएडमिन का हिंदी नाम मिला है झुंड नियंत्रक? बेटा पी कर आया किसी को पता न चले ,सीधा अपने कमरे में लैपटॉप खोल कर बैठ गया। तभी पिता अंदर आये,पूछा आज फिर पी कर आये हो ?बेटा बोला-नहीं तो। फिर, सूटकेस खोल कर क्यो बैठे हो?सास और ननद का मतलब पता लग गया,जो सांस न लेने दे वो सास और जो आनंद न लेने दे वो ननद।परसों तो हद ही हो गई.एक पुराने परिचित बहुत दिनों के बाद मिले,हालचाल जानने के बाद बोले और कहीं अच्छी नौकरी वौकरी लगी या अभी बैंक में ही हो।मेरे मित्र बहुत परेशान थे,उनकी एम एन सी में कार्यरत बेटी 32 साल की होने के बाद भी शादी को तैयार नहीं थी,मैंने उन्हें अपने डॉक्टर मित्र के पास बेटी को भेजने को कहा, वो उनके पास चली गई तो डॉक्टर के ये पूछने पर कि शादी क्यों नहीं करना चाहती तो वो बोली मेरा पैकेज 40 लाख का है, अपना एक फ्लैट किराये पर दिया है,दो गाड़ियां है,खूब अच्छा खाना पीना है और मुझे क्या चाहिये? इस पर डॉक्टर साहब ने समझाया कि ऐसा तो हो नहीं सकता जीवन में तुमसे कोई भी गलती न हो पर जब कभी गलती होगी तो फिर किसका नाम लगाओगी? इस के लिये कोई तो चाहिये ना,इस पर वो बोली ठीक है,डॉक्टर साहब,अंकल को कह दो मैं शादी के लिये तैयार हूँ।उत्तराखंड पर्यटन विभाग का विज्ञापन- इससे पहले कि कोई लाये आपको मटकी या जार में कुछ दिन तो गुजारिये जिंदा हरिद्वार में।

# दांत में हो रहा है दर्द तो हल्के में न लें, पायरिया के हो सकते हैं शिकार

आज की खराब जीवन शैली और केमिकल युक्त टूथपेस्ट करने से दांत में दर्द, मसूड़ों मे सूजन, पायरिया और दांतों में कीड़ा लगना जैसी कई प्रकार की समस्या होना सामान्य जैसा हो गया है । जिसके कारण दांत समय से पहले ही कमजोर होकर टूटने लगते हैं। ऐसे में इन सभी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से आप ना सिर्फ अपने दातों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बतानें जा रहें हैं पायरिया के बारें में तो आइये जानतें हैं ।

मसूड़ों में खून आना भी आम समस्या बन गया है। इस स्थिति में मसूड़ों में सूजन आ जाती है, अक्सर ब्रश करते दौरान भी मसूड़ों में खून आने लगता है। इस स्थिति को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए,क्योंकि यह दांतों में पायरिया होने के लक्षण हैं। पायरिया से धीरे-धीरे दांत की हड्डी गलने लगती है।



### क्या है पायरिया

पायरिया दांतों की वह बीमारी है, जो मसूड़ों को बुरी तरह से प्रभावित करता है। यह समस्या दांतों की ठीक से सफाई नहीं करने, पूरे दिन कुछ ना कुछ खाते रहने से होती है। इसमें मसूड़ों से खून और मवाद आना, सांसों से बदबू आना, दांतों में दर्द होने लगता है और साथ ही दांत पीले पड़ने लगते हैं। पायरिया का सही समय पर इलाज करना बेहद जरूरी है ऐसा नहीं करने से बाद में यह बड़ी समस्या बन जाती है। समय से पहले ही दांत गिरने लगते हैं।

### पायरिया से छुटकारा

पायरिया का इलाज घर पर ही संभव है। इस समस्या से निजात पाने के लिए नियमित रूप से दांतों की सफाई करनी चाहिए, साथ ही रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करना चाहिए। हालांकि, यह याद रखें कि रात में ब्रश करने के बाद कुछ न खाएं।

### यह उपाये होंगे फायदेमंद

पायरिया को ठीक करने के लिए सरसों के तेल में नमक मिलाकर उसे रोजाना दांतों पर अच्छी तरह से मलें। इससे पायरिया धीरे-धीरे कम होने लगता है। इसके साथ ही नींबू के रस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। क्योंकि नींबू में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों होते हैं। जिससे दांतों में संक्रमण नहीं होता और मसूढ़ों में सूजन की समस्या भी खत्म हो जाती है।

इसके साथ ही जामुन की छाल का काढ़ा बनाकर खाने के बाद उससे कुल्ला करना चाहिए, यह पायरिया को ठीक करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। हफ्ते में कम-से-कम तीन दिन नीम दातून का इस्तेमाल करें। नीम का तेल भी पायरिया में लाभदायक साबित होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,60,000, रवा- 1,59,800 चांदी- टंच- 2,61,000 पाट- 2,59,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

# वाल्मीकि रामायण महाकाव्य का उपसंहार एवं उसकी महान महिमा से शिक्षा

कुश और लव कहते हैं कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा निर्मित यह रामायण नामक सर्वश्रेष्ठ आख्यान उत्तरकाण्ड सहित इतना ही है। ब्रह्माजी ने भी इसका बड़ा आदर किया है। इस प्रकार भगवान श्रीरामचन्द्रजी पहले की ही भाँति अपने विष्णु स्वरूप से परमधाम में प्रतिष्ठित हुए। उनके द्वारा चराचर प्राणियों सहित समस्त त्रिलोकी व्याप्त है।



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)

ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः।
नित्यं श्रृण्वन्ति संहृष्टाः कामं रामायणं दिवि।।
वाल्मीकिरामायण उत्तरकाण्ड सर्ग. 111-3

उन भगवान के पावन चरित्र से युक्त होने के कारण देवता, गन्धर्व, सिद्ध और महर्षि सदा प्रसन्नतापूर्वक देवलोक में इस रामायण काव्य का श्रवण करते हैं।

यह प्रबन्धकाव्य आयु तथा सौभाग्य में वृद्धि करता है और पापों का सर्वनाश करता है। रामायण वेद के समान है। विद्वान पुरुष को श्राद्धों में इसे पढ़कर सुनाना चाहिए। इसके पाठ से पुत्रहीन को पुत्र और धनहीन को धन प्राप्त होता है। जो प्रतिदिन इसके श्लोक के एक चरण का भी पाठ-पारायण करता है, वह सब पापों से मुक्त हो जाता है। इतना ही नहीं जो मनुष्य प्रतिदिन पाप करता है वह भी यदि इसके एक श्लोक का नित्य पाठ करें तो वह सारी पाप राशि से मुक्त हो जाता है। इसकी कथा को सुनाने वाले वाचक को वस्त्र, गौ और सुवर्ण की दक्षिणा देनी चाहिए। वाचक के संतुष्ट होने पर सभी देवता भी संतुष्ट हो जाते हैं।



यह रामायण नामक प्रबन्धकाव्य आयु की वृद्धि करने वाला है। जो मनुष्य नित्य इसका पाठ करता है, उसे इस लोक में भी पुत्र-पौत्र की प्राप्ति होती है और मृत्यु के पश्चात परलोक में भी उसका बड़ा सम्मान होता है। जो प्रतिदिन एकाग्रचित्त होकर प्रातःकाल, मध्याह्न, अपराह्न अथवा सायंकाल में रामायण का पाठ करता है उसे कभी कोई दुःख नहीं होता है। श्रीरघुनाथजी को अयोध्यापुरी उनके जाने के बाद बहुत दिनों तक सूनी पड़ी रहेगी। फिर राजा ऋषभ के समय यह आबाद होगी।

एतदाख्यानमायुष्यं सभविष्यं सहोत्तरम।
कृतवान प्रचेतसः पुत्रस्तद् ब्रह्माप्यन्वेमन्यतः।।
वाल्मीकिरामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 111-11

प्रचेता के पुत्र महर्षि वाल्मीकिजी ने अश्वमेध यज्ञ की समाप्ति के बाद की कथा एवं उत्तरकाण्ड सहित रामायण नामक इस ऐतिहासिक काव्य का निर्माण किया है। ब्रह्माजी ने भी इसका अनुमोदन किया है।

इस काव्य के एक सर्ग का श्रवण करने मात्र से मनुष्य एक हजार अश्वमेध और दस हजार वाजपेय यज्ञों का फल प्राप्त कर लेता है। जिसने इस लोक में रामायण की कथा सुन ली, उसने मानों प्रयाग आदि तीर्थों, गंगा आदि पवित्र नदियों, नैमिषारण्य आदि वनों और कुरुक्षेत्र आदि पुण्य क्षेत्रों की यात्रा पूरी कर ली। जो सूर्यग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में एक भार सुवर्ण का दान करता है और जो लोक में प्रतिदिन रामायण सुनता है, वे दोनों समान पुण्य के भागी होते हैं, जो कोई उत्तम श्रद्धा से भरकर श्री रघुनाथजी की कथा श्रवण करते हैं वह सब पापों से मुक्त हो जाता है और विष्णुलोक में जाता है। इतना ही नहीं जो पूर्वकाल में वाल्मीकिजी द्वारा निर्मित इस आर्षरामायण आदिकाव्य का सदा भक्तिभाव से श्रवण करता है, वह भगवान विष्णु का सारूप्य प्राप्त कर लेता है। इसके श्रवण से स्त्री, पुत्रों की प्राप्ति होती है, धन और संतति की वृद्धि होती है। इसे पूर्णतः सत्य समझकर मन को वश में रखते हुए इसका श्रवण करना चाहिए। यह परम उत्तम रामायणकाव्य गायत्री का स्वरूप है।

इतना ही नहीं उसके पिता, पितामह, प्रपितामह, वृहद प्रपितामह तथा उनके भी पिता भगवान विष्णु को प्राप्त कर लेते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है।

चतुर्वर्गप्रिदं नित्यं चरितं राघवस्य तु।
तस्माद् यत्नवता नित्यं श्रोतव्यं परमं सदा।।
वाल्मीकिरामायण उत्तरकाण्ड 111-23

श्री राघवेन्द्रजी का यह चरित्र सदा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों को देने वाला है। इसलिए प्रतिदिन यत्नपूर्वक निरन्तर इस उत्तम काव्य का श्रवण करना चाहिए।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## संगठन में जान फूंकने उतरे दिग्गज, राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने दिया मिशन ग्रास-रूट का मंत्र!

**शाजापुर।** जिले की सियासी फिजाओं में कांग्रेस ने नई गर्मी पैदा कर दी। जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय सोमवार को सिर्फ एक बैठक का गवाह नहीं बना, बल्कि संगठन को फौलादी बनाने के संकल्प का केंद्र बन गया। मौका था कांग्रेस जिला समन्वय समिति की हाई-वोल्टेज बैठक का, जहां राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त और जिला प्रभारी निर्मल मेहता ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और संगठन को धारदार बनाने का रोडमैप तैयार किया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हवा हवाई बातों का वक्त गया। अब लड़ाई जमीन पर लड़ी जाएगी। उन्होंने एसआईआर और ग्राम पंचायत कमेटियों के तत्काल गठन का अल्टीमेटम देते हुए साफ किया कि कांग्रेस का झंडा हर घर और हर गांव तक पहुंचाना ही लक्ष्य है। प्रभारी निर्मल मेहता ने भी संगठन के पेंच कसे और पदाधिकारियों को एक सुर में काम करने की नसीहत दी। सदन में कांग्रेस की ए-टीम पूरी ताकत के साथ मौजूद रही। प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार और जिला कप्तान नरेश्वर प्रताप सिंह ने स्थानीय मुद्दों पर हुंकार भरी। बैठक में यह संदेश साफ दिया गया कि सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस अब आर-पार के मूड में है। बैठक में प्रदेश सचिव रचना जैन, राजकुमार कराड़ा, जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे, भोजराज परमार, नरेश कप्तान, कमल चौधरी, आशुतोष शर्मा, इरशाद खान, सीताराम पवैया, अजीज मंसूरी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयंत सिकरवार, राजेश पारछे, स्मिता सोलंकी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रा स्वा केंद्र झूटावद में मुख्यमंत्री हृदय जांच शिविर का आयोजन



**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद में मुख्यमंत्री हृदय जांच शिविर का आयोजन कियागया अतिथियों ने भारत माता की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अतिथियों में पूर्व विधायक पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान सत्यनारायण खोईवाल मुख्य संयो जक, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव विधा नसभा संयोजक डॉ विपुल धाडी वाल विक्रम सिंह गोंदिया गुरचरण सिंह मंडल अध्यक्ष, किशन सिंह तंवर जनपद उपाध्यक्ष, मान सिंह सिसोदिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राम सिंह आचार्य, रामरतन डुंगरिया सरपंच, हरि सिंह, आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत बावल्या शंभूलाल शर्मा ने किया । जांच शिविर में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और उनकी टीम द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का उपचार किया । शिविर में 261 मरीज का पंजीयन हुआ। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 79, नेत्र रोग विशे षज्ञ द्वारा 59, बाकी अन्य मरीज हृदय रोग और मेडिसिन विशेषज्ञ के द्वारा देखे गए। इनमें से 78 की ईसीजी तथा 45 की ईको की जांच हुई। 32 मरीजों को इंडेक्स मेडि कल कॉलेज के लिये रैफर किया गया। बीएमओ डॉ शोभना भाभर ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर को सफल बनाने में प्रा स्वा केंद्र झुटावद के डॉ शरद साहू वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, आशा पारे ए एनएम, कृष्णपाल सिंह सुपर वाइजर, रितेश मीणा कुष्ठ सुपर वाइजर, प्रियंका सीएचओ, राजेंद्र प्रजापति सीएचओ, राहुल, भारत, समस्त आशा कार्यकर्ता, विक्रम, सुरेश आदि का सहयोग रहा।

## शांति समिति की बैठक में पुजारियों को सतर्क रहने की समझाइश दी



**इंगोरिया** । पुलिस थाना पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र सिंह परमार, नायब तहसीलदार प्रियंका जैन एवं थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने उपस्थित शांति समिति के सदस्यों और विशेष रूप से बैठक में बुलाए गए क्षेत्र के मंदिरों के पुजारियों से चर्चा की। इन दिनों मंदिरों में बढ़ रहे चोरी के अपराध रोकने हेतु पुजारियों को जागरूक किया और समझाइश दी गई कि मंदिर की दान पेटी 15-15 दिन के अंतराल में खोली जाए। सुरक्षा के लिए सी सी टी वी कैमरे लगाए जाए । जिससे जेवर, छत्र और चांदी की रकमें सुरक्षित रहे। चांदी के दाम बढ़ने से बदमाश सुने मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। अतः सावधान रहें। शांति समिति के सदस्यों को आगाह करते हुए अधिकारियों ने कहा कि गांव में फेरी लगाने वाले या कोई अनजान संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरन्त पुलिस को सूचना देवें। आगामी त्योहारोंके मद्देनजर महाशिवरात्रि, होली, रंगपंचमी और रमजान पर हुड़दंग करने वालों की भी शिनाख्त कर पुलिस को सूचना देवें । नाबालिग बच्चियों को मोबाइल से दूरी बनाने का प्रयास करें। आजकल डिजिटल अरेस्ट या सायबर ठगी के मामले ज्यादा हो रहें है अतः कोई वीडियो वायरल करने की धमकी दे तो डरें नही और पुलिस की सहायता ले। बैठक में बड़ी संख्या में नागरिक और शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

**नाबालिग बच्चियों को मोबाइल से दूरी बनाने का प्रयास करें**

जावदी के हनुमान मंदिर में चिलम फूंककर भगवान के जेवर चुराने वाले शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

# 600 सीसीटीवी कैमरे, 300 संदिग्धों से पूछताछ और 16 दिन के बाद मोहन बड़ोदिया पुलिस को मिली कामयाबी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

चोरी करने वाले चाहे कितने भी शातिर क्यों न हों, कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते। मोहन बड़ोदिया पुलिस ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। ग्राम जावदी के ऐतिहासिक संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुई सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने न केवल पदार्फाश किया है, बल्कि मात्र 16 दिनों के भीतर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाकर 100 प्रतिशत माल बरामद कर लिया है।

घटना 22-23 जनवरी 2026 की दरमियानी रात की है। पुलिस के अनुसार आरोपी भूपेंद्र सिंह और जितेंद्र उर्फ तांतिया पहले मंदिर पहुंचे। वहां चबूतरे पर बैठकर इत्मीनान से चिलम पी और रेकी की। जैसे ही मंदिर सुनसान हुआ, आरोपियों ने ताला तोड़कर भगवान हनुमान और माताजी के चांदी के छत्र, मुकुट, हार और दान पेटी से नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब समिति अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत और ग्रामीण मंदिर पहुंचे, तो भगवान के अंग से आभूषण गायब देख उनकी आस्था को गहरी





चोट पहुंची थी।

### 600 कैमरे बने मददगार

घटना को चुनौती के रूप में लेते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने आरोपियों पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया। थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने दिन-रात एक कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल से लेकर आगर-मालवा और राजगढ़ रोड तक लगे 600 से 700 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। करीब 200 से 300 संदिग्धों से कड़ी पूछताछ की गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसके बाद 8 फरवरी को पुलिस टीम सारंगपुर रोड पर कुम्हारिया गेट के पास चेकिंग कर रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखे। पुलिस को देख उन्होंने बाइक घुमाकर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया गया। तलाशी में उनके पास दो धारदार चाकू मिले। थाने लाकर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उन्होंने जावदी मंदिर चोरी का राज उगल दिया।

### चोरी का माल खरीदने वाला गब्बर भी गिरफ्तार

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने आगर मालवा निवासी प्रशांत उर्फ गब्बर परिहार को भी गिरफ्तार किया है, जिसने चोरी के जेवर खरीदने के लिए रखे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गए सभी चांदी के आभूषण, नकदी, वारदात में प्रयुक्त 1 लाख रुपये की बाइक और हथियार सहित कुल 4,20,570 रुपये का मशरूका बरामद किया है।

### आदतन अपराधी हैं आरोपी

पकड़े गए आरोपी भूपेंद्र सिंह 35 निवासी सतगांव और जितेंद्र उर्फ तांतिया 34 निवासी चांदनगांव पेशेवर अपराधी हैं। इनके खिलाफ शाजापुर, आगर और देवास जिलों में दर्जनों गंभीर अपराध पहले से दर्ज हैं।

### इस टीम ने कर दिखाया कमाल

इस सफल खुलासे में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल, उनि के.एन. यादव, जी.पी. चौबे, सउनि सुभाष पटेल, विजय सिंह, लाखन सिंह राजपूत, सायबर सेल प्रभारी विकास तिवारी और उनकी पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

देवास में बोर्ड परीक्षा के लिए छात्राओं से ट्रैकसूट उतरवाए

# लेट हुए छात्रों को नहीं मिली एंट्री, नकल रोकने के लिए औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। कक्षा 12वीं का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को विशेष जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

सुबह से ही विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। कुछ दूरदराज से आए विद्यार्थियों को अपने रोल नंबर तक पहुंचने के लिए दौड़ लगानी पड़ी। वहीं, कुछ केंद्रों पर देर से पहुंचे विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। जांच के दौरान विद्यार्थियों के पास मौजूद अतिरिक्त सामग्री को केंद्र के बाहर ही रखवा लिया गया। कुछ केंद्रों पर छात्राओं के ट्रैकसूट भी उतरवाए गए।



### जिले में 101 में से 11 केंद्र संवेदनशील

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के कुल 101 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें से 11 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आज 12वीं कक्षा के पहले पेपर में जिले भर में कुल 19,996 विद्यार्थी पंजीकृत थे।

परीक्षाओं में नकल रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर उज्जैन के संयुक्त संचालक (जेडी) तक उड़नदस्ते बनाए गए हैं। ये उड़नदस्ते जिले के किसी भी केंद्र पर जाकर औचक निरीक्षण कर सकेंगे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 बाइक सवार गंभीर घायल

**देवास।** अर्जुन बडौद क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को एमजी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, शाकिर खान और अफसर, दोनों मच्छुखेड़ी, महू के निवासी हैं। वे आसलपुर से एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। अर्जुन बडौद के पास एक अज्ञात बड़े वाहन के ड्राइवर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे में शाकिर खान को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अफसर को मामूली चोटें लगी हैं। घटना के तुरंत बाद, दोनों घायलों को उपचार के लिए देवास के एमजी जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 2 महीने से फरार चल रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ जिले में एसपी ने फरार आरोपी एवं स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा जिसके तहत नरसिंहगढ एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि.देवेन्द्र राजपूत ने फरार चल रहे आरोपी लालसिंह गुर्जर, विश्राम गुर्जर, अर्जुन उर्फ अरजन पिता बापूलाल गुर्जर, जगदीश पिता हरसिंह गुर्जर, दिलीप पिता केदारसिंह गुर्जर सर्व निवासी ग्राम किशोरपुरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी लालसिंह पिता देवीसिंह गुर्जर 60 साल, विश्राम पिता पर्वतसिंह गुर्जर 40 साल सर्व निवासी ग्राम किशोरपुरा, अर्जुनसिंह पिता बापूलाल गुर्जर 60 साल, जगदीश पिता हरिसिंह गुर्जर 45 साल, दिलीप पिता केदारसिंह गुर्जर सर्व निवासी ग्राम किशोरपुरा घटना दिनांक से फरार चल रहे थे उक्त आरोपियों को सूचना प्राप्त होने पर ग्राम किशोरपुरा में आरोपियो के घर दबिस देकर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# 13 वर्षीय बाल तपस्वी ने रचा इतिहास, 45 दिनों तक बाल-संत बनकर की कठोर तप-साधना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिस उम्र में बच्चों का मन खेल-कूद और चंचलता में रमता है, उस 13 वर्ष की अबोध आयु में शाजापुर के एक नन्हे बालक ने संयम और त्याग की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरे जैन समाज को गौरवान्वित कर दिया है। 45 दिनों तक परिवार के मोह से दूर, एक जैन मुनि की भांति कठोर जीवन जीने के बाद जब बाल तपस्वी गुनीत दुग्गड़ अपनी कर्मभूमि शाजापुर लौटे, तो पूरा शहर उनके स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए खड़ा मिला।

### तपोभूमि में गूंजी संयम की गाथा

राजस्थान स्थित पावन तीर्थ श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ में आचार्य भगवंत श्रीजीतरत्न विजयजी म.सा. के सानिध्य में आयोजित भव्य उपधान तपाराधना में गुनीत ने वह कर दिखाया




जो बड़ों के लिए भी दुष्कर होता है। नगर के श्रावक मंगलेश दुग्गड़ के पुत्र गुनीत ने 21 दिसंबर से 8 फरवरी तक चली साधना में न केवल हिस्सा लिया, बल्कि सबसे कम उम्र के 13 वर्षीय तपस्वी के रूप में 45 दिनों तक साधुचर्या का कठोरता से पालन किया।

### बाल हठ नहीं, यह थी तप हठ

यह शाजापुर जैन समाज के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाने वाला क्षण है। पहली बार इतनी अल्पायु के किसी बालक ने उपधान तप की उग्र आराधना सकुशल पूर्ण की है। कड़ाके की ठंड में नियमित उपवास, एकासने, आयंबिल और प्रतिक्रमण जैसी क्रियाएं करते हुए गुनीत ने 35 अन्य तपस्वियों के बीच अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया।

### वरघोड़े में उमड़ी श्रद्धा की लहर

सोमवार सुबह 9 बजे जब बाल तपस्वी का वरघोड़ा पिपली गली से आरंभ हुआ, तो दृश्य देखने लायक था। नई सड़क, आजाद चौक और कसेरा बाजार होते हुए जब यह धर्मयात्रा ओसवाल सेरी स्थित चौबीस जिनालय धाम पहुंची, तो जयकारों से आकाश गूंज उठा। समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर बाल तपस्वी का आत्मीय बहुमान किया और उनकी अनुमोदना की।

# देवास में पूर्व सैनिक की जमीन पर चलाई जेसीबी

### 3 लाख की खड़ी फसल बर्बाद; पड़ोसी को रास्ता देने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास जिले के फतेहपुर खेड़ा गांव में एक पूर्व सैनिक की निजी जमीन पर जेसीबी चलाकर जबरन रास्ता निकालने का मामला सामने आया है। सैनिक परिवार का आरोप है कि पड़ोसी को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी निजी जमीन पर यह कार्रवाई की गई, जिससे करीब 3 लाख रुपए की खड़ी फसल नष्ट हो गई और 15 लाख रुपए मूल्य की जमीन प्रभावित हुई। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को शिकायती आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सैनिक परिवार ने शिकायत में बताया कि संबंधित पड़ोसी के पास आने-जाने के लिए पहले से ही एक वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध है। लेकिन वह घूमकर जाने से बचना चाहता था, इसलिए शॉर्टकट के चक्कर में उनकी निजी जमीन को नुकसान पहुंचाकर जबरन रास्ता बना दिया गया। शिकायतकताओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आवेदन में पूछा है कि जब मौके पर तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (फ्क्र) और पटवारी जैसे जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं थे, तो आखिर किसके निर्देश पर खेत में जेसीबी चलाई गई। पीड़ित ने मुआवजा और निष्पक्ष जांच की मांग की।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती स्वर्णलता गुप्ता पति गोपालजी गुप्ता नि. 21, तात्या टोपे मार्ग, घास मंडी चौराहा फीगंज उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड म्यु. क्रमांक पुराना 16 नया नं. 35 का भाग वर्तमान म्यु० कमांक 35/1 & 35 स्थित यंत्रमहल मार्ग पथ क्रमांक-2 गली क्रमांक-1 केशव नगर कालोनी उज्जैन जिसका कुल एरिया 111-40 वर्ग मीटर होकर जिसकी चर्तुःसीमा मे पूर्व :- मकान रघुनाथ बैरवा का । पश्चिम में :- मकान किरण पालीवाल का । उत्तर में :- मकान दुबे जी का । दक्षिण मे :- सड़क । तथा पेमाईश मे लम्बाई - उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 18-29 मीटर एवं चौड़ाई - पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 6-09 मीटर होकर जो खुली भूमि है, को मय तला जमीन हवाई हक्क सहित कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त भूखण्डस्वामी को शेषविकयधन राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एंव पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम, अतिक्रमण हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7, दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रयधन भूखडस्वामी को अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायगी, सो सूचित हो ।

इति दिनांक :- 10/02/2026 ई० स्थान - उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुग्गड़ अभिभाषक**
**बी-2 भरतपूरी काम्पलेक्स ओल्ड उप-पंजीयक कार्यो. उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 98270-15921, 6260-316839**

## बड़नगर में एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर आज से



**बड़नगर।** परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आयुवेर्दाचार्य श्रद्धेय बालकृष्ण जी की प्रिय शिष्या पूज्य साध्वी देवादिति के सानिध्य में एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन 11 फरवरी को स्थानीय गीता भवन में सायं 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। शिविर में नगर व क्षेत्र के नागरिकों को परिवार सहित सादर आमंत्रित किया गया है। इस योग शिविर के माध्यम से योग एवं आयुर्वेद द्वारा मोटापा, डायबिटीज, अर्थराइटिस, हृदय रोग, थायराइड, माइग्रेन, पथरी, चर्म रोग, स्त्री रोग सहित अनेक बीमारियों में लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान, स्वास्थ्य, सकारात्मक विचारधारा एवं दायित्वों के कुशल निर्वहन के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति एवं श्री गीता भवन समिति बड़नगर के संयुक्त तत्वावधान में अधिक से अधिक नागरिकों से सहभागिता का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी सुधा त्रिवेदी, मीडिया प्रदेश प्रभारी सुषमा यादव, जिला प्रभारी श्रुति पैठणें सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगी। उक्त जानकारी ऊषा सोनी, माधुरी शर्मा, भावना जोशी एवं हंसा व्यास द्वारा दी गई।

## लोकल यूथ महासंघ मप्र ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन



**गुना।** लोकल यूथ महासंघ ने सोमवार मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं का उल्लेख करते हुए युवा राजस्व सर्वेयर की मांगों को जिला प्रशासन के समख रखा। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में लोकल यूथ महासंघ ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा नोकल यूथ की नियुक्ति फसल गिरदावरी (डिजिटल क्रॉप सर्वे) कार्य के लिए प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में जुलाई 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी। लोकल यूथ ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य को विकट परिस्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी के साथ तय समय सीमा में पूर्ण किया है और वर्तमान में शासन द्वारा प्रदाय कार्य फार्मर आईडी, भूमि ई-केवाईसी बनाने में पूरी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। उक्त सभी लोग ठंड, बरसात व धूप में एक-एक खेत में जाकर जहरीले जानवरों के खतरों से खेल कर ग्रामीणों के अभद्र व्यवहार को सहकर सर्वे कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद उनका मात्र 8 रुपए खसरा के हिसाब से पेमेंट समय पर नहीं होता है। इस मौके पर लोकल यूथ महासंघ मप्र के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार रघुवंशी ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री से मांग की है कि सर्वेयरों का नियमितकरण किया जाए, लोकल यूथ सर्वेयर को ग्राम रोजगार सहायक की तर्ज पर राजस्व सहायक का दर्जा दिया जाए। सुरक्षा बीमा सहित खसरे की दूरी 0 मीटर से 50 मीटर की जाए और उनका परिचय पत्र बनवाया जाए। ग्रामीणों के अभद्र व्यवहार के लिये शासन द्वारा सख्त निर्देश ग्रामीणों को दिया जाए। लोकल यूथ सर्वेयर की नई भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जावे एवं लोकल यूथ सर्वेयर को बिना किसी ठोस कारण के ना हटाया जावे।

In The Court Of II Additional Judge To The Court Of I Additional District Session Judge, District Court, Ujjain
Presiding Officer: **श्री कपिल नारायण भारद्वाज**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (MCA/0000173/2024)

**श्रीमती सुषमा गोयल ----वादी**
**Vs**
**ओमप्रकाश सोलंकी-----प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक: 04/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) सुशीलाबाई पति स्व. लक्ष्मीनारायण सोलंकी पता-म नं 65 काजीपुरा अंकपात मार्ग उज्जैन

यह कि प्रार्थीगण श्रीमती सुषमा गोयल पति श्री प्रदीप गोयल, पिता श्री ओमप्रकाश सोलंकी, उम्र-39 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, निवासी- मकान नंबर 61 गोवर्धनधाम कालोनी उज्जैन, क्रं.2 राहुल पिता श्री ओमप्रकाश सोलंकी, उम्र 37 वर्ष, धंधा-खेती व व्यापार, निवासी-436 मालीपुरा बिजलपुर जिला इंदौर की ओर से न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड उज्जैन जिला उज्जैन द्वारा दिवानी प्रकरण क्रं. 430-ए/2021 सुषमा व अन्य विरुद्ध ओमप्रकाश व अन्य में पारित आदेश दिनांक 04/11/2024 के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक विविध अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 सीपीसी संस्थित की है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 06 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(कपिल नारायण भारद्वाज)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश उज्जैन**
**द्वितीय अति. न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर भेजे गए एक वॉइस नोट के जरिए दी गई है, इसमें आरोपी ने करोड़ों रुपए की फिरौती की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, धमकी मिलने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह के बांद्रा स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह घटना फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद आया है, इससे मुंबई पुलिस मामले में ज्यादा सजग है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे वॉइस नोट में आरोपी ने खुद को गंभीर अपराध से जुड़ा बताया है और बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पुलिस ने वॉइस नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। मुंबई पुलिस की साइबर सेल और क्राइम ब्रांच मिलकर वॉट्सएप नंबर और वॉइस सैंपल के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमकी देने वाला व्यक्ति किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हो सकता है।

## सरकार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को आदेश

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे (ट्विटर), यू-ट्यूब, स्नैपचैट और फेसबुक को अब अपने प्लेटफॉर्म पर शेयर किए जाने वाले (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कंटेंट पर लेबल लगाना होगा। इसके साथ ही डीपफेक वीडियो-फोटो भी 3 घंटे में हटाने होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को आदेश जारी किया है। इसमें रूल्स 2021 में बदलाव किया गया है। बदले हुए नियम 20 फरवरी से लागू होंगे। इसका ड्राफ्ट सरकार ने 22 अक्टूबर 2025 को जारी किया था। नए नियम डीपफेक और एआई से बने कंटेंट को लेबल और ट्रेस करने के लिए हैं। मतलब, अब कंटेंट में साफ लिखना होगा कि यह कंटेंट असली नहीं, वाला है। इससे मिसइनफॉर्मेशन और चुनावी धांधली जैसी समस्याओं पर लगाम लगेगी। नई रूल 3(3) के तहत, जो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कंटेंट जैसी सिंथेटिकली जेनरेटेड इंफॉर्मेशन क्रिएट करने देगा, उसे हर ऐसे कंटेंट पर प्रॉमिनेंट लेबल लगाना होगा। परमानेंट यूनिक मेटाडेटा/आइडेंटिफायर एम्बेड भी करना पड़ेगा। ये लेबल विजुअल में कम से कम 10 एरिया कवर करेगा या ऑडियो में पहले 10 टाइम में सुनाई देगा। मेटाडेटा को कोई चेंज, हाइड या डिलीट नहीं कर पाएगा। प्लेटफॉर्म्स को टेक्निकल तरीके अपनाने पड़ेंगे ताकि अपलोड होने से पहले ही चेक हो जाए कि ये वाला है या नहीं।

## डबरा में कलश बांटते वक्त भगदड, महिला की मौत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा शुरू होने से पहले भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई। बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। ग्वालियर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भगदड़ तब मची जब कलश यात्रा से पहले कलश बांटे जा रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। महिलाएं एक दूसरे पर गिर गईं। वहीं मृतक महिला की बहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही से हादसा हुआ। भीड़ को कंट्रोल नहीं किया गया। इसी वजह से सास रति साहू को भीड़ कुचलते निकल गई। घायल सास को अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टर्स ने लापरवाही बरती। यहां ऑक्सीजन के लिए मेरी सास 30 मिनट तक तड़पती रही। नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दोपहर 1 बजे कलश यात्रा प्रस्तावित थी। इसके लिए महिलाओं को सुबह 11 बजे स्टेडियम पहुंचने को कहा गया था, लेकिन सुबह 9 बजे से ही महिलाएं बड़ी संख्या में ग्राउंड पर जुटने लगी थीं। भीड़ लगातार बढ़ती रही, लेकिन एंट्री गेट और अंदरूनी व्यवस्था के लिए पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया गया। दावा है कि कलश यात्रा के लिए 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, लेकिन भगदड़ के वक्त लोगों को 2 पुलिसकर्मी ही बचते दिख रहे हैं।

## बैडमिंटन खेलते समय ITBP के ASI की मौत

**शिवपुरी।** शिवपुरी स्थित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस कैंपस में सोमवार शाम बैडमिंटन खेलते समय एक सहायक उपनिरीक्षक की मौत हो गई। 51 वर्षीय नरेंद्र कुमार कोर्ट में खेलते-खेलते अचानक गिर पडे। साथी उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर राजकीय सम्मान के साथ उनके गृहग्राम सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार (51) सोमवार शाम कैंपस में बैडमिंटन खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगडी और वे अचानक जमीन पर गिर पड़े। प्रारंभिक तौर पर उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। हालांकि, असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मंगलवार को शिवपुरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद नरेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर कैंपस लाया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 458-7 | 250-7 |
| मेन बाजार | 135-9 | 360-9 |
| कल्याण नाइट | 447-7 | 126-9 |
| मिलन डे | 460-0 | 800-8 |
| मिलन नाइट | 270-9 | 467 -7 |
| मधुर डे | 890-7 | 250 -7 |
| मधुर नाइट | 246-2 | 230-5 |
| शुभांक | 1 6 | 0 |

# अधिकारी की उदासीनता के कारण गुना का जनजातीय विभाग बना कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा

दैनिक अवन्तिका » गुना

सरकारें आती-जाती रहती हैं, मुख्यमंत्री बदलते रहते हैं, मगर एक चीजकभी नहीं बदलती सुशासन का दावा। मोहन यादव सरकार भी इसी दावे के साथ आई थी कि अब व्यवस्था सुधरेगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और जनता को राहत मिलेगी। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, दावों और हकीकत के बीच की खाई और चौड़ी होती चली गई।

आज स्थिति यह है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार कोई छुपी हुई बीमारी नहीं, बल्कि एक खुला रहस्य बन चुका है, जिसे सब जानते हैं, सब सहते हैं और सरकार 'कार्रवाई जारी है' कहकर आगे बढ़ जाती है।

दरअसल ऐसा ही कुछ जिला मुख्यालय की संयुक्त बिल्डिंग में हो रहा है जहां लोकायुक्त ने रंगे हाथों अधिकारी-कर्मचारी को रिश्वत लेते तक पकड़ा है। यहां के भ्रष्ट अफसर और अधिकारी ऐसा तालमेल बैठाते हैं, किंतु उनका पहिया वेपटरी हो जाता है और फिर वे अपने आपको दूध का धुला बताने लगते हैं। जबकि उनकी कहानी में कितनी कालिख लगी हुई है ये किसी से छिपी हुई नही है। हालत ये है कि वे सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नही छोड़ रहे। आमजन की शिकायतों का निराकरण न होना और आरटीआई में जानकारी न देना भी एक रहस्य बन गया है। उक्त बिल्डिंग में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के मामले में नम्बर-1 पर गुना का जनजातीय विभाग चल रहा है। डीओ ट्रायबल की उदासीनता के कारण खबरें निकलकर सामने आ रही हैं कि जनजातीय छात्रवासों और आश्रमों में पढने वाले गरीब बच्चों को मीनू अनुसार भोजन नही मिल रहा है। इसके चलते जनजातीय कार्य विभाग के हॉस्टलों में छात्रों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। अधिकतर हॉस्टलों में बच्चों की थाली से टमाटर, चुकंदर, खीरा, मूली का सलाद गायब है। बच्चों को जली रोटियों के बीच मिक्स सब्जी के नाम पर सिर्फ पत्ता गोभी और धुलधुल दाल परोसी जा रही है। यही नहीं कई जगह सुबह-शाम नाश्ते में सूखा पोहा दिया जा रहा है। भोजन और नाश्ते में मौसमी सब्जियों और फलों के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। यह खराब गुणवत्ता और कुप्रबंधन को दर्शाता है। ऐसा ही नजारा पूर्व में उमरी आश्रम पर देखा गया था, यहां गरीब बच्चे भूख के मारे सूखे परमल खाते देखे गए।

### ऐसे होती है अधीक्षकों से अवैध वसूली और निर्माण में कमीशनखोरी

जनजातीय विभाग से लेकर चौक चौराहों पर चर्चा है कि ट्रायवल डिपार्टमेंट के प्राथमिक शिक्षक मंगलसिंह अधीक्षकों को बुलाकर अवैध वसूली और निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों को बुलाकर कमीशन लिया जाता है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि जिले की जिन पंचायतों को राशि आवंटित करने के लिए डीओ के द्वारा लिस्ट भेजी जाती है उनसे पहले ही मंगलसिंह के द्वारा एड्वांस कमीशन बतौर राशि जमा करा ली जाती है। ऐसा ही एक नजारा हमारे संवाददाता ने अपने कैमरे में कैद किया है। जिसमें मंगलसिंह शिक्षक ड्यूटी टाइम में छात्रावास अधीक्षकों को एक चाय की गुमठी पर बुलाकर चर्चा करते दिख रहे हैं। हैरानी की बात तो यह कि जब एक प्राथमिक शिक्षक जो अपनी संस्था बालक सीनियर हॉस्टल उदयपुरी नही जाते और बी सिसोदिया डीओ ट्रायवल के संरक्षण में बैठे रहते हैं उसका वर्किंग डे में अधीक्षकों से मिलना आखिर क्या दर्शाता है।

### इनका कहना है

हमारे पास में जो भी आवेदन आते हैं वो हम कलेक्टर और डीओ को भेजते हैं। कार्यवाही नही हो रही है तो कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को भी बताओ। बांकी का मैं देखता हूं और बात करता हूं।

**संजय खेडर, डीसी**
**जनजातीय विभाग ग्वालियर**

# पुलिस की लगातार मादक पदार्थो के विरुद्ध कार्यवाही जारी, आरोपी गिरफ्तार

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली आगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ अफीम के विरुद्ध प्रभावी एवं महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई।



घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 10 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली आगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कमलसिंह पिता रमेशचन्द्र आँजना निवासी ग्राम काचरिया, मोटर साइकिल से अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर बडौद से आगर की ओर विक्रय हेतु परिवहन कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा स्वतंत्र पंचों की उपस्थिति में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर झौटा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आगर-बडौद रोड स्थित यात्री प्रतिक्षालय के पास सघन चेकिंग की गई। सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर के बताए हुलिये अनुसार काले रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल पर सवार संदेही को रोककर वैधानिक प्रक्रिया अनुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी की कमर से बंधी थैली में रखी 2 किलो 655 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत तौल कर सीलबंद किया गया तथा मोटर साइकिल को भी जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 64/2026 धारा 08/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय एवं परिवहन संबंधी पूछताछ जारी है। गिरफ्तारशुदा आरोपी 1- कमलसिंह पिता रमेशचन्द्र आँजना, निवासी ग्राम काचरिया, थाना बडौद, जिला आगर मालवा जब्तशुदा मशरुका- अवैध मादक पदार्थ अफीम - 2 किलो 655 ग्राम, (कीमत लगभग 7,96,500/-), हीरो एच.एफ डीलक्स मोटर साइकिल, (कीमत लगभग ?50,000/-), कुल जब्तशुदा मशरुका की अनुमानित कीमतरू ?8,46,500/- सराहनीय भूमिका- उक्त सफ ल कार्यवाही में थाना प्रभारी शशि उपाध्य्याय, उनि संजय गुनेरा सउनि अजय जाट, प्रआर. सुनील पटेल, प्रआर. रमेश जोशी, प्र आर मानवेन्द्र गुर्जर, प्र आर बाबू बबेरिया, आरक्षक दीपक सोलंकी, आरक्षक परवेज, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, महिला आर बबिता परचौया सहित समस्त पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज बडनगर का 22वा सामुहिक विवाह समारोह सम्पन्न

**बडनगर।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज एवं सामूहिक विवाह समिति बड़नगर के तत्वावधान में 10 फरवरी मंगलवार को 22 वां सामूहिक विवाह एवं उपनयन संस्कार स्थानीय शंकर बावडी परिसर डायवर्शन रोड बडनगर में आचार्य कैलाशनारायण शर्मा भेरूपचलाना व पंडित अखिलेश दवे मुखिया के आचार्यत्व में मुख्य यजमान सतीश पंडया सपत्नीक के सानिध्य में सम्पन्न हुआ । विवाह समारोह में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्टीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल तथा अध्यक्षता सवाईसिंह पटेल ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या ,संवरक्षक गोवर्धनसिंह पटेल , वासुदेव रावल , पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल पटेल , समाज अध्यक्ष भेरूलाल पटेल , करणसिंह पंडया , मोहनलाल त्रिवेदी , रमेशचंद्र शर्मा ,नवलसिंह पटेल , भेरूलाल पंड्या उपस्थित थे। प्रारम्भ में सभी अतिथियों द्वारा इष्टदेव भगवान गोविंद माधव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया । अतिथियों का स्वागत ठा. अतुल पलवा , भूपेंद्रसिंह पंडया , डीपी भाईजी , संजय व्यास , गिरिराज रावल, सचिव मनीष पंड्या , रामेश्वर व्यास , शिक्षक सुभाष पंडया , अंतरसिंह पंडया सोह? ,मोहनलाल त्रिवेदी ,मनोहरलाल शर्मा ,पत्रकार प्रेमचंद्र द्वितीय ,घनश्याम पाठक ,जयप्रकाश त्रिवेदी ,अंकित दवे ने किया । मुख्य अतिथि सत्यनारायण पटेल ने समाज जनों से अपिल करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह एवं उपनयन संस्कार समारोह आज के समय की मांग है । क्यो की व्यस्तता के चलते व्यक्ति अनेक समारोह की अपेक्षा एक जगह ही उपस्थित हो जाता है। समाज सामूहिक आयोजन करता रहेगा जिससे समाज में एकरूपता एवं धन की अपवयता में कमी आएगी ।

## 10 फरवरी को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ एक दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर

**आगर मालवा ।** योग गुरु बाबा रामदेव की शिष्या परम पूज्य साध्वी देवादिति जी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से। एक दिवसीय नि:शुल्क एंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन 10 फ़रवरी 2026 को सरस्वती शिशु मंदिर उज्जैन कोटा रोड आगर मालवा में प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक सफ़लता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, गैस कब्ज, कमर दर्द, सर्वाइकल, स्पोंर्डिलाईटिस, एलर्जी, दमा, अस्थमा, माइग्रेन, डिप्रेशन, जोड़ो का दर्द आदि रोगों के निवारण से संबंधित योग अभ्यास के साथ योग कर्मेषु कौशलम के संकल्प के साथ महिलाओं के उत्थान,उन्नति स्वास्थ्य विचारधारा और अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के उद्देश्य से नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें साध्वी देवादिती स्वदेशी शिक्षा एवम चिकित्सा एंटीग्रेटिड पैथी के माध्यम से स्वास्थ्य और समृद्ध एवम आध्यात्मिक जीवन जीने का मार्गदर्शन दिया । आयोजन में महिला पतंजलि योग समिति,पतंजलि योग समिति,भारत स्वाभिमान न्यास,युवा भारत एवम पतंजलि किसान सेवा समिति के सहयोग से किया किया गया जिसमें अधिक संख्या में बहने, भाई और स्कूल हॉस्टल की बालिकाएं शामिल हुई स्वास्थ्य और अध्यात्म लाभ लिया गया । महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी अन्नपूर्णा संगठन मंत्री आशा पालीवाल कोषाध्यक्ष संगीता चौहान विष्णु राठौर के अथक प्रयासों से शिविर सफ ल रहा।

## सुव्यवस्थित तैयारियों के साथ शुरू हुई कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएँ

**गुना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 एवं 12 की वार्षिक परीक्षाएं आज से प्रारंभ हुईं। प्रथम दिवस कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिले में पंजीकृत 9,605 विद्यार्थियों में से 9,435 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 170 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन जिले के 52 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। इस वर्ष कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के मार्गदर्शन में विगत दो माह से परीक्षा की व्यापक तैयारियां की गई थीं। परिणामस्वरूप जिले में परीक्षाएँ पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुईं। जिले के 52 परीक्षा केंद्रों में से 9 केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया था, जहाँ पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई। इन संवेदनशील केंद्रों पर कक्षा-1 एवं कक्षा-2 श्रेणी के अधिकारियों को ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया, जिनकी उपस्थिति में परीक्षाएं संपन्न कराई गईं। परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को प्रत्येक थाने पर नियुक्त किया गया, जिनकी उपस्थिति में ही प्रश्न पत्र निकाले गए तथा केंद्राध्यक्षों को वितरित किए गए। नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर द्वारा तीन उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया।

# बाबा बैजनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**आगर मालवा।** महाशिवरात्रि पर्व जिले में श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर होने वाले आयोजनों एवं व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। प्रात:कालीन बाबा बैजनाथ का पूजन होगा, जिसके पश्चात प्रात: 7:00 बजे तक गर्भगृह में दर्शन की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद श्रद्धालु बाहर से ही दर्शन कर सकेंगे। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा, यातायात एवं कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती यादव ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के दिन बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाए तथा महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों में दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही पुलिस बल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने मंदिर परिसर में विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में मौजूद मधुमक्खी के छत्ते हटाने हेतु वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने पुलिस एवं प्रशासनिक अमले को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, मंदिर परिसर में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यातायात नियंत्रण की समुचित योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित कर श्रद्धालुओं के वाहनों को वहीं खड़ा कराया जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस एवं आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, यातायात प्रभारी जगदीश यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती किरण बरबड़े, भैरोंसिंह चौहान, सुरेश बैरागी, गिरीश बंसिया, जगदीश जादम, कमलेश गुप्ता, कार्तिकेय उपाध्याय, बैजनाथ मंदिर पुजारी मुकेश पुरी, मनीष सोलंकी, गोविंद सूर्यवंशी सहित संबंधित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका की टीम ने आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित पहुंचाया ग्राम रणवा गौशाला

**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद बड़नगर की टीम ने मंगलवार को नगर के विभिन्न मार्गों, बाजारों क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में व्यापक अभियान चलाते हुए विचरण कर रहे आवारा 18 गौवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा और उन्हें ग्राम पंचायत रणवा स्थित की श्री राम राज्य गौपाल गौशाला में छोड़ा। टीम ने मुख्य चौराहों सहित भीड़भाड़ एवं आवासीय इलाकों में विशेष रूप से यह अभियान चलाते हुए आवारा 18 गोवंश पूजन कर एवं उनके रचका खिलाकर व्यवस्थित रूप से गाड़ी में भरकर गौशाला पहुँचाया। नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता बनाए रखना नगर व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग मुरैना म.प्र.**
**प्र.क्र./0347/2024-25/अपील**
**मुरैना दिनांक 23.01.2026**

1. श्रीमती ज्योति कारखुर पत्नी स्व. हेमन्त कारखुर निवासी वार्ड क्रमांक 28 सुभाषनगर तहसील व जिला मुरैना ------ अपी.

बनाम

1. श्रीमती रशिम उर्फ रश्मी पत्नी प्रमोद सिंह निवासी मानस नगर आगरा उ.प्र.
2. श्रीमती रचना पत्नी अभय शिवहरे निवासी इन्द्रानगर उज्जैन म.प्र.
3. श्रीमती पूनम पत्नी संजय छारी निवासी विकास नगर गुना तहसील व जिला गुना म.प्र.
4. श्रीमती रितु पत्नी शशीकान्त निवासी सौ फुटा रोड शहीद नगर आगरा उ.प्र. ------ असल रेस्पो.
5. श्रीमती शीला कारखुर पत्नी स्व. प्रकाशचन्द निवासी वार्ड क्रमांक 28 सुभाषनगर क्षत्री का पुरा तहसील व जिला मुरैना --- पूरक रेस्पो.

// सूचना पत्र //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलान्ट श्रीमती ज्योति कारखुर पत्नी स्व. हेमन्त कारखुर निवासी वार्ड क्रमांक 28 सुभाषनगर तहसील व जिला मुरैना म.प्र. के अभिभाषक श्री मुनेन्द्र दिनकर द्वारा म. प्र. भू-राजस्व सहिंता 1959 की धारा 44 के अन्तर्गत आवेदन पत्र ग्राम बड़ोखर तहसील मुरैना नगर जिला मुरैना के प्रकरण क्रमांक 0486/2024-25/अ-06 में पारित आदेश दिनांक 29.07.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई। जिसमें विवादित भूमि सर्वे क्रमांक 998/क स्थित है।

अतः वादित भूमि से संबंध रखने वाले रेस्पो. को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 25.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत की गई है नियत दिनांक पर न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पक्ष समर्थन कर सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुविभाग मुरैना म.प्र.

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती अल्पना शेवडे पति श्री अरूण शेवडे निवासी अथ श्री बाणेर बी 603 पैनकार्ड रोड पूणे महाराष्ट्र के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 53 में स्थित होकर भूखण्ड क्रमांक 10 स्थित क्षिप्राजंली नगर ग्राम मालनवासा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूखण्ड जो कि फी होल्ड राईटस का है। उक्त भूखण्ड मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित्त होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 223.26 वर्गमीटर अर्थात 2400 वर्गफीट का विक्रय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में भूखण्ड कमांक 11, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 09, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 07. दक्षिण में सडक कॉलोनी की स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने ना लिखित विक्रय अनुबंध किया गया हैं तथा बयाना-राशि अदा कर दी गयी हैं, तथा शेष राशि अदा कर मूल भूखण्ड स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उक्त भूखण्ड के दस्तावेज विक्रय पत्र की मूल प्रति दस्तावेज क्रमांक 3269 विक्रय पत्र दिनांक 25.02.1983 रजिस्टर्ड कार्यालय उज्जैन जो कि कहीं गुम हो चुकी है जिसकी सूचना मूल भूखण्ड स्वामी द्वारा थाना नानाखेडा उज्जैन में थाना प्रभारी महोदय को दिनांक 10.02. 2026 को दी गई है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 10.02.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय डी.एफ. 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन म.प्र.**
**मो 9074220501**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अविनाश जादौन पिता श्री दिनेष जादौन निवासी सी-25/18, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र उज्जैन (म.प्र.) उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 27,भगतसिंह मार्ग, जयसिंपुरा उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है मेरे पक्षकार उक्त वर्णित भूखण्ड पर नगर पालिक निगम उज्जैन से भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त कर उस पर निर्माण कार्य प्रांरभ करना चाहते है लेकिन मेरे पक्षकार के भूखण्ड के पास भवन क्रमांक 26 होकर उक्त भवन क्रमांक 26 ईट मिट्टी गारे की जुडाई का षिकस्ता हालत में मेरे पक्षकार के भूखण्ड से लगा है अगर मेरे पक्षकार द्वारा द्वारा भवन का निर्माण करवाया जाता है और उक्त भवन क्रमांक 26 जो कि गिराऊ हालत में है और मेरे पक्षकार के निर्माण के दौरान भवन क्रमांक 26 को किसी प्रकार कोई क्षतिपूर्ति होती है उसकी समस्त जबावदारी उक्त सुन्दरबाई की रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक:- 10-02-2026 उज्जैन
**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**


## बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत बस स्टैंड आगर पर कार्रवाई

**आगर मालवा।** बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज 10 फ़रवरी 2026 को रोकथाम दल द्वारा बस स्टैंड आगर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन बालक भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए, जिन्हें तत्काल संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात रोकथाम दल द्वारा अर्जुन नगर कॉलोनी एवं ईदगाह रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में संपर्क कर संबंधित बच्चों के माता-पिता को सूचना दी गई। बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों के अभिभावकों को बालकों से भिक्षावृत्ति नहीं करवाने के संबंध में कड़ी समझाइश दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रखने के निर्देश दिए गए।

न्यूज-कॉलम

## क्रिकेट सट्टा पकड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** स्थानीय दशरथ नगर में एक मकान के पीछे आरोपी युवक को रुपए पैसे से हारजीत का दांव लगाकर मोबाइल से ऑनलाईन वेबसाईट पर क्रिकेट मैच पर सट्टा खिला रहा था उसे दरदबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मंदसौर कोतवाली पर 4क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट 1976 में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल से पुलिस ने एंड्राइड मोबाइल फोन व 6 रंगीन स्क्रीन शॉट की छायाप्रति जब्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी शिवसिंह (24) पिता कृष्णसिंह निवासी डोसी बिल्डिंग के पास अभिनंदन नगर मंदसौर के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## जुआं खेलते 6 पकड़ाए

**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में ताशपत्ति से जुआं खेलते हुए ६ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18 हजार 920 रुपये नगदी व जुआं उपकरण जप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलौदा थाना पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी इमरान (36) पिता इस्माईल पठान निवासी दलौदा, शोयब (28) पिता तोफीक निवासी जयपुरा, अकबर (34) पिता शहजाद निवासी मोदी चौक मंदसौर, शफी (56) पिता गफुर निवासी मदारपुरा मंदसौर, समीर (32) पिता बाबू खान निवासी गुदरी तोड़ा मंदसौर, भारत पिता प्रकाशचंद निवासी रवि मोहम्मद जिला मंदसौर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 13 जुआं एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## कल हड़ताल पर रहेंगे नपा के सफाई कर्मी

**मंदसौर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कल 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्र व्यापी हड़ताल में सफाई कामगार संयुक्त मोर्चा मंदसौर ने शामिल होने का निर्णय लिया है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है। वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ (भारत) के बैनर तले सफाई कामगार संयुक्त मोर्चा की प्रदेश महासचिव हेमा कंडारे ने सीएमओ को एक पत्र प्रेषित कर सूचित किया कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों सहित राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त आह्वान पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड यूनियनों द्वारा की जा रही मांगों का समर्थन में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मी काम पर नहीं आएंगे।

## पुलिस का विशेष जनसंवाद अभियान

**रतलाम।** महिला सुरक्षा एवं महिला अपराधों की रोकथाम को लेकर रतलाम पुलिस द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। यह अभियान श्रीमान एडीजी (महिला अपराध) श्री अनिल कुमार द्वारा महिला थाना निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन में, डीआईजी श्री निमिष अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा चौधरी द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने तथा आमजन को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

## जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया एवं समस्त परियोजना अधिकारी, सुपरवायजर उपस्थित रहे। बैठक में पोषण ट्रैकर एप, भवन निर्माण, आंगनवाडी कार्यकर्ता/ सहायिका के रिक्त पदों, प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना केंद्र संचालन की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गयी। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि भ्रमण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा सही वजन एवं ऊंचाई नही लिये जाने पाया गया।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कक्ष में लंबे समय से लंबित आवेदनों पर सुनवाई की। वहीं कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं एवं आवेदन प्राप्त किए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान कराया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए।

**भूमि सीमांकन के प्रकरण**

आवेदक बालचन्द्र सैनी एवं विष्णु हरोर, निवासी विवेकानंद कॉलोनी, जावरा ने भूमि सीमांकन के लिए पूर्व में पटवारी को आवेदन देने के बावजूद कार्यवाही नहीं होने की शिकायत की। इस पर तहसीलदार जावरा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार आवेदक राधेश्याम परमार, निवासी ग्राम हरियाखेड़ा तहसील पिपलौदा ने भी भूमि सीमांकन न होने की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार पिपलौदा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**फसल बीमा राशि का मामला**

आवेदक धनपाल सिंह, निवासी ग्राम शेरपुर तहसील पिपलौदा ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल का बीमा आईसीआईसीआई बैंक में करवाया था और प्रीमियम राशि भी जमा की गई थी, लेकिन वर्ष 2023-24 की बीमा राशि अब तक खाते में जमा नहीं हुई। इस पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

**असंगठित श्रमिक मृत्यु लाभ**

आवेदक आरिफ खान, निवासी आलोट ने बताया कि उनकी माता छम्मो पति आबिद खान का 2 मार्च 2025 को निधन हो गया था। माता का श्रम विभाग का असंगठित श्रमिक कार्ड होने के बावजूद मृत्यु पश्चात मिलने वाला लाभ अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में श्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया।

**वेतनमान से जुड़ी शिकायत**

आवेदक रामेश्वर कसारा, निवासी दीनदयाल नगर ने एनसीसी 21 बटालियन से सेवानिवृत्ति के बाद तृतीय समयमान वेतनमान 1 जुलाई 2014 से अब तक नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर संबंधित विभाग को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

# बालोदा में बुजुर्ग पर फायरिंग करने वाले कंजर गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बालोदा में रविवार रात हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या का प्रयास करने वाले कंजर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 9 फरवरी को फरियादी रामप्रहलाद नाई ने गरोठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 फरवरी की रात करीब 10 बजे उनका परिवार खाना खाकर सो गया था। रात करीब 3 बजे घर के बाहर खट-पट की आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले, तो ट्रैक्टर-ट्रॉली की ओट में कुछ अज्ञात बदमाश छिपे हुए दिखे। जब रामप्रहलाद और उनके पिता गणपतलाल ने बदमाशों को टोकते हुए आवाज लगाई, तो पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी जिससे गणपतलाल के पेट में गोली लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा घटना स्थल पहुंचे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील और एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में 5 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस को घटनास्थल के पास से दो मोटर साइकिलें और कारतूस के खाली खोखे मिले। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों कमल (30) पिता रंगलाल कंजर निवासी अरनिया डेरा हा.मु. मुण्डला कंजर डेरा, झालावाड़ (राज.) व गोविंद (31) पिता रंगलाल कंजर निवासी मुण्डला कंजर डेरा झालावाड़ (राज.) को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो बिना नम्बर की मोटरसाइकिल, 2 पीतल के कारतूस के खाली खोखे जप्त किये। पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों दिलीप, राहुल और अजय कंजर के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना की गई हैं।



## सिंगोली क्षेत्र में 15 हेक्टेयर सरकारी जमीन अतिक्रमण से मुक्त करवाई

**नीमच।** जिले के सिंगोली तहसील के ग्राम बड़ी में प्रशासन की टीम ने 15 हेक्टेयर सरकारी जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त करवाई है। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देश पर ग्राम बड़ी में अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही करते हुए कई सालों से कब्जा की गई सरकारी जमीन को जावद एसडीएम श्री मति प्रीति सँघवी और तहसीलदार प्रेम शंकर पटेल , थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक बाल किशन धाकड़ , प्रकाश शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल द्वारा कार्यवाही को अंजाम देते हुए करीब 65 बीघा भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया। राजस्व निरीक्षक बालकिशन धाकड़ ने बताया कि जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ था जिस पर वे चार दिवारी बनाकर कब्जा जमा रखा था । मौके पर स्थित जमीन पर अतिक्रमकों को कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी कब्जा नही हटाया गया था। जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त की। अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान एक किसान ने सरकारी जमीन पर खड़ी फसल होने से जावद अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)श्री मति सँघवी ने सहानुभूति बतौर उक्त किसान को 15 दिवस में अपनी फसल काटने के बाद सरकारी भूमि को खाली करने का अल्टीमेटम दिया । जिलाधिकारी ने सभी अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए है।

## रेलवे स्टेशन पर महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ : वाल्मीकि महापंचायत ने पकड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



रेलवे स्टेशन पर तीन महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ करने वाले रिक्शा चालक इमरान गुजराती को हिंदू जागरण मंच और वाल्मीकि महापंचायत के कार्यकताओं ने पकड़ लिया। आरोपी को जीआरपी थाने को सौंपा। घटना से गुस्साए पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सोमवार रात 15 से 20 मिनट तक स्टेशन रोड पर जाम भी लगाया। जीआरपी थाना ने मामले में केस दर्ज किया है।

एक महिला कर्मचारी (ठेका श्रमिक) ने जीआरपी थाने में एफ आई आर करवाई है। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन से रिक्शा चलाने वाला इमरान गुजराती यहां आए दिन मेरे और मेरी दो सहकर्मियों के साथ जातिसूचक शब्दों के साथ छेड़छाड़ करता है। साथ ही वह गंदे अश्लील इशारे भी करता है। सोमवार को हम ड्यूटी करके दोपहर 2.30 बजे ऑटो स्टैंड के पास से गुजर रहे थे, तब भी इमरान ने हमारे साथ छेडखानी की। अश्लील इशारे किए।

**रात में पहुंचे जीआरपी थाने**

घटना के विरोध में हिंदू जागरण मंच व अभा वाल्मीकि महापंचायत के साथ समाज के लोग सोमवार रात जीआरपी थाने पहुंचे।

सभी ने मिलकर रेलवे स्टेशन के बाहर 15 से 20 मिनट तक जाम लगाया। सूचना पर जीआरपी के अलावा सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंची। समझाइश व कार्रवाई के आश्वासन के बाद सभी माने।

**यह रहें मौजूद**

हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय अधिकारी राजेश कटारिया, कमलेश ग्वालियरी, जिला संयोजक जगदीश पाटीदार, सिद्धार्थ पंड्या, राहुल परमार, कृष राठौर, रॉकी भाटी और अभा वाल्मीकि महापंचायत के राष्ट्रीय सचिव राहुल निंधाने, जितेंद्र हाड़े, शुभम डागर, राहुल बिड़वान आदि मौजूद रहे। जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी ने बताया कि केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# श्री हनुमान प्राकट्य महोत्सव के एक दिन पूर्व होगा भव्य आयोजन



## इंदौर के श्री रणजीत हनुमान यात्रा के तर्ज पर मंदसौर में निकलेगी श्री वीर हनुमान यात्रा

**मन्दसौर।** श्री हनुमान प्राकट्य महोत्सव के एक दिन पूर्व 1 अप्रैल, बुधवार को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण से इंदौर के श्री रणजीत हनुमान यात्रा की तर्ज पर एक भव्य और विशाल वीर हनुमान यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में आचार्य डॉ. श्री देवेंद्र शर्मा शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री तलाई वाले बालाजी की प्रेरणा से यह जो पुनीत संकल्प हम सब के हृदय में जागृत हुआ है इसे साकार रूप देते हुए श्री वीर हनुमान यात्रा बहुत भव्यता के साथ निकाली जाएगी। यह प्रेरणा श्री बालाजी की कृपा से ही हुई है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि देव कार्य देव इच्छा से ही होते हैं। पवित्र धार्मिक नगरी मंदसौर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व यह यात्रा नगर की धर्म परंपरा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। शिक्षाविद विक्रम भटनागर ने कहा हम सभी को अब इन ५० दिनों में एक-एक दिन का सदुपयोग कर यात्रा की तैयारी में जुट जाना चाहिए। आरम्भ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने श्री वीर हनुमान यात्रा की प्रस्तावना रखी और सभी से सुझाव आमंत्रित किए।

श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण से यात्रा का शुभारंभ दोपहर ३ बजे से होगा, यात्रा गांधी चौराहा, बड़े बालाजी बस स्टैंड,भारत माता चौराहा, घंटाघर आजाद चौक, शुक्ला चौक से नयापुरा रोड पाताल लोक के सामने से कालाखेत दया मंदिर रोड होकर पूरा मंदिर प्रांगण में विसर्जित होगी। जहां उपस्थित जन मेदिनी द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। बैठक में पं.भूपेन्द्र शर्मा, दाऊ विजय वर्गीय,राजेश नामदेव, हेमन्त शर्मा, संजय गोठी,चेतन जोशी, रमेश काबरा, पत्रकार लोकेश पालीवाल, नरेन्द्र त्रिवेदी, कपिल भंडारी, राजेंद्र चाष्टा आदि उपस्थित रहे।

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



जिले में नल कनेक्शन से शेष रहे सभी 410 आंगनवाड़ी परिसरों और सभी शाला परिसरों में गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना की नल पाईप लाईन से नल कनेक्शन उपलब्ध करवाकर जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में जल प्रदाय कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए जल निगम के महाप्रबंधक को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जल निगम महाप्रबंधक श्री जितेन्द्र बिजोरिया, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यांत्रिकी विभाग श्री दीपेश वास्पत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री श्री अमित नार्गेश ने अवगत कराया, कि जिले में रतनगढ, जाट, ग्वालियर कला राजस्थान सीमा तक 41 कि.मी., जावद से मोरवन 16.5 कि.मी., नीमच चीताखेड़ा, जीरन से मल्हारगढ़ तक 36.6 कि.मी., एवं 31.4 कि.मी.आंत्री माताजी से भादवामाता सड़क का निर्माण कार्य इसी माह अंत तक अनुबंध किया जाकर प्रारंभ किया जा रहा है। इन सड़कों के निर्माण कार्य प्रारंभ होने के पूर्व यदि जल निगम द्वारा प्रस्तावित सड़कों के शोल्डर्स पर पाईप लाईन बिछाई है, तो उन्हें शिफ्ट करवाए, जिससे, कि वे सड़क निर्माण कार्य दौरान क्षतिग्रस्त ना हो। इस पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने जल निगम के महाप्रबंधक को निर्देशदिए, कि वे नवीन प्रस्तावित सड़कों के नीचे पूर्व में बिछाई गई पाईप लाईन को अन्यत्र शिफ्ट करवाए, जिससे, कि सड़क निर्माण कार्य प्रभावित ना हो और पेयजल पाईप लाईन को भी कोई नुकसान ना हो। कलेक्टर ने जल निगम को रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाने और तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होने जल निगम को सभी घरों के बाहर दिए गये नीले पाईप के माध्यम से नल कनेक्शनों को ठीक करवाकर घरों पर पाईंट एवं टोटी स्थापित कर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा, कि घरो के बाहर खुले में नीले पाईप नहीं दिखना चाहिए।



## सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमिपूजन और डोम का लोकार्पण आज

**1.75 करोड की लागत से होगा 1.10 किमी मार्ग का निर्माण**

**नीमच।** सावन से सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमिपूजन एवं 15 लाख की लागत से निर्मित डोम का लोकार्पण आज 11 फरवरी 2026 बुधवार को प्रातः 11.30 बजे नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत नीमच अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत नीमच अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, भाजपा भादवामाता मण्डल अध्यक्ष श्रीमती पूजा अनिल शर्मा, जनपद सदस्य प्रहलाद भट्ट, ग्राम पंचायत सावन सरपंच जितेन्द्रकुमार माली के विशिश्ट आतिथ्य में सावन बालाजी में सम्पन्न होगा। सावन से सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग बनने से आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा वहीं डोम का सामुदायिक उपयोग कर ग्रामीणजन इसका लाभ उठा सकेंगे।।

## जिले के दो थाना क्षेत्रों में दो सड़क हादसों में दो की जान गई

**मंदसौर।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की जान चली गई। पुलिस ने इन दोनों प्रकरणों में दो पहिया वाहन के अज्ञात चालकों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक हादसा मंदसौर के यशोधर्मन थाना क्षेत्र में हुआ जबकि दूसरी घटना दलौदा थाना क्षेत्र में घटित हुई। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार यशोधर्मन थाना क्षेत्र के कृष्णा रेस्टोरेंट के सामने रेवास देवड़ा रोड़ ऋषियानन्द कुटिया मंदसौर पर 1 फरवरी की रात करीब 11.30 बजे हुए इस हादसे में आरोपी ने अपनी मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें तुलसीदास (22) पिता केशवदास बैरागी निवासी जीरन जिला नीमच की मृत्यु हो गई। एक अन्य दुर्घटना दलौदा थाना क्षेत्र में 15 जनवरी को हुई। वाहन चालक द्वारा अपना वाहन, तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और वीरेन्द्र कुमार पिता महेन्द्रकुमार जैन की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसे आई चोटों के कारण वीरेन्द्र जैन की मृत्यु हो गई।

## मंदसौर में लगा रोजगार मेला, 115 युवाओं का पंजीयन, 30 का चयन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर मंदसौर में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंदसौर धर्मेंद्र कुमार यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। रोजगार मेले में कुल 115 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 30 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। एसआईएस सुरक्षा भर्ती के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के पांचों विकास खंडों में मेले का आयोजन पूर्ण होने के पश्चात सुरक्षा भर्ती में चयनित युवाओं की संख्या पृथक से प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया। विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज 11 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद पंचायत परिसर सीतामऊ में किया जाएगा।

## इंटरनेशनल वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप में रानेरा ने जीते गोल्ड मेडल

**मंदसौर।** बंगलौर में आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड योग चैंपियनशिप में पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किये। वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप एवं योगा फेस्टिवल २०२६ का आयोजन बेंगलुरु में किया गया। चैंपियनशिप में भारत, श्रीलंका, स्विट्जरलैंड, वियतनाम सहित दस देशों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश से धर्मेन्द्र सिंह रानेरा, कृष्णपाल सिंह, अमितेश सिंह, अथर्व सिंह, अदित्रीसिंह, आविष्का सिंह ने अपने -अपने समूह में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किए। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले से धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने स्पोर्ट्स योगा, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक में तीन गोल्ड मेडल जीते। शानदार प्रदर्शन के कारण धर्मेन्द्र सिंह रानेरा को चैंपियनों का चैंपियन में सीधे प्रवेश मिला और वहां भी अपने ग्रुप वेटरन ए में चौंपियनों का चैंपियन बने। श्री रानेरा को प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल और शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

## लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता ने उठाया नए मत्स्यपालन संकुलों का मुद्दा

**मंदसौर।** लोकसभा में मंदसौर से सांसद सुधीर गुप्ता ने देश में मत्स्यपालन क्षेत्र के विकास को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। उन्होंने मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत शुरू किए गए नए मत्स्यपालन संकुलों से संबंधित जानकारी मांगी। सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने अतारांकित प्रश्न संख्या 1651 के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या देश में नए मत्स्यपालन संकुल प्रारंभ किए गए हैं, यदि हां तो उनका राज्यवार एवं स्थानवार विवरण क्या है। साथ ही उन्होंने इन संकुलों के निर्माण पर होने वाले अनुमानित व्यय, इनके प्रारंभ होने की समय-सीमा तथा इनकी मुख्य विशेषताओं के बारे में भी जानकारी चाही। इसके अतिरिक्त सांसद गुप्ता ने यह भी प्रश्न किया कि मत्स्यपालन के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अन्य कौन-कौन सी प्रमुख योजनाएं एवं पहलें शुरू की गई हैं।

## लाइन में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नीमच।** पुलिस लाइन में पदस्थ 50 वर्षीय हेड कांस्टेवल हेड कॉनटेवल होशियार सिंह ने अपने विभाग की कर्मचारियों की प्रताड़ना और परेशानियों से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने तीन पेज के अलग-अलग सुसाइड नोट लिखा, जो कि डीजीपी, डीआईजी और एसपी के नाम लिखा गया था। इस सुसाइड नोट में पुलिस महकमें व्याप्त भ्रष्टाचार की बात कही गई और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। हेड कांस्टेबल होशियार सिंह स्वास्थ्य कारणों से पिछले कुछ दिन से छूट्टी पर था। सोमवार ड्यूटी पर आना था. इससे पहले वह रविवार को जहरीला पदार्थ खाकर पुलिस कंट्रोल पहुंच गया।



## युवा संसद संस्था ने स्थापना दिवस पर अस्पताल में फल वितरण व गौशाला में की सेवा

**महिदपुर।** समाज सेवा से जुड़ी संस्था युवा संसद (सामाजिक सेवा संकल्प अभियान) ने अपना स्थापना दिवस 8 फरवरी को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने शासकीय अस्पताल महिदपुर में भर्ती मरीजों को फल, चाय व बिस्किट वितरित किए। इसके पश्चात संस्था के सदस्य श्री गोपाल गौशाला, आमडी खेड़ा कटन पहुंचे, जहाँ गौसेवा के तहत पशु आहार कराया गया। पशु आहार भामाशाह दानदाता महिदपुर के खली व्यापारी गुरमीत सिंह खालसा द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में पत्रकार विशाल शर्मा सहित संस्था व संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संस्था के मंडल संयोजक जितेन्द्र पाठक ने बताया कि संस्था वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं गौसेवा से जुड़े विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों के माध्यम से सेवा कार्य करती है। स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य समाज के प्रति जिम्मेदारी को और मजबूत करना है।

## साहित्य के महाकुंभ में गूंजा शाजापुर का नाम, ज्वलंत की पलकों पर युद्ध का शंखनाद



**शाजापुर।** जब शब्दों की धार और भावों का वेग कागज पर उतरता है, तो एक कालजयी रचना का जन्म होता है। इंदौर की साहित्यिक धरा पर सजे देश के दिग्गज विचारकों और साहित्यकारों के सबसे बड़े जमावड़े नर्मदा साहित्य मंथन में, शाजापुर की माटी के लाल ने अपनी लेखनी का लोहा मनवाया है। विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित इस भव्य साहित्य उत्सव में देशभर के मूर्धन्य विद्वानों के बीच, शाजापुर के ओजस्वी कवि एवं मनीषी जितेन्द्र देवतवाल ज्वलंत की बहुप्रतीक्षित काव्य-कृति पलकों पर युद्ध का लोकार्पण हुआ। यह क्षण न केवल साहित्य जगत के लिए, बल्कि समूचे शाजापुर के लिए गौरव का विषय बन गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पुस्तक का विमोचन गरिमामय मंच पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद प्रख्यात वक्ता एवं स्तंभकार अनुपम मिश्र, डीएवीवी के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई, कार्यक्रम संयोजक रंग पेंढारकर और सत्र संचालक जितेन्द्र व्यास ने कृति का विमोचन किया। अतिथियों ने ज्वलंत कीकृति को वर्तमान समय का एक सशक्त साहित्यिक दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि पलकों पर युद्ध केवल एक किताब नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और संघर्ष का जीवंत चित्रण है। उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से कवि का अभिनंदन किया।

## केंद्रीय मंत्री मांडविया से मिलकर राज्यमंत्री टेटवाल ने रखी मांगें

**सारंगपुर।** दिल्ली प्रवास के दौरान मप्र शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री



डॉ. मनसुख एल. मांडविया से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। राज्यमंत्री ने इस अवसर पर मॉडल करियर सेंटर की स्थापना, खेल अकादमी भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना तथा सर्वसुविधायुक्त खेल स्टेडियम की स्वीकृति से संबंधित मांगों के औपचारिक पत्र केंद्रीय मंत्री को सौंपा। राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने हेतु अन्य स्थानों पर जाना पडता है। इन संस्थानों की स्थापना से युवाओं को करियर मार्गदर्शन, रोजगार के अवसर, एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि हमें विश्वास है कि केंद्र सरकार के सकारात्मक सहयोग से ये प्रयास शीघ्र ही धरातल पर उतरेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## पत्नी की दवा लेने जा रहे बुजुर्ग को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हादसे के बाद मानवीयता दिखाने के बजाय ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। घटना दोपहर करीब 11 से 12 बजे के बीच निपानिया जोड़ के पास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मांगलिया निवासी मांगीलाल रावत बाइक पर सवार होकर अपने गांव से मोहन बड़ोदिया जा रहे थे। वे अपनी बीमार पत्नी के लिए दवा लेने निकले थे, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल मांगीलाल को उठाया और मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल बुजुर्ग का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

### सिंग्नल विहीन शहर के चौराहे

# वाहनों की अनियंत्रित गति से हादसों का अंदेशा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में लगातार ट्राफिक बढ़ता जा रहा है लेकिन शहर के किसी भी चौराहे पर यातायात सिग्नल नहीं लगाए गए है। शहर की सड़कों पर नाबालिग तेज गति से वाहन दौड़ाते है। चौराहों पर सिग्नल नही होने से हादसा हो सकता है।

तेज रफ्तार लगाम के लिए जरुरी है सिग्नल व्यवस्था

शहर की सड़कों पर नाबालिग और नौसिखिया युवक युवतियां तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते नजर आ रहे है। यातायात नियमों की जानकारी के अभाव और अव्यवस्थित यातायात से वे हादसों का शिकार हो सकते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी अश्वेंद्रसिंह छाबड़ा, एलएन त्रिकार आदि का कहना है कि



शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर सिग्नल लगना चाहिए। शहर में ट्रैक्टर-ट्राली, दो पहिया और कमर्शियल वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे शहर मे यातायात दबाव बढ़ गया है। वहीं नौसिखिये वाहनचालकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

थाने के सामने से नियम विरुद्ध यात्रियों को लेकर जाते है ट्रैक्टर-ट्राली

उल्लेखनीय है कि शहर से होकर ग्रामीण क्षेत्रो में जाने वाले लोडिंग वाहनों में जमकर यात्रियों को सवार किया जाता है। वही थाने के सामने से नियम विरुद्ध यात्रियों को लेकर ट्रैक्टर-ट्राली गुजरते है, जो कि कभी भी हादसे की वजह बन सकते है, इन पर रोकथाम होना चाहिए।

**नपा लगाती है सिग्नल**

शहर में चौक चौराहों पर यातायात सिग्नल लगाने की जिम्मेदारी नपा द्वारा की जाती है। शहर में बस स्टैंड के समीप भेरू दरवाजा मार्ग तिराहा, पाड़ल्यामाता तिराहा, अकोदिया मार्ग तिराहा, शहर के रिहायसी तरुण अटेंशन चौराहा, त्रिपोलिया बाजार, गांधी चौक, कालीसिंध नदी के समीप तिराहा, पंड़ितवाड़ी तिराहा आदि स्थानों पर सिग्नल लगाने की आवश्यकता महसूस होने लगी है। नपा सीएमओ ज्योति सुनहरे ने कहा कि प्रशासनिक अमले के साथ बैठक कर इस विषय में रुपरेखा तैयार की जाएगी।

### बजट में गांव, गरीब, किसान की अनदेखी, कांग्रेस का आरोप

# किसान का नाम तक नहीं, मजदूर को भी कुछ नहीं मिला- ब्लाक अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

विगत दिवस संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश



सोमानी ने कडी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बजट को गांव, गरीब, किसान और मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि यह ग्रामीण भारत की अनदेखी का स्पष्ट उदाहरण है। उनके मुताबिक बजट में किसानों के लिए किसी भी तरह की ठोस राहत नजर नहीं आती।

सोमानी ने कहा कि यह पहला ऐसा बजट है, जिसमें किसान का नाम तक नहीं लिया गया। न सिंचाई के लिए कोई नई योजना घोषित की गई, न खाद-बीज की सब्सिडी बढाई गई और न ही खेतिहर मजदूरों के लिए कोई राहत दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने और फसल बीमा योजना में सुधार पर भी सरकार ने चुप्पी साध ली। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश का किसान बढती खेती लागत, गिरते फसल दाम, बढते कर्ज और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर न तो गंभीर चर्चा हुई और न ही कोई समाधान दिया गया। इसके उलट, इंफ्रास्ट्रक्चर और बडे कॉरपोरेट्स को प्राथमिकता दी गई है। सोमानी ने कहा कि बजट में ग्रामीण रोजगार, सिंचाई सुविधाएं, मिट्टी स्वास्थ्य, फसल विविधीकरण और खेतिहर मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी जैसी योजनाओं का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि - विकसित भारत- का सपना दिखाकर ग्रामीण भारत को अंधेरे में धकेला जा रहा है। सोमानी ने सरकार से मांग की है कि वह किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुने, एमएसपी को कानूनी गारंटी दे, खाद-बीज पर सब्सिडी बढाए और बजट में किसानों व ग्रामीण भारत के लिए वास्तविक राहत के प्रावधान शामिल करें।

## बोर्ड की परीक्षा में 10 केंद्रों में पर 4245 विद्यार्थी शामिल हुए

**तराना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकंडरी की मुख्य परीक्षा 10 फरवरी से एवं हाई स्कूल परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई। परीक्षा में तराना विकासखंड के 10 परीक्षा केंद्रों में कुल 4245 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें हाई स्कूल के 2690 तथा हायर सेकंडरी के 1555 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सांदीपनि विद्यालय तराना के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि मंडल द्वारा इस वर्ष तराना विकासखंड में 10 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। जिसमें 9 परीक्षा केंद्र सामान्य तथा 1 केंद्र को अति संवेदनशील घोषित किया है। जिसमें स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा देंगे। कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक चलेगी तथा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 6 मार्च तक चलेगी। सभी परीक्षार्थियों को केंद्र पर सुबह 8 से 8:30 के बीच उपस्थित होना अनिवार्य है। मंडल द्वारा इस वर्ष सख्त निर्देश दिए गए हैं कि 8:30 बजे के बाद किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पश्चात विद्यार्थियों को 8:45 बजे तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने दिया जाएगा। 8:45 के बाद किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### मोडी चौराहे पर सुरक्षा से खिलवाड़

# रेलिंग हटाने व कचरा जलाने से बढ़ा हादसों का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

राष्ट्रीय राजमार्ग NH 552G पर स्थित मोडी चौराहे पर इन दिनों सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। कुछ दुकानदारों और असामाजिक तत्वों द्वारा सड़क किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग को जबरन निकाला जा रहा है। यह रेलिंग आम नागरिकों, वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए लगाई गई थी। लेकिन इसे हटाने से मुख्य मार्ग पूरी तरह असुरक्षित होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों से रेलिंग चोरी भी हो चुकी है, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुँच रहा है।

रात के समय यह समस्या और भी गंभीर रूप ले लेती है। रेलिंग न होने से तेज गति से आने वाले वाहन सीधे सर्विस रोड और दुकानों की ओर घुसने का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी इस स्थान पर छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं,



लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

इसी के साथ दूसरी बड़ी समस्या सड़क किनारे रोजाना कचरा जलाने की है। कई दुकानदार शाम होते ही कचरे में आग लगा देते हैं, जिससे आसपास बिछी बिजली की केबलें जल रही हैं। हाल ही में कचरा जलाने के कारण एक साइड की पूरी स्ट्रीट लाइट बंद हो गई, जबकि दूसरी ओर की लाइट भी प्रभावित होने की कगार पर है। अंधेरा होने से राहगीरों, महिलाओं और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले की सूचना मिलने पर हाईवे इंजीनियर अजय मालवीय एवं मैनेजर वीजापुरा तल्हा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। 1033 स्टाफ के सलमान खान, महेश मालवीय और सुनील गुर्जर भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि रेलिंग से छेड़छाड़, अतिक्रमण और कचरा जलाने जैसी गतिविधियाँ तुरंत बंद की जाएँ, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**समाधान नहीं निकला**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। लोगों ने मांग की है कि रेलिंग हटाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए तथा कचरा जलाने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए तो यहाँ कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, नगर परिषद और हाईवे प्राधिकरण से संयुक्त अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

## सारंगपुर में आज एक शाम श्री नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के नाम

**सारंगपुर।** श्वेतांबर जैन श्री नाकोडा पार्श्व भैरव भक्त परिवार के तत्वावधान में आज 11 फरवरी को एक शाम श्री नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के नाम भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं संगीतकार वैभव बागमार (बालोतरा) अपनी प्रस्तुति देंगे। समाजसेवी अखिलेश जैन ने बताया कि यह भक्ति संध्या 11 फरवरी बुधवार शाम 7 बजे से नगर के एक निजी परिसर में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भजनों, स्तुतियों और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां होंगी, जिनके माध्यम से श्रद्धालु नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के चरणों में अपनी आस्था प्रकट करेंगे। नाकोडा भैरव राजस्थान के बाडमेर जिले में बालोतरा के समीप स्थित एक प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल से जुडे हुए हैं। उन्हें भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर का रक्षक क्षेत्रपाल माना जाता है। नाकोडा भैरव को हाजरा हजूर यानी प्रत्यक्ष उपस्थित देव के रूप में पूजा जाता है। भैरव की प्रतिमा मुख्य पार्श्वनाथ मंदिर के दाईं तरफ संगमरमर की छतरी में विराजित है। यह तीर्थ जैन धर्म में विशेष रूप से श्वेतांबर समुदाय के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, हालांकि अन्य समुदायों के श्रद्धालु भी यहां गहरी आस्था रखते हैं। मान्यता है कि नाकोडा भैरव देव अपने भक्तों के कष्ट दूर करते हैं और तीर्थ की रक्षा करते हैं। नाकोडा तीर्थ का इतिहास लगभग 2000 वर्ष से अधिक पुराना बताया जाता है, जहां मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है।

## विषय बदलकर पीजी करना है तो मार्च में देना होगी पात्रता परीक्षा




**सारंगपुर।** सत्र 2026-27 से कॉलेजों में पीजी कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह बदल जाएगी। अब पहली बार कॉलेजों में पीजी में प्रवेश के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य होगी। अब तक सीयूईटी-पीजी के जरिए केवल यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट में ही एडमिशन होते थे। अब कॉलेजों में संचालित पीजी कोर्स में भी इसी परीक्षा से दाखिला मिलेगा। उच्च शिक्षा विभाग ने यह व्यवस्था पहली बार लागू की है। मार्च में पात्रता परीक्षा होगी। इसकी अधिसूचना इसी माह विश्वविद्यालय जारी करेगा। परीक्षा से पांच दिन पहले एडमिट कार्ड मिलेंगे। 30 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित होंगे। मेरिट के आधार पर कॉलेज और कोर्स का आवंटन होगा। 1 मई से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछले साल विभाग ने संकाय बदलने वाले छात्रों के लिए पात्रता परीक्षा का निर्णय लिया था, लेकिन वह लागू नहीं हो सका। तब केवल पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर एडमिशन दिए गए थे। अब यह व्यवस्था औपचारिक रूप से लागू कर दी गई है।

## स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर के लिए मंत्री पंवार ने की उपमुख्यमंत्री से भेंट

**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर की आगामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की। चर्चा में ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण, आवश्यक स्टाफ, तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ब्यावरा क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई मजबूती प्रदान करेगी। यह केंद्र न केवल समय पर जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की मजबूरी से भी राहत दिलाएगा।

### 6 पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण, ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें

# विकास, सेवा और समृद्धि के संकल्प के साथ मंत्री पंवार ने दी ब्यावरा विधानसभा को लगभग 3.96 करोड़ की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का 6 ग्राम पंचायतों में विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि हम खेती-किसानी से जुड़े लोग हैं और किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

**जैविक खेती को बढ़ावा दे**

मंत्री पंवार ने जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देशभर में प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की लागत कम हो रही है, बल्कि स्वस्थ्य उत्पादन के साथ बाजार में बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है।

**शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य**

मंत्री श्री पंवार ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए




कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा के स्तर में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा नए स्कूल भवनों का निर्माण, सांदीपनी स्कूल, अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएँ अपने गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।

मंत्री पंवार ने कहा कि मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, लैपटॉप एवं साइकिल वितरण, निशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरण जैसी योजनाओं से गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

**डबल इंजन सरकार से चहुंमुखी विकास**

मंत्री पंवार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कारण मध्य प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्ष 2003 से पूर्व कांग्रेस शासन में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में चला गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी और तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है।


**जल परियोजनाओं से बदली क्षेत्र की तस्वीर**

मंत्री पंवार ने जिले की बड़ी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोहनपुरा डैम, कुंडालिया डैम, सुठालिया परियोजना और पार्वती परियोजना से क्षेत्र में जल उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ा, कृषि को मजबूती मिली, किसान समृद्ध हुआ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनी। इन परियोजनाओं से लोगों की आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में ही क्यों मनाते हैं। और पहली बार किसने वैलेंटाइन डे मनाकर इस दिन की शुरूआत की, ये जानना रोचक हो सकता है।

# पहली बार किसने मनाया था वैलेंटाइन डे?

## जानिए तारीख, इतिहास और महत्व



हर साल 14 फरवरी को मनाया जाने वाला वैलेंटाइन डे प्यार, रोमांस और रिश्तों का सबसे खास दिन माना जाता है। इस साल भी यह दिन दुनिया भर में उत्साह और रोमांस के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर लोग अपने पार्टनर को खास महसूस कराने के लिए गिफ्ट, फूल और प्यार भरे संदेश देते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वैलेंटाइन डे की शुरूआत कब और किसने की?

पहली बार किसने वैलेंटाइन डे मनाया? इस दिन का इतिहास क्या है और क्यों वैलेंटाइन डे मनाने की जरूरत पड़ी। आइए जानते हैं वैलेंटाइन डे का पूरा इतिहास, महत्व और इसे मनाने की वजह।

### कब है वैलेंटाइन डे?

तारीखः 14 फरवरी 2026, दिनः शनिवार

### पहली बार किसने मनाया?

वैलेंटाइन डे की शुरूआत संत वैलेंटाइन (ंॅ्रल्ल३ श्ॅल्ल३ल्ली) से जुड़ी मानी जाती है। इतिहास के अनुसार, तीसरी शताब्दी में रोम के एक पादरी संत वैलेंटाइन ने प्रेम और विवाह के अधिकार के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

### वैलेंटाइन डे का इतिहास

रोमन सम्राट क्लॉडियस द्वितीय को लगता था कि शादीशुदा सैनिक अच्छे योद्धा नहीं होते, इसलिए उसने सैनिकों की शादी पर रोक लगा दी। लेकिन संत वैलेंटाइन ने इस आदेश का विरोध किया और चोरी-छिपे प्रेमियों की शादी करवाई।

जब यह बात सम्राट तक पहुंची, तो संत वैलेंटाइन को जेल में डाल दिया गया और 14 फरवरी को उन्हें फांसी दे दी गई। कहा जाता है कि उन्होंने मरने से पहले जेलर की बेटी को एक पत्र लिखा था, जिस पर लिखा था-

**"From Your Valentine"**

यहीं से वैलेंटाइन डे की परंपरा शुरू हुई।

वैलेंटाइन डे पहली बार कब मनाया गया?

पहली आधिकारिक शुरूआतः 496 ईस्वी

### घोषणा : पोप गेलासियस प्रथम द्वारा

इसके बाद यह दिन धीरे-धीरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाने लगा।

### क्यों मनाया जाता है?

वैलेंटाइन डे मनाने का उद्देश्य,
प्रेम और रिश्तों का सम्मान करना
भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना

### अपने प्रियजन को खास महसूस कराना

आज यह दिन सिर्फ कपल्स तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दोस्त, पति-पत्नी और परिवार के लोग भी एक-दूसरे को प्यार का एहसास कराते हैं।

### वैलेंटाइन डे का महत्व

आधुनिक समय में वैलेंटाइन डे, रिश्तों में मजबूती लाने का अवसर देता है
प्यार, विश्वास और समर्पण का संदेश देता है
युवा वर्ग के बीच खास लोकप्रिय है
फूल, चॉकलेट, ग्रीटिंग कार्ड और रोमांटिक डेट इस दिन की पहचान बन चुके हैं।

### वैलेंटाइन सप्ताह की शुरूआत

वैलेंटाइन डे से पहले पूरा सप्ताह प्रेम सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें रोज डे, प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, हग डे और किस डे शामिल हैं।

# पार्टनर को बनाकर खिलाएं दिल के आकार का पिज्जा

अगर आप वैलेंटाइन वीक के मौके पर कुछ खास पकवान बनाना चाहते है तो दिल के आकार का पिज्जा तैयार करें।



वैलेंटाइन वीक प्यार का इजहार करने का सबसे खूबसूरत मौका होता है। इस खास मौके पर अगर आप अपने पार्टनर को कुछ अलग और खास सरप्राइज देना चाहते हैं, तो घर पर बना दिल के आकार का पिज्जा एक बेहतरीन आइडिया हो सकता है।

हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि अक्सर बाहर जाकर महंगे डिनर की बजाय घर पर प्यार से बनाया गया फूड ज्यादा खास लगता है। दिल के शेप में बना पिज्जा न सिर्फ देखने में खूबसूरत होता है, बल्कि आपके जज्बात भी बयां करता है। खास बात यह है कि इसे बनाना बहुत आसान है और इसके लिए ज्यादा प्रोफेशनल कुकिंग स्किल्स की भी जरूरत नहीं पड़ती।

आप अपने पसंदीदा टॉपिंग्स और चीज का इस्तेमाल करके इसे और भी टेस्टी बना सकते हैं। वैलेंटाइन वीक के मौके पर यह पिज्जा रोमांटिक डिनर को यादगार बना देगा और आपके पार्टनर के चेहरे पर खास मुस्कान ले आएगा। तो आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

### पिज्जा बनाने के लिए जरूरी सामग्री

• मैदा • ड्राई यीस्ट • चीनी • नमक • गुनगुना पानी • ऑलिव ऑयल • पिज्जा सॉस • मोजरेला चीज • शिमला मिर्च • प्याज • टमाटर • स्वीट कॉर्न • ऑलिव्स, • चिली फ्लेक्स • ओरिगैनो

**नोट-** टॉपिंग के लिए अपनी पसंदीदा सब्जियों का इस्तेमाल करें।

### पिज्जा बनाने की विधि

दिल के आकार का पिज्जा बनाने के लिए सबसे पहले ड्राई यीस्ट को सक्रिय करना होता है। इसके लिए एक छोटे बाउल में गुनगुना पानी लें और उसमें ड्राई यीस्ट और चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे लगभग 10 मिनट के लिए अलग रख दें, जब तक कि यीस्ट फूल कर झाग न बनने लगे। इसके बाद मैदा और नमक को एक बड़े बाउल में डालें और बीच में इस यीस्ट का मिश्रण डालें। इसमें ऑलिव ऑयल डालकर नरम और लोचदार आटा गूंथ लें।

अगर आटा बहुत सूखा लगे तो थोड़ा पानी डाल सकते हैं और अगर बहुत चिपचिपा लगे तो थोड़ी मैदा डालें। गूंथे हुए आटे को ढककर किसी गर्म स्थान पर लगभग 1 घंटे के लिए रख दें ताकि यह दोगुना फूल जाए। फूलने के बाद आटे को हल्का दबाकर गैस निकाल दें और इसे दिल के आकार में बेलें। इसके लिए आटे के बीच को थोड़ा दबाएं और ऊपर की तरफ दो सिरे बनाकर दिल की आकृति तैयार करें।

अब इस दिल के आकार वाले आटे पर पिज्जा सॉस समान रूप से फैलाएं। इसके बाद अपनी पसंदीदा सब्जियां जैसे प्याज, शिमला मिर्च, टमाटर, स्वीट कॉर्न और ऑलिव्स सजाएं। इसके ऊपर कद्दूकस किया हुआ मोजरेला चीज डालें और स्वाद बढ़ाने के लिए चिली फ्लेक्स और ओरिगैनो छिड़क दें।

ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस (350°F) पर प्रीहीट करें और पिज्जा को बेकिंग ट्रे में रखकर 12-15 मिनट तक बेक करें, या जब तक चीज पूरी तरह मेल्ट और हल्का ब्राउन न हो जाए। बेकिंग के बाद पिज्जा को थोड़ी देर ठंडा होने दें, फिर गरमा-गरम सर्व करें।



न्यूजीलैंड ने यूएई के खिलाफ टी20 विश्व कप के मुकाबले में एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। टिम सीफर्ट और फिन एलेन ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे कीवी टीम ने 10 विकेट से विरोधी टीम को हराया।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया, सीफर्ट और एलेन की शानदार साझेदारी

**चेन्नई।** टिम सीफर्ट और फिन एलेन की शानदार साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया। यूएई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। यूएई ने मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफु के अर्धशतकों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने सीफर्ट और एलेन के नाबाद अर्धशतकों की मदद से 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप में यह लगातार दूसरी जीत है।



### सीफर्ट-एलेन के सामने बेदम दिखा यूएई

लक्ष्य का पीछा करते हुए सीफर्ट और एलेन ने न्यूजीलैंड को मजबूत शुरूआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआती से ही आक्रामक रुख अपनाया और यूएई के गेंदबाजों को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया। यूएई ने न्यूजीलैंड के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन सीफर्ट और एलेन ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उससे ये लक्ष्य आसान बन गया। सीफर्ट और एलेन के बीच पहले विकेट के लिए 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। सीफर्ट 42 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 89 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि एलेन ने 50 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के सहारे नाबाद 84 रन बनाए।

### शराफु-वसीम की शानदार साझेदारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को पहला झटका शुरूआत में ही लग गया था। जैकब डफी ने आर्यंश शर्मा को आउट किया जो आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हालांकि, मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफु ने टीम को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। इस दौरान अलीशान शराफु ने 39 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। शराफु और वसीम ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। हालांकि, सैंटनर आखिरकार इस साझेदारी को तोड़ने में सफल रहे। सैंटनर ने शराफु को आउट किया जो 47 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुए।

### वसीम का पचासा

शराफु के आउट होने के बाद यूएई की पारी धीमी पड़ गई, लेकिन वसीम अपनी पारी बढ़ाते रहे। यूएई को हर्षित कौशिक के रूप में तीसरा झटका लगा जो दो रन बनाकर ग्लेन फिलिप्स का शिकार बने। इसके बाद वसीम ने 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वसीम एक छोर से मोर्चा संभाले रहे जिससे यूएई का स्कोर 170 रन के पार पहुंचने में सफल रहा। वसीम 45 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाकर नाबाद रहे। यूएई के लिए मयंक कुमार ने 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, जबकि शोएब खान सात रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी को दो विकेट मिले, जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**यूएईः** आर्यंश शर्मा (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफु, मयंक कुमार, शोएब खान, हर्षित कौशिक, मोहम्मद अरफान, ध्रुव पराशर, हैदर अली, जुनैद सिद्धिकी, मोहम्मद रोहिद खान।

**न्यूजीलैंडः** टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलेन, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चापमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जेम्स नीशाम, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, जैकब डफी।

# आंध्र को हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा बंगाल

**कल्याणी।** बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आंध्र को पारी और 90 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बंगाल का सामना अब सेमीफाइनल में 15 फरवरी से जम्मू-कश्मीर के खिलाफ होगा, जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तराखंड का मुकाबला कर्नाटक से खेला जाएगा। बंगाल के लिए इस मैच में पहले सुदीप कुमार घरामी ने शानदार बल्लेबाजी की और फिर शाहबाज अहमद की अगुआई में गेंदबाजों ने अपना दम दिखाया।

आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने अपनी पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र की टीम दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले ही तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने टेके घुटने? भारत से मैच खेलने पर पीसीबी को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का मुकाबला नहीं खेलने पर यू-टर्न ले लिया है। अब खबर सामने आ रही है कि पाकिस्तान ने अपने फायदे के लिए आईसीसी के सामने घुटने टेक दिए। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, आईसीसी ने भारत से खेलने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को छूट देने का वादा किया था, लेकिन यह छूट क्या होगी इसकी जानकारी टी20 विश्व कप के खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक की जाएगी।

आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि वह टी20 विश्व कप में नहीं खेलने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करेगा। इसके अलावा बांग्लादेश को 2028-31 चक्र के बीच किसी आईसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी सौंपने की बात भी कही गई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश का समर्थन करने की बात कहकर भारत के खिलाफ खेलने से मना किया था।



### पाकिस्तान ने किस तरह लिया यू-टर्न

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एलान किया था कि उनकी राष्ट्रीय टीम टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ ग्रुप चरण का मैच नहीं खेलेगी।

पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के फैसले के खिलाफ लिया था।

फैसला लेने के बावजूद पर्दे के पीछे से बातचीत चलती रही और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसिनायके तथा बीसीबी ने पाकिस्तान से बहिष्कार का फैसला वापस लेने कहा। पीसीबी की आईसीसी के साथ बैठक भी हुई थी और दबाव बढ़ता देख सोमवार की रात पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ मैच खेलने का निर्देश अपनी राष्ट्रीय टीम को दिया।

पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, बहिष्कार का फैसला वापस लेने के लिए जो भी छूट आईसीसी की तरफ से पीसीबी को मिलेगी, उसे टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा।

एक अन्य सूत्र ने कहा, बहिष्कार का फैसला वापस लेने में श्रीलंका के राष्ट्रपति की भूमिका अहम रही।

## न्यूज कॉलम

### पति स्मैक और गांजा बेचता है, पत्नी ने पुलिस कमिश्नर को वीडियो भेजकर पकड़वाया

**इंदौर।** इंदौर के मल्हारगंज इलाके की एक महिला ने अपने पति को गांजा और स्मैक बेचने के आरोप में गिरफ्तार कराया है। सोमवार को महिला ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से फोन पर बताया कि उसका पति बुद्ध किरण भिड़े कॉलेज और हॉस्टल के छात्र-छात्राओं को नशे का सामान सप्लाई करता है। महिला ने मादक पदार्थों (स्मैक-गांजा) से जुड़ा एक वीडियो भी कमिश्नर को भेजा था। वीडियो देखने के बाद कमिश्नर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सोमवार रात को पुलिस ने महालक्ष्मी नगर स्थित पान दुकान पर दबिश देकर बुद्ध किरण को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी को उसके घर भी ले गई, जहां से गांजा जब्त किया गया है। लसूड़िया पुलिस की पूछताछ में आरोपी बुद्ध किरण ने बताया कि वह सनावद के पास धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति और छोटी ग्वालटोली क्षेत्र के एक अन्य व्यक्ति से मादक पदार्थ खरीदता था। मल्हारगंज निवासी महिला पेशे से अकाउंटेंट है। उसने पुलिस कमिश्नर को बताया कि पति बड़े स्तर पर पान दुकान चलाता है। वह बीते कुछ समय से घर में तौल कांटा रखकर गांजा और नशीली पुड़ियों की बिक्री कर रहा है। मेरी दो बेटियां हैं। पति की इस गतिविधि के कारण उनकी पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

### दंपती वैष्णोदवी दर्शन के लिए गए थे घर में हो गई 60 लाख रुपये की चोरी

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक दंपती के घर से बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दंपति वैष्णोदेवी यात्रा पर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर से करीब 25 लाख रुपए के सोने के आभूषण और 35 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सोमवार को घर लौटने पर सामने आई। पुलिस के अनुसार चोरी की यह वारदात बाणेश्वरी कुंड के पीछे स्थित डागर मोहल्ले में हुई। मकान मालिक मनीषा और विनोद यादव वैष्णोदेवी यात्रा से लौटे तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। दंपती ने घर के अंदर जांच की तो अलमारी और अन्य स्थानों से करीब 25 लाख रुपए के सोने के आभूषण और 35 लाख रुपए नकद गायब पाए गए। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक विनोद यादव का रामनगर क्षेत्र में एक प्लॉट था, जिसे उन्होंने कुछ दिन पहले बेचा था। इस सौदे से उन्हें 35 लाख रुपए नकद मिले थे, जिन्हें उन्होंने नई संपत्ति खरीदने के इरादे से घर में रखे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ संदिग्धों की जानकारी सामने आई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### महू में बेरछा गांव के पास दिखे दो तेंदुए ग्रामीणों ने मोबाइल में बनाया वीडियो

**इंदौर।** महू के बेरछा गांव के पास मंगलवार सुबह दो तेंदुए दिखाई दिए। आबादी क्षेत्र के पास तेंदुओं की मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुओं का यह जोड़ा गांव के काफी पास देखा गया। सुबह के समय तेंदुओं को खुले में घूमते देख लोग सहम गए। कुछ ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन में तेंदुओं का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। ग्रामीण कपिल कौशल ने बताया कि जैसे ही तेंदुओं के दिखने की सूचना गांव में फैली, उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव के आसपास तेंदुओं की निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी जंगली जानवर गांव के पास देखे जा चुके हैं। ऐसे में वन विभाग को समय रहते कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### व्यवसायी के घर में की थी चोरी की कोशिश, पुलिस ने दबिश देकर दबोचा

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में 24 जनवरी की रात बदमाशों ने एक व्यवसायी के बंगले में घुसकर चोरी का प्रयास किया था। व्यापारी की पत्नी के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के दौरान सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच करते हुए टांडा क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी टीआई तारेश सोनी के अनुसार, कनक एवेन्यू में रहने वाले व्यवसायी अनिल जायसवाल के बंगले में तीन से अधिक बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया था। आरोपी पोर्च में घुसने के बाद दरवाजा तोड़ने लगे थे। इसी दौरान अनिल जायसवाल की पत्नी की नींद खुल गई और उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों को देखा। सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी सबसे पहले मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो आरोपी टांडा क्षेत्र के दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विक्रम चौहान की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार आरोपियों में फलिया निवासी भदरि सिंह पिता भूरेलाल ग्रेवाल, मालपुरा निवासी ग्राम खनिअंबा टांडा, धावसिंह पिता मंगरसिंह, ध्यान सिंह पिता कमरू शामिल हैं। ये आरोपी इस वारदात में शामिल पाए गए। लगातार मुखबिर की सूचना पर लसूडिया पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अनिल जायसवाल के बंगले में चोरी के प्रयास की वारदात स्वीकार की है। आरोपी वारदात के लिए बोलेरो वाहन से आए थे, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### अप्रैल से शुरू होगी डिजिटल जनगणना अब ऐप से खुद भी भर सकेंगे जानकारी

**इंदौर।** लंबे इंतजार के बाद अब देश की नई जनगणना का बिगुल बज गया है। इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के साथ ही इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार की जनगणना पहले के मुकाबले काफी अलग और हाईटेक होने वाली है। अक्सर जनगणना के समय कर्मचारियों के घर आने पर जानकारी देने में समय लगता है, लेकिन इस बार सरकार आपको स्व-गणना की सुविधा दे रही है। यानी आप ऐप के जरिए खुद अपनी और अपने मकान की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। जनगणना 2026 में हर कर्मचारी को 150 से 175 मकानों का सर्वे करना होगा। उन्हें डिजिटल फॉर्मेट में डेटा भरना होगा। इस बार डिजिटली जनगणना होने के चलते पहले से कम समय में पूरी होगी। तैयार रिपोर्ट राज्य स्तर पर कम्पाइल होकर केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

#### इंदौर में प्रदूषित पानी से अबतक 35 जानें जा चुकीं

# भागीरथपुरा में दो और मौतें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से दो और मौत हुई हैं। 75 साल के बुजुर्ग शालिग्राम ठाकुर की सोमवार रात और दो साल की बच्ची रिया की मौत मंगलवार को सुबह हुई। गंदे पानी से अब तक कुल 35 लोगों की जान जा चुकी है।

शालिग्राम की बेटी मोना बघेल ने बताया कि 2 जनवरी को उलटी-दस्त के कारण शेल्बी हॉस्पिटल में रेफर किया गया था। वहां से उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट किया। इसके बाद वे वेंटिलेटर पर ही थे। करीब 12 दिन पहले उन्हें डिस्चार्ज किया गया था।

परिजन का कहना है कि 18 साल पहले उन्हें लकवा हुआ था। इसके अलावा कोई तकलीफ नहीं थी। उधर, बॉम्बे हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि मरीज को शुरू से ही कार्डियक की तकलीफ थी। वहीं, दो साल की बच्ची रिया पिता सूरज प्रजापति की



मंगलवार सुबह 4.30 बजे मौत हुई। 27 दिसंबर को उलटी-दस्त के कारण परिजन ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में दिखाया था। इसके बाद हालत ठीक हुई, लेकिन बाद में फिर बिगड़ती गई।

15 दिन पहले रिया को चाचा नेहरू अस्पताल में एडमिट किया गया था। यहां उसके लिवर में तकलीफ बताई गई थी। इसके बाद उसे सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया, जहां करीब 5 दिन बाद उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि दूषित पानी के कारण ही तबीयत बिगड़ी और उसका असर लिवर तक हुआ।

### गुइलेन बैरे सिंड्रोम से जूझ रही महिला

57 वर्षीय एक महिला गंभीर जीबीएस (गुइलेन बैरे सिंड्रोम) से जूझ रही हैं। हालांकि इस मरीज को जीबीएस होने का स्वास्थ्य विभाग खंडन कर चुका है, लेकिन परिजन का कहना है कि इसी बीमारी के कारण उन्हें एचडीयू में एडमिट किया गया है। दरअसल, दूषित पानी के कारण इस महिला की हालत 28 दिसंबर को बिगड़ी थी। पहले उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। इसके बाद 2 जनवरी को दूसरे बड़े हॉस्पिटल में रेफर किया गया। इस तरह करीब डेढ़ माह से इलाज चल रहा है। इस बीच हालत गंभीर होने पर 20 दिन से ज्यादा समय तक वह आईसीयू, वेंटिलेटर पर भी एडमिट रही।

#### ट्रैफिक पुलिस का हेलमेट के लिए अभियान

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1351 के बनाए चालान



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर ट्रैफिक पुलिस हेलमेट को लेकर जागरूकता के साथ चालानी कार्रवाई भी कर रही है। सोमवार को सुबह से लेकर रात तक चले अभियान में पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1351 लोगों पर चालानी कार्रवाई की। साथ ही पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं।

सड़क दुर्घटना में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और लोगों में सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। साथ ही लापरवाह लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महूनाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, राजीव गांधी चौराहा सर्कल आदि अन्य चौराहों पर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इसके साथ ही अनाउंसमेंट कर लोगों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी जा रही है।

## बस की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

### सिर के ऊपर से निकला बस का पहिया, पत्नी घायल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया टोल के पास सोमवार रात चार्टर्ड बस की टक्कर से एमआईजी निवासी संतोष कुशवाह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कपूरीबाई गंभीर रूप से घायल हैं। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार देवास से इंदौर लौट रहे दंपती की एक्टिवा को बस ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए और संतोष के सिर के ऊपर से बस का पहिया निकल गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस व चालक को थाने ले गई। घायल कपूरीबाई का अरविंदो अस्पताल में इलाज जारी है।

मृतक के भाई अंकित ने बताया कि परिवार शादी समारोह से लौट रहा था और वह अलग वाहन से पीछे चल रहे थे। बस ने पहले उनकी बाइक को ओवरटेक किया और फिर संतोष की एक्टिवा को टक्कर मार दी। संतोष निजी कार्य करते थे और उनके दो बच्चे हैं।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
त्रिम्बकेश्वर - घृष्णेश्वर - परली बैजनाथ
अजंता - एलोरा - नासिक पंचवटी
त्रय ज्योतिर्लिंग यात्रा
• पहला दिनः रात्रि 8:00 बजे इंदौर से अजंता गुफा के लिए प्रस्थान
• दूसरा दिन : प्रातः काल अजंता क्षेत्र आगमन स्नान नाश्ता एवं भ्रमण भोजन पश्च्यात एलोरा एवं घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान, क्षेत्र भ्रमण पश्चात परली बैधनाथ प्रस्थान
• तीसरा दिन : परली बैजनाथ दर्शन उपरांत शनि शिंग्नापुर हेतु प्रस्थान दर्शन उपरांत त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम
• चौथा दिनः त्रिंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन, नासिक पंचवटी भ्रमण इंदौर की ओर प्रस्थान
Facilities
• चयनित जगह होटल विश्राम
• अनुभवी गाइड सेवा
• दोनों समय भोजन एवं एक समय चाय नाश्ता
• स्लीपर बस सुविधा
यात्रा शुल्क 6,000 रु प्रति सवारी
मध्य भारत की सबसे पुरानी एवं अनुभवी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
सभी प्रवेश टिकट, स्मारक शुल्क और अन्य व्यक्तिगत खर्चे यात्रियों द्वारा सीधे भुगतान किए जाएंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com